2. जेपीसी की स्थापना संसद के एक सदन में पारित और दूसरे द्वारा सहमति प्रस्ताव द्वारा की जाती है।
3. संसद जेपीसी की सदस्यता और विषयों पर निर्णय लेती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

111. राम सेतु के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह उथले समुद्र को अलग करता है जिसमें दक्षिण में मन्नार की खाड़ी और उत्तर में पाक की खाड़ी शामिल है।
2. यह एक रेखीय प्रवाल कटक है जो तमिलनाडु में रामेश्वरम और श्रीलंका में थलाइमन्नार के बीच स्थित है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

112. प्रवाल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रवाल पॉलीप्स सूक्ष्म शैवाल, जूजेंथलाई के साथ एक सहजीवी संबंध साझा करते हैं।
2. चारों ओर से समुद्र से घिरे मध्य-महासागरीय कटकों पर बनी वृत्ताकार या अंडाकार भित्तियों को अवरोधक भित्तियों के रूप में जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

113. स्टारलिंक, जिसे कभी-कभी समाचारों में देखा जाता है निम्नलिखित में से किसकी एक पहल है?

A. इसरो
B. नासा
C. ब्लू ओरिजिन
D. स्पेसएक्स

114. पार्टियों के 27 वें सम्मेलन (COP27) के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एक शमन कार्य कार्यक्रम शुरू किया गया था जो प्रति वर्ष कम से कम दो वैश्विक संवादों के साथ वर्ष 2030 तक जारी रहेगा।
2. विकासशील देशों में जलवायु प्रौद्योगिकी समाधानों को बढ़ावा देने के लिये एक नया पंचवर्षीय कार्यक्रम शुरू किया गया था।
3. अफ्रीकी कार्बन बाज़ार पहल (एसीएमआई) अफ्रीका में कार्बन क्रेडिट उत्पादन का समर्थन करने के लिये शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

115. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. निजता के अधिकार को अनुच्छेद 19 के अभिन्न अंग के रूप में माना और संरक्षित किया जाता है।
2. सर्वोच्च न्यायालय के वर्ष 2017 के पुट्टास्वामी फैसले ने निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में घोषित किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

116. नकद आरक्षित अनुपात (CRR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. CRR के तहत, आरक्षित नकदी या तो RBI को भेजी जाती है या बैंक की तिजोरी में जमा हो जाती है।
2. बैंक कॉरपोरेट्स को CRR का पैसा उधार दे सकते हैं लेकिन निवेश के उद्देश्य से इसका इस्तेमाल नहीं कर सकते।
3. CRR के पैसे पर बैंक द्वारा कोई ब्याज अर्जित नहीं किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

117. रोगाणुरोधी प्रतिरोध (AMR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सुपरबग एक शब्द है जिसका उपयोग उन सूक्ष्मजीवों को संदर्भित करने के लिये किया जाता है जो AMR विकसित करते हैं।
2. भारत के रेड-लाइन अभियान के तहत, एंटीबायोटिक दवाओं के तर्कहीन उपयोग की जाँच करने के लिये केवल एंटीबायोटिक दवाओं को लाल रेखा से चिह्नित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

118. मेक इन इंडिया कार्यक्रम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भागीदारी के लिये विश्व के निवेशकों और भागीदारों को आमंत्रित करता है।
2. इसका लक्ष्य वर्ष 2022 तक 100 मिलियन अतिरिक्त रोज़गार सृजित करना।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

119. राष्ट्रीय आत्महत्या रणनीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इसकी घोषणा की है।
2. इसका लक्ष्य 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर में 10% की कमी लाना है।
3. यह मनोरोग बाह्य रोगी विभागों की स्थापना करके आत्महत्या रोकथाम सेवाएँ प्रदान करना चाहता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. 1 और 2 केवल
B. 2 और 3 केवल
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

120. आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पुलिस को दोषियों के शारीरिक और जैविक नमूने लेने के लिये कानूनी मंजूरी प्रदान करता है लेकिन अपराधों के आरोपियों के लिये नहीं।
2. इस अधिनियम के अनुसार, "माप" का रिकॉर्ड राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (National Crime Records Bureau- NCRB) द्वारा 75 वर्ष तक संरक्षित किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

121. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नवतेज सिंह जौहर मामले, 2018 में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने भारतीय दंड संहिता की धारा 377 को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया, जिसने समलैंगिकता को अप्राकृतिक अपराध के रूप में परिभाषित किया था।
2. नवतेज सिंह जौहर मामले के फैसले के अनुसार अनुच्छेद 14 LGBTQIA+ सहित भारत के सभी नागरिकों पर लागू होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

122. प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसने वर्ष 1992 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 की स्थापना के साथ पूँजीगत मुद्दों के नियंत्रण को बदल दिया।
2. यह प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (SAT) जिसमें एक पीठासीन अधिकारी और दो अन्य सदस्य होते हैं, उन संस्थाओं के हितों की रक्षा करता है जो SEBI के फैसले से व्यथित महसूस करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

123. किसानों एवं भूमिहीन खेतिहर मज़दूरों हेतु एक सहायता योजना, 'कालिया' (Krushak Assistance for Livelihood and Income Augmentation- KALIA) किस राज्य द्वारा शुरु की गई थी?

A. ओडिशा

B. केरल

C. मध्य प्रदेश

D. हिमाचल प्रदेश

124. मॉडल लैंड लीजिंग एक्ट, 2016 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह अधिनियम कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिये आपसी सहमति से जमींदार द्वारा भूमि को पट्टे पर देने का प्रावधान करता है।
2. मकान मालिक और पट्टाधारक के बीच विवादों को सुलझाने के लिये विशेष भूमि न्यायाधिकरण बनाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

125. 'फिट फॉर 55 पैकेज' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा जारी किया गया था।
2. इसका उद्देश्य छोटे व्यवसायों और कम आय वाले नागरिकों के लिये सामाजिक जलवायु कोष का निर्माण है।
3. यह इमारतों और सड़क परिवहन के लिये एक 'उत्सर्जन व्यापार प्रणाली' (ETS) बनाने का प्रयास करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. 1, 2 और 3

D. केवल 1 और 3

126. वैश्विक भुखमरी सूचकांक, 2022 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत का प्रदर्शन खराब रहा और 121 देशों में 107वाँ स्थान हासिल किया।
2. यह चार घटकों पर आधारित है, जैसे कि अल्पपोषण, चाइल्ड स्टंटिंग, चाइल्ड वेस्टिंग और बाल मृत्यु दर।
3. GHI संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) द्वारा तैयार की गई एक वार्षिक रिपोर्ट है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

127. केंद्रीय सूचना आयोग (CIC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के प्रावधानों के तहत स्थापित किया गया था।
2. CIC के सदस्य आयोग में पुनर्नियुक्ति के लिये पात्र हैं।
3. समन करने और दस्तावेज़ की आवश्यकता के संबंध में CIC के पास सिविल कोर्ट की शक्तियाँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. 1 और 2 केवल

B. 2 और 3 केवल

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

128. निम्नलिखित में से कौन समूह G20 का सदस्य राष्ट्र नहीं है?

A. संयुक्त राज्य अमेरिका

B. स्पेन

C. युनाइटेड किंगडम

D. जर्मनी

129. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का भाग XV में भारत निर्वाचन आयोग (ECI) की स्थापना का प्रावधान है।
2. ECI एक बहु-सदस्यीय निकाय है जिसमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) और दो चुनाव आयुक्त शामिल हैं।
3. ECI को राज्य स्तर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी (IAS रैंक का एक अधिकारी) द्वारा मदद की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. 1 और 2 केवल

B. 2 और 3 केवल

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

130. भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत को ऑस्ट्रेलिया की 100% टैरिफ लाइनों पर अधिमान्य बाज़ार तक पहुँच प्रदान करता है।
2. समझौते के तहत STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) से संबंधित भारतीय स्नातकों को अध्ययन के बाद विस्तारित कार्य वीज़ा दिया जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

131. निम्नलिखित में से कौन-सा हेडकाउंट अनुपात को सबसे अच्छी तरह से परिभाषित करता है?

A. गरीबी रेखा से नीचे की आबादी का अनुपात

B. बुनियादी मानव आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं का अनुपात

C. गरीबी रेखा से ऊपर की आबादी का अनुपात

D. बुनियादी मानव आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये आवश्यक आय का अनुपात

132. प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) की एक प्रमुख पहल है।
2. इसके प्रमुख घटकों में लघु अवधि का प्रशिक्षण, विशेष परियोजनाएँ, पूर्व शिक्षा की मान्यता, कौशल और रोज़गार मेला शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

133. निम्नलिखित में से किसने जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) का विधान बनाया है?

A. संयुक्त राज्य अमेरिका
B. भारत
C. यूरोपीय संघ
D. ऑस्ट्रेलिया

134. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्रिटिश शासन के दौरान अविभाजित असम में वर्तमान नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश और मेघालय शामिल थे।
2. मेघालय को वर्ष 1969 में अपनी स्वयं की विधायिका और मंत्रिपरिषद के साथ असम के भीतर एक 'स्वायत्त राज्य' के रूप में बनाया गया था।
3. वर्ष 1972 में मेघालय को असम राज्य से अलग कर बनाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. 1 और 2 केवल
B. 2 और 3 केवल
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

135.. हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा (Indo-Pacific Economic Framework- IPFE) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करने के लिये संयुक्त राज्य अमेरिका के नेतृत्त्व में एक पहल है।
2. यह एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है जो व्यापार करने में आसानी प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

136. ओवर-द-टॉप (OTT) प्लेटफॉर्म के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

A. OTT सेवा प्रदाताओं को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 द्वारा विनियमित किया जाता है।
B. नियामक नियमों में OTT प्लेटफॉर्म के लिये त्रि-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र का प्रावधान है।
C. OTT प्लेटफॉर्म को अपनी सामग्री को तीन श्रेणियों में वर्गीकृत करना आवश्यक है- U (यूनिवर्सल), U/A 13 वर्ष और A (वयस्क)।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

1. केवल 1 और 2
2. केवल 2 और 3
3. केवल 1 और 3
4. 1, 2 और 3

137. आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचे के लिये गठबंधन (CDRI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत सरकार द्वारा एक वैश्विक पहल है इसका उद्देश्य जलवायु और आपदा जोखिमों के लिये बुनियादी ढाँचे की प्रणालियों के लचीलेपन को बढ़ाना है।
2. इसे वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में लॉन्च किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

138. निम्नलिखित में से किस मंत्रालय ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना शुरू की है?

1. आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय
2. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
3. गृह मंत्रालय
4. सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम मंत्रालय

139. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

- सतत् विकास रिपोर्ट (SDR) सतत् विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) द्वारा प्रकाशित की जाती है।
- SDR 2022 के अनुसार 163 देशों में से भारत 121वें स्थान पर है।
- SDG सूचकांक 2022 में फिनलैंड शीर्ष स्थान पर रहा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

140. मिशन इंद्रधनुष के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

A. इसे ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रमुख योजनाओं में से एक के रूप में पहचाना गया है।

B. यह सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के तहत बिना टीकाकरण या आंशिक रूप से टीकाकरण वाले बच्चों को 12 वैक्सीन-प्रिवेंटेबल डिज़ीज़ (VPD) के खिलाफ टीकाकरण प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

141. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. व्यापार सुविधा समझौता (TFA) को विश्व व्यापार संगठन (WTO) के एक तिहाई सदस्यों के अनुसमर्थन से लागू किया गया था।
2. भारत ने WTO के व्यापार सुविधा समझौते (TFA) की पुष्टि कर दी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

142. निम्नलिखित में से किस संगठन ने विश्व खाद्य कार्यक्रम की स्थापना की?

A. FAO और UNDP
B. FAO और UNGA
C. FDA और UNGA
D. FDA और UNDP

143. भारत के संविधान के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 26 नवंबर को मनाया जाता है, इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है।
2. भारत के संविधान को औपचारिक रूप से 26 जनवरी, 1950 को भारत की संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

144. पेरिस समझौते के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे वर्ष 2015 में COP21 के दौरान अपनाया गया तथा इसने क्योटो प्रोटोकॉल को प्रतिस्थापित किया।
2. पेरिस समझौते के अनुसार, देश अपनी दीर्घकालिक कम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन विकास रणनीतियाँ (LT-LEDS) प्रस्तुत करते हैं जो अनिवार्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

145. जनहित याचिका (PIL) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. PIL की अवधारणा अमेरिकी न्यायशास्त्र से ली गई है।
2. अनुच्छेद 39A जनहित याचिका की अवधारणा के अनुरूप त्वरित सामाजिक न्याय के संरक्षण और वितरण का प्रावधान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

146. भारत सरकार (GOI) अधिनियम 1935 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें 325 खंड और 10 अनुसूचियाँ शामिल थीं और यह ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित सबसे लंबा अधिनियम था।
2. भारत सरकार अधिनियम 1935 द्वारा केंद्र में द्वैध शासन और भारत संघ की स्थापना का सुझाव दिया गया था।
3. इस अधिनियम द्वारा राज्यपाल के कार्यालय की स्थापना की गई और केंद्र के सभी अधिकार एवं शक्तियाँ राज्यपाल में निहित कर दी गईं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. 1 और 2 केवल
B. 2 और 3 केवल
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

147. पैंगोंग त्सो के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. चीन और भारत के पास पैंगोंग त्सो झील का क्रमश: लगभग एक-तिहाई और दो-तिहाई हिस्सा है।
2. यह दुनिया की सबसे अधिक ऊँचाई पर स्थित झीलों में से एक है जिसका जल खारा है। इसका जल नीले से हरे और फिर लाल रंग में बदल जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

148. आवश्यक सेवा संरक्षण अधिनियम (ESMA), 1968 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत ESMA, 1968 का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति को पुलिस बिना किसी वारंट के
2. गिरफ्तार कर सकती है।
3. यह अधिनियम भारतीय संविधान की 7वीं अनुसूची में राज्य सूची का विषय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

149. घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह कानूनी प्रक्रियाओं के साथ महिलाओं की सहायता हेतु संरक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की अनुमति देता है।
2. घरेलू घटना रिपोर्टे साक्ष्य लेने के चरण में महत्त्वपूर्ण रिकॉर्ड के रूप में काम करेंगी।
3. इस अधिनियम के अनुसार पति की महिला रिश्तेदार द्वारा पत्नी के खिलाफ शिकायत दर्ज़ नहीं की जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

150. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कुल प्रजनन दर में राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट देखी गई है।
2. बिहार और मेघालय ने देश में उच्चतम प्रजनन दर का प्रदर्शन किया।
3. सिक्किम और गोवा सबसे कम प्रजनन दर प्रदर्शित किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. 1 और 2 केवल
B. 2 और 3 केवल
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

151. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम प्रणाली में भारत के मुख्य न्यायाधीश और न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश शामिल होते हैं।
2. उच्च न्यायलय कॉलेजियम का नेतृत्त्व उच्च न्यायालय के पदग्राही मुख्य न्यायाधीश और उस न्यायालय के तीन अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश करते हैं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

152. बाजरा (मिलेट) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी खेती समशीतोष्ण, उष्णकटिबंधीय और उप-उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों व शुष्क क्षेत्रों में की जाती है।
2. इन अनाजों के सर्वप्रथम प्रमाण सिंधु सभ्यता में पाए गए थे।
3. राजस्थान भारत में बाजरा के सबसे बड़े उत्पादकों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. 1, 2 और 3

D. केवल 1 और 3

153. किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसने हिंदू दत्तक ग्रहण और रखरखाव अधिनियम (1956) और वार्ड के संरक्षक अधिनियम (1890) को सार्वभौमिक रूप से सुलभ दत्तक ग्रहण कानून प्रदान करने के लिये प्रतिस्थापित किया।
2. गोद लेने से संबंधित मामलों के लिये एक सांविधिक निकाय, केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (CARA) की स्थापना की गई थी।
3. सभी बाल देखभाल संस्थानों (CCI) को अनिवार्य रूप से इस अधिनियम के तहत पंजीकृत होने की आवश्यकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

154. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन के संबंध में दायित्वों को पूरा करने के लिये विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 को भारत में अधिनियमित किया गया था।
2. अनुच्छेद 41 दिव्यांग व्यक्तियों के लिये काम, शिक्षा और सार्वजनिक सहायता के अधिकार को सुरक्षित करने का प्रावधान करता है।
3. 'दिव्यांगजनों और बेरोज़गारों को राहत' भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची की समवर्ती सूची के तहत उल्लिखित एक विषय वस्तु है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

155. कभी-कभी समाचारों में देखा जाने वाला ECO निवास संहिता 2018 में निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया?

A. आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

B. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

C. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

D. ऊर्जा मंत्रालय

नोट :

156. राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजियें:

1. यह राज्य स्तरीय साइबर सुरक्षा नीतियों के विकास के लिये ज़िम्मेदार है।
2. इसमें डिजिटल भुगतान से संबंधित प्लेटफार्मों की मैपिंग और मॉडलिंग शामिल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

157. ग्लोबल शील्ड फंड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे COP27 में गरीब देशों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने में मदद करने के लिये G20 राष्ट्र द्वारा लॉन्च किया गया है।
2. वित्त पोषण पहल को जलवायु-संवेदनशील देशों के V20 समूह का समर्थन प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

158. वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (Global Multidimensional Poverty Index- MPI) निम्नलिखित में से किसके द्वारा शुरू किया गया था?

A. OPHI और UNDP
B. OPHI और UNGA
C. UNDP और UNGA
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

159. जीएम सरसों (DMH-11) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर जेनेटिक मैनिपुलेशन ऑफ क्रॉप प्लांट्स (CGMCP) में एक स्वदेशी रूप से विकसित हर्बिसाइड टॉलरेंट (HT) सरसों है।
2. उच्च उपज वाले DMH-11 का उत्पादन करने के लिये मिट्टी के जीवाणु से अलग किए गए दो विदेशी जीन- 'बार्नेज' और 'बारस्टार' का प्रयोग किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

160. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके सदस्यों का चुनाव संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा किया जाता है।
2. मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र आयोग को UNHRC द्वारा प्रतिस्थापित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

161. भारत अंतर्राष्ट्रीय चेरी ब्लॉसम महोत्सव निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?

A. मेघालय

B. मिज़ोरम

C. नगालैंड

D. अरुणाचल प्रदेश

162. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. WTO की दोहा घोषणा, 2001 के साथ बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापारिक पहलु (TRIPS) समझौते के तहत अनिवार्य लाइसेंसिंग का प्रावधान अस्तित्त्व में आया।
2. केंद्र सरकार भारतीय पेटेंट अधिनियम, 1970 के अनुसार आपात स्थिति में किसी भी समय अनिवार्य लाइसेंस जारी करने की अनुमति दे सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

163. भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) की निपटान प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. व्यापार का निपटान दो कार्य दिवसों में होता है तथा T+2 निपटान प्रणाली के मामले में तीसरे दिन तक राशि निवेशक के खाते में आ जाती है।
2. व्यापार का निपटान एक कार्य दिवस में होता है तथा टी+1 निपटान प्रणाली के मामले में निवेशक को दूसरे दिन पैसा मिलता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

164. विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अधिनियम के तहत, विदेशी लेनदेन से जुड़े सभी लेनदेन को पूंजीगत और चालू खाता लेनदेन के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. पूंजी खाता लेनदेन भारत के बाहर किसी व्यक्ति की संपत्ति को नहीं बदलता है जबकि चालू खाता लेनदेन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

165. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत की आधिकारिक भाषाओं को संविधान के भाग XVII में सूचीबद्ध किया गया है।
2. अनुच्छेद 351 हिंदी भाषा के प्रसार का प्रावधान करता है ताकि यह अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में कार्य कर सके।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

166. निम्नलिखित में से कौन-सा एक निष्क्रिय कोविड -19 वैक्सीन है?

A. कोवैक्सीन

B. कॉर्बवैक्स

C. कोविशील्ड

D. स्पुतनिक V

167. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है।
2. यह भारत का पहला टाइगर रिज़र्व है जिसमें 'भूरसिंह द बारहसिंगा' शुरू किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

168. जैव ईंधन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पहली पीढ़ी के जैव ईंधन खाद्य स्रोतों से प्राप्त होते हैं और दूसरी पीढ़ी के जैव ईंधन शैवाल जैसे सूक्ष्म जीवों से उत्पन्न होते हैं।
2. बायोगैस का निर्माण मानव और पशु मल जैसे कार्बनिक पदार्थों के अवायवीय अपघटन के माध्यम से होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

169. "युवा उभार (Youth bulge)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह विकासशील देशों विशेष रूप से सबसे कम विकसित देशों में एक आम घटना है।
2. यह शिशु मृत्यु दर में गिरावट लेकिन माताओं में उच्च प्रजनन दर के कारण होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

## व्याख्या

1 B

व्याख्या:

### आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग (EWS) आरक्षण:

- 10% EWS कोटा 103वें संविधान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत अनुच्छेद 15 और 16 में संशोधन करके पेश किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - संशोधन के माध्यम से भारतीय संविधान में अनुच्छेद 15 (6) और अनुच्छेद 16 (6) सम्मिलित किया गया।
- यह आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों (EWS) हेतु शिक्षा संस्थानों में नौकरियों और प्रवेश में आर्थिक आरक्षण के लिये है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST) और सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों (SEBC) के लिये 50% आरक्षण नीति द्वारा कवर नहीं किये गए गरीबों के कल्याण को बढ़ावा देने हेतु अधिनियमित किया गया था।
- यह केंद्र और राज्यों दोनों को समाज के EWS को आरक्षण प्रदान करने में सक्षम बनाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

2 C

व्याख्या:

- नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (CAA) पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से छः गैर-मुस्लिम समुदायों (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) को धर्म के आधार पर नागरिकता प्रदान करता है, जिन्होंने भारत में 31 दिसंबर, 2014 या उससे पहले प्रवेश किया था। ।
- यह इन छः समुदायों के सदस्यों को विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट अधिनियम, 1920 के तहत किसी भी आपराधिक मामले से छूट देता है।
  - दोनों अधिनियम अवैध रूप से देश में प्रवेश करने और वीजा या परमिट के समाप्त हो जाने पर यहाँ रहने के लिये दंड निर्दिष्ट करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 (CAA) 1985 के असम समझौते का खंडन करता है, जिसके अनुसार 25 मार्च, 1971 के बाद बांग्लादेश से आने वाले अवैध प्रवासियों को, चाहे वे किसी भी धर्म के हों, निर्वासित कर दिये जाएंगे। **अतः कथन 2 सही है।**

3 A

व्याख्या:

- धारा सरसों हाइब्रिड (DMH-11) एक स्वदेशी रूप से विकसित ट्रांसजेनिक सरसों है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह हर्बिसाइड टॉलरेंट (HT) सरसों का आनुवंशिक रूप से संशोधित संस्करण है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें दो एलियन जीन ('बार्नेज' और 'बारस्टार') होते हैं जो बैसिलस एमाइलोलिफेशियन्स नामक मिट्टी के जीवाणु से आइसोलेट होते हैं जो उच्च उपज वाली वाणिज्यिक सरसों की संकर प्रजाति विकसित करने में सहायक है।
- इसे दिल्ली विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर जेनेटिक मैनिपुलेशन ऑफ क्रॉप प्लांट्स (CGMCP) द्वारा विकसित किया गया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

4 D

व्याख्या:

- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है, इसका विधिवत गठन मार्च 2009 में किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- राघवन समिति की सिफारिशों पर एकाधिकार और प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार अधिनियम, 1969 (MRTP अधिनियम) को निरस्त कर दिया गया और प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 द्वारा प्रतिस्थापित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

5 D

व्याख्या:

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB):
  - केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का गठन एक सांविधिक संगठन के रूप में जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के अंतर्गत सितंबर 1974 को किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसके पश्चात् केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के अंतर्गत शक्तियाँ व कार्य सौंपे गए। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह बोर्ड पर्यावरण (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अंतर्गत पर्यावरण एवं वन मंत्रालय को तकनीकी सेवाएँ भी उपलब्ध कराता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

- केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के प्रमुख कार्य:
  - जल प्रदूषण की रोकथाम, नियंत्रण और उपशमन द्वारा राज्यों के विभिन्न क्षेत्रों में नालों और कुओं की सफाई को प्रोत्साहित करना।
  - वायु की गुणवत्ता में सुधार करना और देश में वायु प्रदूषण को रोकना, नियंत्रित करना।

6 A

व्याख्या:

- भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 375 उन कृत्यों को परिभाषित करती है जो पुरुष द्वारा बलात्कार को परिभाषित करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - वर्ष 2013 में धारा 53 A को भारतीय साक्ष्य अधिनियम में जोड़ा गया था, जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि "किसी भी व्यक्ति के साथ पीड़िता के चरित्र या उसके पिछले यौन अनुभव का सबूत यौन अपराधों के अभियोजन में सहमति या सहमति की गुणवत्ता के मुद्दे के लिये प्रासंगिक नहीं होगा"।
  - वर्ष 2022 में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया था कि कथित बलात्कार पीड़ितों पर 'टू-फिंगर टेस्ट' करने वालों को कदाचार का दोषी ठहराया जाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

7 C

व्याख्या:

- जनवरी 2019 में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम की शुरुआत की गई। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह पहली बार है जब देश में वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिये एक राष्ट्रीय ढांचा तैयार किया गया है जिसमें प्रदूषण संबंधी समस्या में कमी लाने की समय सीमा तय की गई है।
- इसका उदेश्य अगले पाँच वर्षों में मोटे (व्यास 10 माइक्रोमीटर या उससे कम, या PM10 के कण पदार्थ) और महीन कणों (व्यास 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम, या PM2.5 के कण पदार्थ) की सांद्रता में कम से कम 20% की कटौती करना है जिसकी शुरुआत में आधार वर्ष के तौर पर वर्ष 2017 को माना गया है।
- इसके अंतर्गत 132 गैर-प्राप्ति वाले शहर शामिल हैं जिनकी पहचान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

8 B

व्याख्या:

- ये सूर्य की सतह पर ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ से तेज़ सौर हवा अंतरिक्ष में फैलती है।
  - इन क्षेत्रों में चुंबकीय क्षेत्र इंटरप्लेटरी स्पेस के लिये खुला होता है, जिससे सौर सामग्री तीव्र धारा और गति के साथ सौर तूफ़ान में परिवर्तित हो जाती है जिसे भू-चुंबकीय तूफान कहा जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- इन धब्बों को 'कोरोनल होल' कहा जाता है, जो पराबैंगनी प्रकाश में देखे जा सकते हैं लेकिन आमतौर पर इन्हें सामान्य आँखों से नहीं देखा जा सकता। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- उनका तापमान कम होता है और वे अपने परिवेश की तुलना में बहुत गहरे दिखाई देते हैं क्योंकि उनमें सौर सामग्री बहुत कम होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कोरोनल होल कुछ हफ्तों से लेकर महीनों तक रह सकते हैं।

9 A

व्याख्या:

- मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (ASHA) कार्यक्रम:
  - भारत ने राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (NRHM) के एक भाग के रूप में वर्ष 2005-06 में आशा कार्यक्रम (ASHA programme) शुरू किया था। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

  - वर्ष 2013 में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (NUHM) के शुभारंभ के साथ इस कार्यक्रम का विस्तार शहरी क्षेत्र में भी कर दिया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- आशा कार्यकता 25-45 आयु वर्ग की एक सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता होती है जो स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच में कठिनाई अनुभव करने वाले ग्रामीण आबादी के वंचित वर्गों (महिलाओं और बच्चों सहित) की किसी भी स्वास्थ्य संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये संपर्क के पहले बिंदु के रूप में कार्य करती है।
- आशा कार्यकर्त्ता उसी गाँव की होती है जहाँ वह अपनी सेवा देती है। इससे परिचय, बेहतर सामुदायिक संबंध और स्वीकृति की एक भावना सुनिश्चित होती है।
- आमतौर पर 'प्रति 1000 जनसंख्या पर 1 आशा कार्यकर्त्ता' कार्यरत होती है। यद्यपि जनजातीय, पहाड़ी और रेगिस्तानी क्षेत्रों में कार्य के बोझ के आधार पर इस मानदंड में '1 आशा प्रति बस्ती' तक छूट भी दी जा सकती है।
- 'आशा' में निहित 'कार्यकर्त्ता' शब्द का उद्देश्य यह दर्शाना है कि यह स्वास्थ्य प्रणाली में समुदाय की प्रतिनिधि हैं, न कि समुदाय में कार्यरत सबसे निचले स्तर की सरकारी कार्यकर्त्ता (जैसा कि पूर्ववर्ती 'सामुदायिक स्वास्थ्य स्वयंसेवक' को समझा जाता था)। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

10 D

व्याख्या:

- उत्सर्जन गैप रिपोर्ट 2022:
  - COP27 से पहले संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) ने उत्सर्जन गैप रिपोर्ट 2022: द क्लोज़िंग विंडो- क्लाइमेट क्राइसिस कॉल्स फॉर रैपिड ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ सोसाइटीज़' शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - निष्कर्ष:
    - शीर्ष 7 उत्सर्जक (चीन, EU27, भारत, इंडोनेशिया, ब्राज़ील, रूसी संघ और संयुक्त राज्य अमेरिका) के साथ अंतर्राष्ट्रीय परिवहन की वर्ष 2020 में वैश्विक GHG उत्सर्जन में 55% भागीदारी रही। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इन देशों में GHG उत्सर्जन वर्ष 2021 में फिर से बढ़ गया, जो कि महामारी पूर्व (वर्ष 2019) के स्तर से अधिक है।
    - सामूहिक रूप से, G20 सदस्य देश वैश्विक GHG (ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन) उत्सर्जन के 75% के लिये ज़िम्मेदार हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
    - वर्ष 2020 में औसत प्रति व्यक्ति वैश्विक GHG उत्सर्जन 6.3 टन $CO_2$ समतुल्य ($tCO_2e$) था।
    - भारत विश्व औसत 2.4 $tCO_2e$ से काफी नीचे है।
    - विश्व वर्ष 2015 में अपनाए गए पेरिस जलवायु समझौते में निर्धारित लक्ष्यों से पीछे रहा है, जिससे 1.5 डिग्री सेल्सियस के लक्ष्य तक पहुँचने का कोई विश्वसनीय मार्ग नहीं दिख रहा है।
    - पेरिस समझौते ने पूर्व-औद्योगिक स्तर (अधिमानतः 1.5 डिग्री सेल्सियस) से ऊपर 2 डिग्री सेल्सियस की ग्लोबल वार्मिंग सीमा को परिभाषित किया, जिसे पार करने पर अत्यधिक हीटवेब, सूखा, जल का अभाव आदि जैसी चरम मौसमी घटनाएँ हो सकती हैं।
    - COP26 (ग्लासगो, यूके) के बाद से राष्ट्रीय प्रतिज्ञाएँ 2030 उत्सर्जन की भविष्यवाणी करने के लिये एक नगण्य अंतर बनाती हैं।

11 D

व्याख्या:

- वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) एक व्यापक, बहु-स्तरीय, गंतव्य-आधारित कर है जो प्रत्येक मूल्य वर्धन पर लगाया जाता है।
- जीएसटी पूरे देश के लिये एक अप्रत्यक्ष कर है। इसके प्रावधान:
  - उत्पाद शुल्क, सेवा कर आदि को कवर करने के लिये केंद्रीय जीएसटी। VAT, लक्ज़री टैक्स आदि को कवर करने के लिये राज्य जीएसटी में शामिल है।
  - अंतर-राज्यीय व्यापार को कवर करने के लिये एकीकृत जीएसटी। आईजीएसटी कोई कर नहीं है, बल्कि राज्य और केंद्रीय करों के समन्वय की प्रणाली है।

नोट :

- अनुच्छेद 246A राज्यों को जीएसटी के संबंध में कानून बनाने की शक्ति प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**।

- जीएसटी परिषद
  - अनुच्छेद 279A के अनुसार जीएसटी परिषद का गठन राष्ट्रपति द्वारा जीएसटी के प्रशासन और शासन के लिये किया गया है। इसके अध्यक्ष भारत के केंद्रीय वित्त मंत्री हैं, जिसमें राज्य सरकारों द्वारा नामित मंत्री इसके सदस्य हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

12 A

व्याख्या:

- GM फसलों के जीन कृत्रिम रूप से संशोधित किये जाते हैं, आमतौर इसमें किसी अन्य फसल से आनुवंशिक गुणों जैसे- उपज में वृद्धि, खरपतवार के प्रति सहिष्णुता, रोग या सूखे से प्रतिरोध, या बेहतर पोषण मूल्य का समामेलन किया जा सके।
  - तकनीक को "पुन: संयोजक DNA प्रौद्योगिकी" या "जेनेटिक इंजीनियरिंग" कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2002 में GEAC ने आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे 6 राज्यों में व्यावसायिक खेती के लिये BT कपास को मंजूरी दी। यह ध्यान दिया जाना चाहिये कि BT कपास GEAC द्वारा अनुमोदित पहली और एकमात्र ट्रांसजेनिक फसल है।
- Bt बैंगन को वर्ष 2009 में जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) द्वारा व्यावसायीकरण के लिये मंजूरी दी गई थी, पर्यावरण और वन मंत्रालय ने वर्ष 2010 में इसकी मंजूरी पर रोक लगा दी थी जब तक कि वैज्ञानिक अध्ययन मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर इसके दीर्घकालिक प्रभाव के दृष्टिकोण से उत्पाद की सुरक्षा स्थापित नहीं करते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

13 D

व्याख्या:

- वर्ष 2022 में प्रारंभ के साथ अंतर्राष्ट्रीय बायोस्फीयर रिज़र्व दिवस 3 नवंबर को मनाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है ।**
- वर्तमान में 134 देशों में 738 बायोस्फीयर रिज़र्व हैं।
- भारत के 12 बायोस्फीयर रिज़र्व हैं जिन्हें मैन एंड बायोस्फीयर रिज़र्व कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई है:
  - नीलगिरी (सबसे पहले शामिल किया गया)
  - मन्नारी की खाड़ी
  - सुंदरबन
  - नंदा देवी
  - नोकरेक
  - पचमढ़ी
  - सिमलीपाल
  - अचानकमार - अमरकंटक
  - ग्रेट निकोबार
  - अगस्त्यमला
  - खंगचेंदजोंगा, (2018 में मैन एंड बायोस्फीयर रिज़र्व प्रोग्राम के तहत जोड़ा गया)
  - पन्ना, मध्य प्रदेश(हाल ही में सम्मिलित किया गया)
- **अत: कथन 2 सही है।**
- बांग्लादेश, भूटान और नेपाल में अभी तक बायोस्फीयर नहीं है, लेकिन इस दिशा में काम किया जा रहा है: बायोस्फीयर रिज़र्व की स्थापना और प्रबंधन को आगे बढ़ाने के लिये 'दक्षिण और मध्य एशिया AMB रिज़र्व' नेटवर्किंग मीटिंग (जहाँ AMB का मतलब मैन एंड द बायोस्फीयर है) की योजना वर्ष 2023 के लिये निर्धारित है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

14 A

व्याख्या:

- LVM3 (LVM3 or GSLV Mark 3), न्यू स्पेस इंडिया लिमिटेड (NSIL), एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (CPSE) के तहत विदेशी ग्राहक वनवेब के लिये समर्पित वाणिज्यिक मिशन है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह लो अर्थ ऑर्बिट में 36 वनवेब उपग्रह वाला (5,796 किलोग्राम के बजन के साथ सबसे भारी पेलोड द्रव्यमान के रूप में) LVM3 का अब तक का पहला बहु-उपग्रह मिशन है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह नवीनतम रॉकेट 4,000 किलोग्राम वर्ग के उपग्रहों को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट (GTO) में और 8,000 किलोग्राम पेलोड को LEO में लॉन्च करने में सक्षम है।
- यह तीन चरणों वाला प्रक्षेपण यान है, जिसके किनारों पर दो ठोस प्रणोदक S200 स्ट्रैप-ऑन हैं और कोर चरण में L110 तरल चरण तथा C25 क्रायोजेनिक चरण शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

15 D

व्याख्या:

- बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) पहल चीन द्वारा प्रस्तावित एक महत्त्वाकांक्षी आधारभूत ढाँचा विकास एवं संपर्क परियोजना है जिसका लक्ष्य चीन को सड़क, रेल एवं जलमार्गों के माध्यम से यूरोप, अफ्रीका और एशिया से जोड़ना है। बीआरआई करीब 150 देशों (चीन का दावा) में फैला है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह कनेक्टिविटी पर केंद्रित चीन की एक रणनीति है, जिसके माध्यम से सड़कों, रेल, बंदरगाह, पाइपलाइनों और अन्य बुनियादी सुविधाओं को ज़मीन एवं समुद्र से होते हुए एशिया, यूरोप और अफ्रीका से जोड़ने की कल्पना की गई है।
- परियोजना में दो भाग शामिल हैं।
    - न्यू सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट: इसमें चीन के उत्तर में व्यापार और निवेश केंद्र शामिल हैं; जिसमें म्याँमार एवं भारत के माध्यम से यूरेशिया तक पहुँच बनाना है।
    - मैरीटाइम सिल्क रोड (MSR): यह दक्षिण चीन सागर से शुरू होकर भारत-चीन, दक्षिण-पूर्व एशिया की ओर जाती है और फिर हिंद महासागर के आसपास अफ्रीका एवं यूरोप तक पहुँचती है।
- भारत लंबे समय से BRI को लेकर आशंका जताता रहा है क्योंकि परियोजना का एक प्रमुख घटक चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) पाकिस्तान के कब्ज़े वाले कश्मीर से होकर गुजरता है। **अतः कथन 2 सही है।**

16 B

व्याख्या:

- वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट, 2022:
    - अंतर्राष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (IFPRI) ने वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट: जलवायु परिवर्तन और खाद्य प्रणाली जारी की है, जिसमें दर्शाया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2030 तक भारत में भूख का जोखिम 23% तक बढ़ सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - भारत का खाद्य उत्पादन 16% तक गिर सकता है तथा जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2030 तक भूख के जोखिम वाले लोगों की संख्या 23% तक बढ़ सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - जलवायु संकट से कृषि उत्पादकता में कमी आने और खाद्य आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के कारण वर्ष 2030 तक कई भारतीय अकाल के दायरे में आ सकते हैं।
    - ऐसा अनुमान है कि जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में वैश्विक खाद्य उत्पादन वर्ष 2010 के स्तर से वर्ष 2050 तक लगभग 60% तक बढ़ जाएगा।

17 C

व्याख्या:

- भारत में नशीली दवाओं के उपयोगकर्त्ताओं की संख्या 100 मिलियन से अधिक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- विगत आठ वर्षों में विभिन्न नशीले पदार्थों की खपत दर में 70% की वृद्धि देखी गई है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2021 में, नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर ने 272 ज़िलों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की उच्च दर की पहचान की।
    - इसने तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों को 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के बीच नशीली दवाओं के दुरुपयोग की बढ़ती घटनाओं के साथ वर्गीकृत किया, जबकि मिज़ोरम, जम्मू और कश्मीर और नगालैंड को बड़ी संख्या में युवा नशीली दवाओं के दुरुपयोग (20 वर्ष से कम आयु के) वाले राज्यों के रूप में वर्गीकृत किया गया।

18 C

व्याख्या:

- छोटे द्वीप विकासशील राज्य (SIDS) कैरेबियन सागर और अटलांटिक, भारतीय और प्रशांत महासागरों के द्वीप हैं।
- पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन में जून 1992 में SIDS को विकासशील देशों के एक विशिष्ट समूह के रूप में मान्यता दी गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- जून 2012 में ब्राज़ील के रियो डी जनेरियो में हुए सतत् विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (जिसे रियो +20 भी कहा जाता है) में अपनाया गया "द फ्यूचर वी वांट" में SIDS की अद्वितीय और विशेष कमज़ोरियों को उजागर किया गया है।
- उनका छोटा आकार, दूरदर्शिता, अल्प संसाधन और निर्यात आधार और वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों एवं बाहरी आर्थिक संकट के संपर्क में जिसमें जलवायु परिवर्तन तथा संभावित रूप से लगातार और तीव्र प्राकृतिक आपदाओं के प्रभावों की एक बड़ी श्रृंखला शामिल है, SIDS सतत् विकास करने के लिये उन संरचनात्मक और बाहरी चुनौतियों का समाधान करना जारी रखता है।
- छोटे द्वीपीय राज्यों का गठबंधन (AOSIS)
    - AOSIS निचले और तटीय छोटे द्वीप राज्यों का एक अंतर सरकारी संगठन है। वर्ष 1990 में स्थापित, AOSIS का मुख्य उद्देश्य ग्लोबल वार्मिंग के वैश्विक खतरे के जवाब में SIDS की आवाज़ को मज़बूत करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

19 D

व्याख्या:

- पूसा बायो-डीकंपोज़र एक कवक-आधारित तरल घोल है जो कठोर पराली को इस सीमा तक नरम कर सकता है कि इसे खाद के रूप में कार्य करने के लिये खेत में मिट्टी के साथ आसानी से मिलाया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह कवक 30-32 डिग्री सेल्सियस पर पनपता है, जो कि धान की कटाई और गेहूँ की बुवाई के समय अनुकूल तापमान है।
- यह धान के भूसे में सेल्यूलोज, लिग्निन और पेक्टिन को पचाने के लिये एंजाइम पैदा करता है।
- इसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) द्वारा विकसित किया गया है और इसका नाम दिल्ली के पूसा में स्थित ICAR के परिसर के नाम पर रखा गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह फसल अवशेष, पशु अपशिष्ट, गोबर और अन्य कचरे को तेज़ी से जैविक खाद में परिवर्तित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**
- यह कृषि अपशिष्ट और फसल अवशेष प्रबंधन के लिये एक सस्ती और प्रभावी तकनीक है।

20 B

व्याख्या:

- वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के माध्यम से लोगों को वायु गुणवत्ता की स्थिति के बारे में प्रभावी और सरल तरीके से अवगत कराया जाता है।

- विभिन्न AQI श्रेणियाँ :

| AQI | Remark | Color Code | Possible Health Impacts |
|---|---|---|---|
| 0-50 | Good | | Minimal impact |
| 51-100 | Satisfactory | | Minor breathing discomfort to sensitive people |
| 101-200 | Moderate | | Breathing discomfort to the people with lungs, asthma and heart diseases |
| 201-300 | Poor | | Breathing discomfort to most people on prolonged exposure |
| 301-400 | Very Poor | | Respiratory illness on prolonged exposure |
| 401-500 | Severe | | Affects healthy people and seriously impacts those with existing diseases |

**अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- विभिन्न AQI श्रेणियों के संदर्भ में कार्यान्वयन हेतु दिल्ली और एनसीआर के लिये ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान तैयार किया गया है।
- AQI में आठ प्रदूषकों को शामिल किया जाता है। PM2.5, PM10, अमोनिया, लेड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, ओज़ोन और कार्बन मोनोऑक्साइड। **अतः कथन 2 सही है।**

21. D

व्याख्या:

- स्व-नियोजित महिला संघ (SEWA) वर्ष 1972 में गठित एक ट्रेड यूनियन है। यह एक संगठन और आंदोलन दोनों ही रुप में है जो एक दूसरे को मजबूत करने और आगे ले जाने में सहायक है।
  - यह टेक्सटाइल लेबर एसोसिएशन (TLA) की महिला विंग से विकसित हुआ है। **अतः कथन 1 सही है।**
- SEWA आंदोलन को तीन आंदोलनों अर्थात श्रमिक आंदोलन, सहकारिता आंदोलन और महिला आंदोलन का अभिसरण माना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- गांधीवादी नीति, SEWA की प्रेरक है। इसमें गरीब स्व-नियोजित SEWA सदस्य अहिंसा और सत्य के मार्ग द्वारा सामाजिक परिवर्तन हेतु संगठित होते हैं।
- SEWA के माध्यम से संघर्ष और विकास की दोहरी रणनीतियों द्वारा महिलाओं को अर्थव्यवस्था की मुख्यधारा में शामिल करने हेतु प्रयास किया जाता है। इसमें अर्थव्यवस्था और समाज द्वारा महिलाओं पर थोपी गई विभिन्न बाधाओं और सीमाओं के खिलाफ संघर्ष किया जाता है। जबकि विकासात्मक गतिविधियाँ से ना केवल इनकी सौदेबाज़ी क्षमता मज़बूत होती है बल्कि इससे इन्हें नए विकल्प भी प्राप्त होते हैं।

22 A

व्याख्या:

- यह एक कैदी को सज़ा के निलंबन के साथ रिहा करने की व्यवस्था है। इसमें कैदी की रिहाई सशर्त होती है जो आमतौर पर कैदी के व्यवहार पर निर्भर करती है, जिसमें समय-समय पर अधिकारियों को रिपोर्टिंग की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पैरोल एक अधिकार नहीं है, इसे एक विशिष्ट कारण के लिये कैदी को दिया जाता है जैसे- परिवार में किसी अपने की मृत्यु या करीबी रिश्तेदार की शादी आदि।
- इसमें एक कैदी को पैरोल देने से मना भी किया जा सकता है यदि सक्षम प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो जाता है कि दोषी को रिहा करना समाज के हित में नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

23 B

व्याख्या:

- वर्ष 2022 गुजरात के मोरबी ज़िले में मच्छू नदी पर निर्मित सस्पेंशन ब्रिज गिर गया, जिसमें लगभग 135 लोग मारे गए।
  - मच्छू नदी गुजरात के सुरेंद्रनगर ज़िले में मदला पहाड़ियों से निकलती है और कच्छ के रण में 141.75 किमी. तक बहते हुए समाप्त हो जाती है।

- सहायक नदियाँ: बेटी, असोई, जंबुरी, बेनिया, मछछोरी, महा आदि मच्छू नदी की सहायक नदियाँ हैं।
- बाँध: सौराष्ट्र क्षेत्र में सिंचाई हेतु इस पर दो बाँध बनाए गए हैं। **अत: विकल्प B सही है।**

24 D

व्याख्या:

- माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम, 2007:
  - माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 ने बच्चों और उत्तराधिकारियों के लिये वरिष्ठ नागरिकों को भरण-पोषण प्रदान करना कानूनी दायित्व बना दिया। यह राज्य सरकारों को प्रत्येक ज़िले में वृद्धाश्रम स्थापित करने की भी अनुमति देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वरिष्ठ नागरिक जो अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हैं, उन्हें अपने बच्चों या उत्तराधिकारियों से मासिक भत्ता मांगने के लिये भरण-पोषण न्यायाधिकरण में आवेदन करने का अधिकार होगा। **अत: कथन 2 सही है।**
  - राज्य सरकारें भरण-पोषण का स्तर तय करने के लिये हर उप-मंडल में भरण-पोषण न्यायाधिकरण स्थापित कर सकती हैं। ज़िला स्तर पर अपीलीय न्यायालयों की स्थापना की जा सकती है।
  - राज्य सरकारें अधिकतम मासिक भरण-पोषण भत्ता निर्धारित करेंगी। अधिनियम में अधिकतम मासिक भत्ता 10,000 रुपए प्रति माह है।
  - आवश्यक मासिक भत्ते का भुगतान न करने की सजा 5,000 रुपए या तीन महीने तक कारावास या दोनों होगी। **अत: कथन 3 सही है।**

25 D

व्याख्या:

- प्रति महिला लगभग 2.1 बच्चों के टीएफआर को 'प्रतिस्थापन स्तर' कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रति महिला 2.1 बच्चों से कम टीएफआर इंगित करता है कि एक पीढ़ी स्वयं को प्रतिस्थापित करने हेतु पर्याप्त बच्चे पैदा नहीं कर रही है, अंतत: जनसंख्या में एकमुश्त कमी आई है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - सामान्य शब्दों में कुल प्रजनन दर (TFR) का तात्पर्य उन बच्चों की कुल संख्या से है जो किसी महिला के अपने जीवनकाल में पैदा होते है या होने की संभावना होती है।
- राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के पाँचवें दौर की रिपोर्ट के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) वर्ष 2015-16 में 2.2 से घटकर वर्ष 2019-21 में 2.0 हो गई है, जो जनसंख्या नियंत्रण उपायों की महत्त्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। **अत: कथन 3 सही है।**

26. A

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (UNESCO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है। यह शिक्षा, विज्ञान एवं संस्कृति के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने का प्रयास करती है।
- यह, संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (United Nations Sustainable Development Group- UNSDG) का सदस्य है। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों एवं संगठनों के इस समूह का उद्देश्य सतत् विकास लक्ष्यों को पूरा करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यूनेस्को का मुख्यालय पेरिस में अवस्थित है एवं विश्व में इसके 50 से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय हैं।
- इसके 193 सदस्य देश एवं 11 संबद्ध सदस्य (अप्रैल 2020 तक) हैं और यह सामान्य सम्मेलन एवं कार्यकारी बोर्ड के माध्यम से शासित होता है।
  - यूनेस्को के सदस्य देशों में शामिल तीन देश संयुक्त राष्ट्र के सदस्य नहीं हैं: कुक द्वीप (Cook Islands), निउए (Niue) एवं फिलिस्तीन,
  - जबकि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों में से तीन देश इज़रायल ,लिकटेंस्टीन,संयुक्त राज्य अमेरिका यूनेस्को के सदस्य देश नहीं हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

27. A

व्याख्या:

- वर्ष 2021 में ग्लासगो में UNFCCC COP 26 में भारत के प्रधानमंत्री ने भारत की ओर से जलवायु कार्रवाई को सशक्त करने के लिये कई नए वादे किये थे।
- भारत के संशोधित लक्ष्य:
- उत्सर्जन तीव्रता:
  - भारत अब वर्ष 2005 के स्तर से सकल घरेलू उत्पाद (GDP की प्रति इकाई उत्सर्जन) की उत्सर्जन तीव्रता में कम-से-कम 45% की कमी के लिये प्रतिबद्ध है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - मौजूदा लक्ष्य 33% - 35% की कमी करना था।
- विद्युत उत्पादन:
  - भारत यह सुनिश्चित करने का भी वादा करता है कि वर्ष 2030 में स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता का कम-से-कम 50% गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित स्रोतों पर आधारित होगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह मौजूदा 40% के लक्ष्य से अधिक है।

28 B

व्याख्या:

- दादाभाई नौरोजी देश में राष्ट्रीय चेतना को जगाने वाले पहले नेताओं में से थे।
  - उन्हें "भारत के ग्रैंड ओल्ड मैन" के रूप में जाना जाता था।
  - उनका वर्ष 1825 में वर्तमान गुजरात के नवसारी में एक पारसी परिवार में जन्म हुआ।
  - वह अपने प्रारंभिक चरण में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के साथ सक्रिय रूप से शामिल थे, वे वर्ष 1886, 1893 और 1906 में तीन बार कॉन्ग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुने गए थे। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - दादाभाई ब्रिटिश संसद के पहले भारतीय सदस्य के रूप में कार्य किया है। **अत: कथन 1 सही है।**

29 D

व्याख्या:

- वेब 1.0: इसे पहले चरण के रुप में संदर्भित किया जाता है । इस चरण में अधिकांश वेब लोगों के लिए केवल-पढ़ने हेतु उपलब्ध था अर्थात उपयोगकर्त्ताओं को विषय-वस्तु को पढ़ने की तो अनुमति थी लेकिन वास्तविक रुप से इसके साथ इंटरैक्शन की अनुमति नहीं थी।
  - इसमें समाचार साइट, पोर्टल और खोज इंजन जैसी सामग्री शामिल थी।
- वेब 2.0: वेब 2.0 में इंटरैक्शन के रुप में नये पहलू को शामिल किया गया। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर कुछ 'पसंद' करने, वीडियो पर 'टिप्पणी करने' और पसंदीदा सामग्री साझा करने का चलन तेज़ी से लोकप्रिय हो गया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह एक ऐसा चरण भी बन गया जहाँ इन डेटा बिट्स के आधार पर फिर से पृष्ठों पर विज्ञापन आने लगे और इन सामग्रियों का मुद्रीकरण बढ़ने लगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- वेब 3.0: वेब 3.0 इंटरनेट के विकास में एक नए चरण का प्रतिनिधित्व करता है, अर्थात, जो विकेंद्रीकरण, खुलेपन और बेहतर उपयोगकर्त्ता उपयोगिता की अवधारणा के साथ काफी विविधतापूर्ण, अर्थपूर्ण और स्पैटियल वेब (एक डिजिटल वातावरण जो भौतिक दुनिया एवं डिजिटल दुनिया के बीच के अंतर को धुंधला करना शुरू कर देगा)।
  - इसके अंतर्गत ब्लॉकचेन, ऑगमेंटेड रियलिटी, वर्चुअल रियलिटी, क्लाउड, एज़, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (IoT), क्रिप्टोकरेंसी जैसी विघटनकारी तकनीक शामिल हैं और यह डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि के लिये AI- आधारित एनालिटिक्स लेयर पर कार्य करती है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - मुक्त और पारदर्शी नेटवर्क: वेब 3.0 मुक्त नेटवर्क है; इसके तहत सभी एप्लिकेशन और प्रोग्राम ओपन-सोर्स सॉफ्टवेयर का उपयोग करके विकसित किये जाते हैं।
    - अनिवार्य रूप से आभासी संसाधन के रुप में कोड के विकास को सार्वजनिक रखने के साथ इसकी विकास की प्रक्रिया को भी पारदर्शी रखा जाता है।

नोट :

30 C

व्याख्या:

- 48 वें G7 शिखर सम्मेलन
  - हाल ही में 48वें G-7 शिखर सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री ने G-7 राष्ट्रों को देश में उभर रही स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विशाल बाज़ार में निवेश करने के लिये आमंत्रित किया।
  - PGII:विकासशील और मध्यम आय वाले देशों को "गेम-चेंजिंग" और "पारदर्शी" बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं को वितरित करने हेतु G-7 ने पार्टनरशिप फॉर ग्लोबल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट (Partnership for Global Infrastructure and Investment-PGII) के तहत सालाना सामूहिक रूप से वर्ष 2027 तक 600 बिलियन डॉलर जुटाने की घोषणा की। **अतः कथन 1 सही है।**
  - लाइफ कैंपेन: भारतीय प्रधानमंत्री द्वारा ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एन्वायरनमेंट) अभियान/कैम्पैन पर प्रकाश डाला गया।
    - इस अभियान का लक्ष्य पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - रूस-यूक्रेन संकट के चलते ऊर्जा की कीमतें रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ गई हैं। भारतीय प्रधानमंत्री ने अमीर और गरीब देशों की आबादी के बीच समान ऊर्जा वितरण की आवश्यकता को संबोधित किया।
    - रूस-यूक्रेन युद्ध पर प्रधानमंत्री ने अपना रुख दोहराया कि शत्रुता का तत्काल अंत होना चाहिये और बातचीत एवं कूटनीति का रास्ता चुनकर एक संकल्प पर पहुँचा जाना चाहिये।

31 B

व्याख्या:

- दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (ASEAN) की स्थापना अगस्त 1967 में बैंकॉक, थाईलैंड में आसियान के संस्थापकों, अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर एवं थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ की गई। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- आसियान दस दक्षिण पूर्व एशियाई देशों- ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम को एक एक मंच पर लाता है।
- आसियान शिखर सम्मेलन, आसियान में सर्वोच्च नीति-निर्माण निकाय है जिसमें आसियान सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष या सरकार शामिल होते हैं।
  - परंपरा के अनुसार, आसियान शिखर सम्मेलन की बैठक आसियान शिखर सम्मेलन के अध्यक्ष द्वारा अन्य आसियान सदस्य राज्यों के परामर्श से निर्धारित किये जाने वाले समय में प्रतिवर्ष दो बार आयोजित की जाएगी, जिसकी मेज़बानी आसियान सदस्य राज्य द्वारा आसियान की अध्यक्षता में की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - पहला आसियान शिखर सम्मेलन 23-24 फरवरी, 1976 को इंडोनेशिया के बाली में आयोजित किया गया था।

32 A

व्याख्या:

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) वह दर है जिस पर सरकार किसानों से फसल खरीदती है और यह किसानों की उत्पादन लागत के कम-से-कम डेढ़ गुना अधिक होता है।
- 'कृषि लागत और मूल्य आयोग' द्वारा सरकार को 22 अधिदिष्ट फसलों (Mandated Crops) के लिये 'न्यूनतम समर्थन मूल्य' (MSP) तथा गन्ने के लिये 'उचित और लाभकारी मूल्य' (FRP) की सिफारिश की जाती है।
- तीन प्रकार की उत्पादन लागत:
  - CACP द्वारा राज्य और अखिल भारतीय दोनों स्तरों पर प्रत्येक फसल के लिये तीन प्रकार की उत्पादन लागतों का अनुमान लगाया जाता है।
    - 'A2': इसके तहत किसानों द्वारा बीज, उर्वरकों, कीटनाशकों, श्रम, पट्टे पर ली गई भूमि, ईंधन, सिंचाई आदि पर किये गए प्रत्यक्ष व्यय को शामिल किया जाता है।

नोट :

- ‘A2+FL’: इसके तहत ‘A2’ के साथ-साथ अवैतनिक पारिवारिक श्रम का एक अधिरोपित मूल्य शामिल किया जाता है।
- ‘C2’: यह अधिक व्यापक लागत है, क्योंकि इसके अंतर्गत ‘A2+FL’ में किसान की स्वामित्त्व वाली भूमि और अचल संपत्ति के किराए तथा ब्याज़ को भी शामिल किया जाता है।

- न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की सिफारिश करते समय CACP द्वारा ‘A2+FL’ और ‘C2’ दोनों लागतों पर विचार किया जाता है। CACP द्वारा ‘A2+FL’ लागत की ही गणना प्रतिफल के लिये की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- हालाँकि ‘C2’ लागत का उपयोग CACP द्वारा मुख्य रूप से बेंचमार्क लागत के रूप में किया जाता है, यह देखने के लिये कि क्या उनके द्वारा अनुशंसित MSP कम-से-कम कुछ प्रमुख उत्पादक राज्यों में इन लागतों को कवर करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (CCEA) द्वारा MSP के स्तर और CACP द्वारा की गई अन्य सिफारिशों पर अंतिम निर्णय लिया जाता है।

33 D

व्याख्या:

- यूरोपीय संघ (EU) ग्रीन डील के प्रमुख प्रावधान:
  - वर्ष 2050 तक जलवायु तटस्थ बनना: इसे हासिल करने के लिये एक कानून लाया जाएगा जो सभी सदस्य देशों पर बाध्यकारी होगा।
    - कानून राजनीतिक प्रतिबद्धता को कानूनी दायित्व में बदल देगा और निवेश को भी प्रोत्साहित करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
  - वर्ष 2030 उत्सर्जन में कमी के लक्ष्य बढ़ाना: इसके उत्सर्जन में कमी को कम से कम 50% तक लाना और निकट भविष्य में 55% की दिशा काम करना। **अतः कथन 2 सही है।**
  - क्षेत्रीय योजनाएँ: क्षेत्रीय योजनाओं के तहत उन लक्ष्यों को प्राप्त करना है जिनमें वर्ष 2030 तक इस्पात उद्योग को कार्बन मुक्त बनाना, परिवहन और ऊर्जा क्षेत्रों के लिये नई रणनीतियाँ, रेलवे एवं शिपिंग के प्रबंधन में संशोधन करना शामिल है ताकि उन्हें वाहनों हेतु अधिक कुशल तथा अधिक कठोर वायु प्रदूषण उत्सर्जन मानक बनाया जा सके।

34. A

व्याख्या:

- मर्चेंट डिस्काउंट रेट (MDR) वह शुल्क है, जो कार्ड अथवा डिजिटल तरीके से भुगतान स्वीकार करने वाले व्यापारी बैंक को चुकाते हैं। व्यापारी छूट दर लेनदेन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है।**अतः कथन 1 सही है।**
  - वर्तमान में, यह ऑनलाइन लेनदेन और क्यूआर-आधारित लेनदेन पर ही लागू है।
- प्रत्येक लेन-देन के लिये व्यापारी द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि को तीन हितधारकों के बीच वितरित किया जाता है, यथा- लेन-देन की सुविधा प्रदान करने वाला बैंक, पॉइंट ऑफ़ सेल (PoS) मशीन स्थापित करने वाला विक्रेता और कार्ड नेटवर्क प्रदाता जैसे Visa, MasterCard, RuPay। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

35 B

व्याख्या:

- सफर (SAFAR) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (Ministery of Earth Science- MoES) द्वारा महानगरों के किसी स्थान-विशिष्ट के समग्र प्रदूषण स्तर और वायु गुणवत्ता को मापने के लिये शुरू की गई एक राष्ट्रीय पहल है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (Indian Institute of Tropical Meteorology- IITM) पुणे द्वारा विकसित एक स्वदेशी प्रणाली है तथा इसका संचालन भारत मौसम विभाग (India Meteorological Department-IMD) द्वारा किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह दिल्ली में परिचालित भारत की पहली वायु गुणवत्ता पूर्व-चेतावनी प्रणाली (Air Quality Early Warning System) का एक अभिन्न अंग है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - इसमें मौसम के सभी मापदंडों जैसे- तापमान, वर्षा, आर्द्रता, हवा की गति एवं दिशा, पराबैंगनी किरणों और सौर विकिरण आदि की निगरानी होती है।

नोट :

- इसमें PM2.5, PM10, ओज़ोन, कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), नाइट्रोजन ऑक्साइड (NOx), सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$), बेंजीन, टॉल्यूइन, ज़ाइलीन और मरकरी जैसे प्रदूषक शामिल हैं।
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने SAFAR को इसके कार्यान्वयन में उच्च गुणवत्ता नियंत्रण और मानकों को बनाए रखने के आधार पर एक प्रोटोटाइप गतिविधि के रूप में मान्यता दी है।

36 D

व्याख्या:

- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान प्रणाली देश में खुदरा भुगतान प्रणाली के संचालन के लिये एक समग्र संगठन है।
- यह भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ (IBA) के समर्थन और मार्गदर्शन में स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसका गठन भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के अनुसार भारत में एक मज़बूत भुगतान और निपटान अवसंरचना बनाने के लिये किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- उद्देश्य:
  - सभी खुदरा भुगतान प्रणालियों के लिये मौजूदा कई प्रणालियों को एक राष्ट्रव्यापी और मानक व्यापार प्रक्रिया में समेकित तथा एकीकृत करना।
  - देश भर में आम आदमी को लाभ पहुँचाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिये एक किफायती भुगतान तंत्र की सुविधा प्रदान करना।

37 A

व्याख्या:

- पोषण अभियान (राष्ट्रीय पोषण मिशन) सरकार द्वारा 8 मार्च, 2018 को शुरू किया गया था।
- इसका उद्देश्य स्टंटिंग, अल्पपोषण, एनीमिया (छोटे बच्चों, महिलाओं और किशोर लड़कियों के बीच) तथा जन्म के समय वजन में कमी को क्रमशः 2%, 2%, 3% और 2% प्रतिवर्ष कम करना है।
- इस मिशन का लक्ष्य 2022 तक 0-6 आयु वर्ग के बच्चों में स्टंटिंग को 38.4% से घटाकर 25% करना है।
- पोषण अभियान का उद्देश्य प्रौद्योगिकी के उपयोग द्वारा सेवा वितरण और हस्तक्षेप, अभिसरण के माध्यम से व्यवहार परिवर्तन तथा विभिन्न निगरानी मापदंडों में प्राप्त किये जाने वाले विशिष्ट लक्ष्यों को सुनिश्चित करना है।
- इस अभियान के तहत ज़िले के अधिकारियों के साथ समन्वय करने और देश भर में अभियान के तेज़ और कुशल निष्पादन के लिये प्रत्येक ज़िले में स्वस्थ भारत प्रेरक तैनात किये जाएँगे। स्वस्थ भारत प्रेरक अभियान के कार्यान्वयन में तेज़ी लाने के लिये उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगे। **अतः कथन 1 सही है।**
- पोषण अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष सितंबर के महीने में राष्ट्रीय पोषण माह मनाया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

38 C

व्याख्या:

- आँगनवाड़ी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा कार्यान्वित एक केंद्र प्रायोजित योजना है जो भारतीय ग्रामीण बच्चों और मातृ देखभाल केंद्र के रूप में कार्य करती है।
- यह भारत सरकार द्वारा वर्ष 1975 में बच्चों में भुखमरी और कुपोषण की समस्या से निपटने के लिये एकीकृत बाल विकास सेवा कार्यक्रम के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- आँगनवाड़ी केंद्र पर छः प्रकार की सेवाएँ प्रदान की जाती हैं: पूरक पोषण, स्कूल पूर्व अनौपचारिक शिक्षा, टीकाकरण, स्वास्थ्य जाँच, पोषण और स्वास्थ्य शिक्षा, और रेफरल सेवाएँ।
- आँगनवाड़ी सेवा योजना के तहत लाभार्थियों की पहचान Aadhaar के आधार पर की जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

**नोट :**

39 D

व्याख्या:

## मंडल आयोग की सिफारिशें:

- मेरिट के आधार पर योग्य नहीं होने वाले ओबीसी वर्ग के लिये सार्वजनिक क्षेत्र की नौकरियों में 27% आरक्षण देना।
- ओबीसी के लिये सार्वजनिक सेवा में 27% का आरक्षण सभी स्तरों की पदोन्नति पर भी लागू हो । **अतः कथन 1 सही है।**
    - इससे अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों सहित कुल आरक्षण 49 प्रतिशत तक हो गया।
- ओबीसी के लिये आयु में छूट एससी और एसटी के समान हो। **अतः कथन 2 सही है।**

40 B

व्याख्या:

- सोडियम-आयन बैटरी:
    - यह रिचार्जेबल बैटरी हैं जिसे बैटरी की चार्जिंग और डिस्चार्जिंग के दौरान इलेक्ट्रोड के बीच सोडियम आयन संचलन की आवश्यकता होती है, तथा इन बैटरियों में सोडियम कैथोड के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - सोडियम-आयन का महत्त्व:
    - लिथियम समकक्षों की तुलना में इसका उत्पादन करना सस्ता है क्योंकि इन्हें बनाने के लिये आवश्यक कच्चे माल की प्रचुरता है।
    - वे ऊर्जा सघन, ज्वलनशील और ठंडे तापमान में अच्छी तरह से काम करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इसके अलावा वे प्रति यूनिट वज़न में अधिक ऊर्जा स्टोर कर सकते हैं, यह उन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे बड़े अनुप्रयोगों के लिये उपयुक्त बना सकता है।
    - इसमें बैटरी के गर्म होने की संभावना कम होती है जबकि लिथियम-आयन बैटरी में आग लग सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**

41 A

व्याख्या:

- K -आकार की रिकवरी में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों का प्रदर्शन " K " अक्षर की तरह प्रदर्शित होता है।
- अर्थव्यवस्था विभिन्न क्षेत्रों, उद्योगों और समूहों का आर्थिक प्रदर्शन हमेशा कुछ हद तक भिन्न होता है, लेकिन K- आकार की रिकवरी में अर्थव्यवस्था के कुछ हिस्सों में मजबूत वृद्धि देखी जा सकती है जबकि अन्य में गिरावट बनी रहती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- "के-आकार" की रिकवरी नामक शब्द को वर्ष 2020 में अमेरिका में मंदी के मद्देनजर प्रमुखता मिली जो कि COVID-19 महामारी से संबंधित था। इसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों, उद्योगों और लोगों के समूहों में अनियमित आर्थिक सुधारों को प्रदर्शित करने के लिये किया गया था।
- आर्थिक मंदी और रिकवरी के अन्य प्रतिरूपों (L -आकार, V -आकार, U -आकार, या W-आकार), जो सकल घरेलू उत्पाद या कुल रोज़गार जैसे अर्थव्यवस्था के चरों से संबंधित हैं के इतर K -आकार की रिकवरी से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में एक दूसरे के सापेक्ष आय या विभिन्न उद्योगों में रोज़गार की स्थिति का वर्णन किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

42 D

व्याख्या:

- यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012:
    - यह बच्चों के हितों की रक्षा और भलाई के लिये बच्चों को यौन उत्पीड़न, दुर्व्यवहार एवं अश्लील साहित्य के अपराधों से बचाने के लिये अधिनियमित किया गया था।
    - यह अठारह वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को बच्चे के रूप में परिभाषित करता है और बच्चे के स्वस्थ शारीरिक, भावनात्मक, बौद्धिक एवं सामाजिक विकास को सुनिश्चित करने के लिये हर स्तर पर बच्चे के सर्वोत्तम हित तथा कल्याण को सर्वोपरि मानता है।

- यह यौन शोषण के विभिन्न रूपों को परिभाषित करता है, जिसमें सक्रिय और निष्क्रिय यौन शोषण के साथ ही अश्लीलता जैसे मामले भी शामिल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसमें माना गया है कि कुछ परिस्थितियों में यौन शोषण बढ़ जाते हैं जैसे कि जब शोषण का सामना करने वाला बच्चा मानसिक रूप से बीमार होता है अथवा जब शोषण परिवार के किसी सदस्य, पुलिस अधिकारी, शिक्षक या डॉक्टर जैसे विश्वसनीय लोगों द्वारा किया जाता है।
- यह जाँच प्रक्रिया के दौरान पुलिस को बाल संरक्षक की भूमिका भी प्रदान करता है।
- अधिनियम में कहा गया है कि बाल यौन शोषण के मामले का निपटारा अपराध की रिपोर्ट की तारीख से एक वर्ष के भीतर किया जाना चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों के लिये मृत्युदंड सहित कठोर सज़ा देने के लिये इसमें अगस्त 2019 में संशोधन किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

43 C

व्याख्या:

- वर्ष 2015 के दौरान भारत और फ्राँस द्वारा सह-स्थापित, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के वितरण में वृद्धि के लिये एक सक्रिय तथा सदस्य-संचालित एवं सहयोगी मंच है।
  - इसका मूल उद्देश्य ऊर्जा तक पहुँच को सुविधाजनक बनाना, ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपने सदस्य देशों में ऊर्जा संक्रमण को बढ़ावा देना है।
  - सौर ऊर्जा के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के खिलाफ प्रयासों को संगठित करने के लिये भारत और फ्रांस द्वारा संयुक्त प्रयास के रूप में ISA की कल्पना की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- विज़न:लेट अस टूगेदर मेक द सन ब्राईटर (Let us together make the sun brighter)
- मिशन: दूर के इतर प्रत्येक घर में प्रकाश पहुँचाना।
- मुख्यालय: इसका मुख्यालय भारत में स्थित है और इसका अंतरिम सचिवालय गुरुग्राम में स्थापित किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सदस्य राष्ट्र: वर्ष 2020 में अपने फ्रेमवर्क समझौते में संशोधन के साथ, संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य राज्य अब ISA में शामिल होने के पात्र हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
  - वर्तमान में, 110 देश ISA फ्रेमवर्क समझौते के हस्ताक्षरकर्ता हैं, जिनमें से 90 देशों ने ISA के पूर्ण सदस्य बनने के लिये अनुसमर्थन के आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं।

44 A

व्याख्या:

- केंद्र सरकार ने तीनों सैन्य सेवाओं (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) में नए सैनिकों की भर्ती के लिये अग्निपथ योजना का अनावरण किया है।
- यह योजना देशभक्त और अभिप्रेरित युवाओं को चार वर्ष की अवधि के लिये सशस्त्र बलों में सेवा करने का अवसर देगी।
- सेना में शामिल होने वाले इन युवाओं को 'अग्निवीर' कहा जाएगा। युवाओं को थोड़े समय के लिये सेना में भर्ती किया जा सकेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- अग्निपथ योजना के तहत पहले वर्ष थल सेना, नौसेना और वायु सेना में लगभग 45,000 से 50,000 सैनिकों की भर्ती का रास्ता खुला है, लेकिन वे चार वर्ष के अल्पकालिक अनुबंध पर भर्ती किये जाएँगे।
- चार वर्ष की सेवा के बाद किसी बैच के केवल 25% सैनिकों की ही संबंधित सेवाओं में 15 वर्ष की अवधि के लिये पुनर्नियुक्ति की जाएगी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

45 A

व्याख्या:

- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 69A केंद्र और राज्य सरकारों को "किसी भी कंप्यूटर संसाधन में उत्पन्न, प्रेषित, प्राप्त या संग्रहीत किसी भी जानकारी को इंटरसेप्ट, मॉनिटर या डिक्रिप्ट करने के लिये" निर्देश जारी करने की शक्ति प्रदान करता है।
- जिन आधारों पर इन शक्तियों का प्रयोग किया जा सकता है वे हैं:
    - भारत की संप्रभुता या अखंडता के हित में भारत की रक्षा, राज्य की सुरक्षा।
    - विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध।
    - सार्वजनिक आदेश या इनसे संबंधित किसी भी संज्ञेय अपराध हेतु उकसाने से रोकने के लिये।
    - किसी भी अपराध की जाँच के लिये।
- इंटरनेट वेबसाइटों को ब्लॉक करने की प्रक्रिया:
    - धारा 69A समान कारणों और आधारों के लिये (जैसा कि ऊपर बताया गया है) केंद्र सरकार को किसी भी एजेंसी या मध्यस्थों से किसी भी कंप्यूटर संसाधन में उत्पन्न, पारेषित, प्राप्त या भंडारित की गई किसी भी जानकारी की जनता तक पहुँच को अवरुद्ध करने के लिये कहने में सक्षम बनाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - 'मध्यस्थों' शब्द में सर्च इंजन, ऑनलाइन भुगतान और नीलामी साइटों, ऑनलाइन मार्केटप्लेस तथा साइबर कैफे के अलावा दूरसंचार सेवा, नेटवर्क सेवा, इंटरनेट सेवा तथा वेब होस्टिंग के प्रदाता भी शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - इंटरनेट तक पहुँच को अवरुद्ध करने के लिये ऐसा कोई भी अनुरोध लिखित रूप में दिये गए कारणों के आधार पर होना चाहिये।

46 B

व्याख्या:

- गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) संशोधन अधिनियम, 2019 भारत में लागू प्राथमिक आतंकवाद रोधी कानून है।
- राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) एक अर्धसैनिक बल है जो मुख्य रूप से आतंकवाद और अपहरण रोधी अभियानों के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत को कश्मीर, उत्तर-पूर्व और कुछ हद तक पंजाब में अलगाववादियों, मध्य, पूर्व-मध्य और दक्षिण-मध्य भारत में वामपंथी चरमपंथी समूहों से आतंकवाद का सामना करना पड़ रहा है।
- भारत दुनिया में आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है।
- अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक अभिसमय:
    - अफगानिस्तान में आतंकवादियों के फिर से अपना पनपने और अफ्रीका में हमले बढ़ाने की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत के विदेश मंत्री ने हाल ही में इस संधि को अपनाने का आग्रह किया है।
        - वर्ष 1996 में आतंकवाद से निपटने के लिये एक बोधगम्य कानूनी ढाँचा प्रदान करने के उद्देश्य से, भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को "अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक अभिसमय" (CCIT) को अपनाने का प्रस्ताव दिया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
        - सीसीआईटी आतंकवाद की एक सार्वभौमिक परिभाषा, विशेष कानूनों के तहत आतंकवादियों के खिलाफ मुकदमा चलाने, सीमा पार आतंकवाद को दुनिया भर में एक प्रत्यर्पण योग्य अपराध बनाने की मांग करता है।

47 B

व्याख्या:

- वैश्विक ऊर्जा संक्रमण आउटलुक, अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंस (IRENA) द्वारा जारी किया गया है। अत: युग्म 1 सही सुमेलित है।
- विश्व ऊर्जा आउटलुक और विश्व ऊर्जा निवेश रिपोर्ट दोनों, अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा जारी की जाती हैं। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है परन्तु युग्म 3 सुमेलित नहीं है।**

48 B

व्याख्या:

- आपूर्ति शृंखला लचीलापन पहल (SCRI), भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया द्वारा शुरु किया गया था ताकि वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की चीन पर अत्यधिक निर्भरता के ऊपर नियंत्रण लगाया जा सके। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसने नीति निर्माताओं और व्यापार क्षेत्र को दुनिया की अर्थव्यवस्था को बनाये रखने के लिये भारत पर ध्यान केंद्रित करने के हेतु प्रेरित किया ताकि वस्तुओं के लिये भारत एक वैकल्पिक चैनल के रूप में उभरें। लेकिन इसे हकीकत में बदलने के लिये बड़े प्रयास की जरूरत होगी।
- SCRI का गठन चिंताजनक घटनाक्रमों के मद्देनजर वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं की सुरक्षा में सुधार के लिये चतुर्पक्षीय सुरक्षा संवाद द्वारा निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिये किया गया था – जिसमें अमेरिका-चीन व्यापार टकराव, कोविड-19 के कारण आर्थिक व्यवधान और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में महान और क्षेत्रीय शक्तियों के बीच भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

49 D

व्याख्या:

- भूकंपीय तरंगें:
  - भूकंपीय या भूकंप तरंगें भूकंप या विस्फोट के कारण होने वाली ऊर्जा की तरंगें हैं। वे ऊर्जा हैं जो पृथ्वी के माध्यम से गति करती हैं और सीस्मोग्राफ पर दर्ज़ की जाती हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भूकंप की तरंगें मूल रूप से दो प्रकार की होती हैं - भूगर्भीय तरंगें और सतही तरंगें।
    - भूगर्भीय तरंगें उद्गम केंद्र से ऊर्जा मुक्त होने के दौरान पैदा होती हैं और पृथ्वी के अंदरूनी भाग से होकर सभी दिशाओं में आगे बढ़ती हैं, इसलिए इन्हें भूगर्भिक तरंगें कहा जाता है।
    - भूगर्भीय तरंगें दो प्रकार की होती हैं। इन्हें P तरंगे और S तरंगे कहा जाता है।
- P-तरंगें तेज़ी से आगे बढती हैं और सतह पर सबसे पहले पहुँचती हैं। इन्हें 'प्राथमिक तरंगें' भी कहा जाता है। P-तरंगें ध्वनि तरंगों के समान होती हैं। वे गैसीय, तरल और ठोस पदार्थों के माध्यम से यात्रा करती हैं।
- S-तरंगें कुछ समय के बाद सतह तक आती हैं। इन्हें द्वितीयक तरंगें कहा जाता है। S-तरंगों के बारे में एक महत्त्वपूर्ण तथ्य यह है कि वे केवल ठोस पद्धार्थों के माध्यम से आगे बढ़ सकती हैं । **अतः कथन 2 सही है।**
    - भूगर्भिक तरंगें सतह की चट्टानों के साथ परस्पर क्रिया करती हैं और तरंगों का एक नया समूह उत्पन्न करती हैं जिन्हें सतह तरंगें कहा जाता है। ये तरंगें सतह के साथ-साथ चलती हैं।
  - भूकंप की घटनाओं को तीव्रता के अनुसार स्केल पर मापा जाता है।
    - परिमाण पैमाने को रिक्टर पैमाने के रूप में जाना जाता है। परिमाण भूकंप के दौरान जारी ऊर्जा से संबंधित है। परिमाण को निरपेक्ष संख्या 0-10 में व्यक्त किया जाता है।
    - तीव्रता पैमाने का नाम इटली के भूकंपविज्ञानी मर्कल्ली के नाम पर रखा गया है। तीव्रता पैमाना घटना के कारण होने वाली दृश्य क्षति को ध्यान में रखता है। तीव्रता पैमाने की सीमा 1-12 होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

50 C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (National Eligibility-cum-Entrance Test- NEET) देश के सभी स्नातक और स्नातकोत्तर चिकित्सा तथा दंत चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2016 तक अखिल भारतीय प्री-मेडिकल टेस्ट (All India Pre-Medical Test- AIPMT) मेडिकल कॉलेजों के लिये राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा थी। **अतः कथन 3 सही है।**
  - जबकि राज्य सरकारें उन सीटों के लिये अलग प्रवेश परीक्षा आयोजित करती थीं, जिन पर अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा नहीं होती थी।

नोट :

- सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2016 में भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम (Indian Medical Council Act), 1956 की नई सम्मिलित धारा 10-D को बरकरार रखा, जो हिंदी, अंग्रेज़ी और विभिन्न अन्य भाषाओं में स्नातक स्तर एवं स्नातकोत्तर स्तर पर सभी चिकित्सा शैक्षणिक संस्थानों के लिये एक समान प्रवेश परीक्षा प्रदान करती है।
  - वर्तमान में भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 को राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम (National Medical Commission Act), 2019 द्वारा प्रतिस्थापित किये जाने के बाद निरस्त कर दिया गया है, जो 8 अगस्त, 2019 को अस्तित्व में आया था।
- यह राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (National Testing Agency) द्वारा आयोजित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

51 D

व्याख्या:

- केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल:
  - गृह मंत्रालय (MHA) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत के सात केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
    - केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF), यह आंतरिक सुरक्षा और उग्रवाद से निपटने में सहायता करता है।
    - केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF), यह महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों (जैसे हवाई अड्डों) और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की सुरक्षा करता है।
    - राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG), यह एक विशेष आतंकवाद विरोधी बल है।
    - इसके अतिरिक्त शेष चार बल- सीमा सुरक्षा बल (Border Security Force-BSF), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (Indo Tibetan Border Police-ITBP) और सशस्त्र सीमा बल (Sashastra Seema Bal) तथा असम राइफल्स (Assam Rifles) हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इन सातों में से प्रत्येक के पास अधिकारियों का अपना कैडर होता है लेकिन उनका नेतृत्त्व भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

52 A

व्याख्या:

  - भारत का विधि आयोग समय-समय पर भारत सरकार द्वारा गठित एक गैर-सांविधिक निकाय है।
    - स्वतंत्र भारत का पहला विधि आयोग वर्ष 1955 में तीन साल के कार्यकाल के लिये स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - पहला विधि आयोग वर्ष 1834 में ब्रिटिश राज काल के दौरान वर्ष 1833 के चार्टर अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया था और इसकी अध्यक्षता लॉर्ड मैकाले ने की थी।
- उद्देश्य:
  - यह कानून और न्याय मंत्रालय के सलाहकार निकाय के रूप में काम करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - विधि आयोग का कार्य कानून संबंधी अनुसंधान और भारत में मौजूदा कानूनों की समीक्षा करना है ताकि इसमें सुधार किया जा सके एवं केंद्र सरकार या स्व-प्रेरणा द्वारा इसके संदर्भ में नए कानून बनाए जा सकें।
- सदस्य संरचना:
  - एक पूर्णकालिक अध्यक्ष के साथ-साथ आयोग में एक सदस्य-सचिव सहित और चार पूर्णकालिक सदस्य होते हैं।
  - कानून मंत्रालय का कानून और विधायी सचिव इस आयोग का पदेन सदस्य होगा।
  - इसमें अंशकालिक सदस्यों की संख्या पाँच से अधिक नहीं होगी।।
  - सर्वोच्च न्यायालय का सेवानिवृत्त न्यायाधीश या उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश इस आयोग का अध्यक्ष होगा।

53 D

व्याख्या:

- चाय कैमेलिया साइनेंसिस के पौधे से बना एक पेय है। पानी के बाद यह दुनिया का सबसे ज़्यादा पिया जाने वाला पेय है।
    - ऐसा माना जाता है कि चाय की उत्पत्ति उत्तर-पूर्वी भारत, उत्तरी म्याँमार और दक्षिण-पश्चिम चीन में हुई थी, लेकिन यह निश्चित नहीं किया जा सका है कि इनमें से वास्तव में यह पहली बार कहाँ पाई गई थी। इस बात के प्रमाण हैं कि 5,000 साल पहले चीन में चाय का सेवन किया जाता था।
- चाय एक उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय पौधा है तथा गर्म एवं आर्द्र जलवायु में इसकी पैदावार अच्छी होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत और चाय उत्पादन
    - भारत विश्व में चाय का सबसे बड़ा उपभोक्ता है।
    - भारत दुनिया में चाय का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है।
    - चीन चाय का सबसे बड़ा उत्पादक है।
    - भारत दुनिया में चाय का चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- दिसंबर 2019 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा घोषित अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस हर साल 21 मई को मनाया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

54 C

व्याख्या:

- राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (FRBM) अधिनियम अगस्त 2003 में अधिनियमित किया गया था।
- इसका उद्देश्य केंद्र सरकार को राजकोषीय प्रबंधन और दीर्घकालिक मैक्रो-आर्थिक स्थिरता में अंतर-पीढ़ीगत इक्विटी सुनिश्चित करने के लिये ज़िम्मेदार बनाना है।
- अधिनियम में केंद्र सरकार के ऋण और घाटे पर सीमा निर्धारित करने की परिकल्पना की गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 3% तक सीमित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

55 A

व्याख्या:

- वोस्ट्रो खाता संवाददाता बैंकिंग का एक अनिवार्य अंग है जिसमें एक विदेशी बैंक एक घरेलू बैंक की ओर से वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने वाले एजेंट के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वोस्ट्रो एक लैटिन शब्द है जिसका अनुवाद "आपका", "आपके खाते" के रूप में होता है
- वोस्ट्रो खाते घरेलू बैंकों को अपने ग्राहकों, जिन्हें वैश्विक बैंकिंग की  ज़रूरतें होती हैं, को अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं जिनकी  हैं।
- वोस्ट्रो खाता सेवाओं के अंतर्गत वायर ट्रांसफर निष्पादित करना, विदेशी मुद्रा लेनदेन करना, जमा और निकासी को सक्षम बनाना और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में तेज़ी लाना शामिल है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

56 B

व्याख्या:

- ऊर्जा और संसाधन संस्थान (TERI) एक गैर-लाभकारी अनुसंधान संस्थान है।
- यह भारत और वैश्विक दक्षिण के लिये ऊर्जा, पर्यावरण और सतत् विकास के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- वर्ष 1974 में स्थापित इस संस्थान को पूर्व में टाटा ऊर्जा अनुसंधान संस्थान के नाम से जाना जाता था तथा वर्ष 2003 में इसका नाम परिवर्तित कर ऊर्जा और संसाधन संस्थान कर दिया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

57 C

व्याख्या:

- धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002:
  - मनी लॉन्ड्रिंग से तात्पर्य वैसे धन के रूपांतरण से है जो गैरकानूनी स्रोतों और विधियों द्वारा अवैध रूप से प्राप्त किया गया है।
    - यह भारत में एक आपराधिक कृत्य है और इस मामले में आरोप धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 के वैधानिक प्रावधानों का संदर्भ लेते हैं।
  - PMLA को भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता (वियना कन्वेंशन) की अनुक्रिया में धन शोधन की समस्या का मुकाबला करने के लिये अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसमें शामिल हैं:
- नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों में अवैध तस्करी के विरुद्ध संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन, 1988
- सिद्धांतों का बेसल वक्तव्य, 1989
- धन शोधन पर वित्तीय कार्रवाई कार्यबल की चालीस सिफारिशें, 1990
- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1990 में अपनाई गई राजनीतिक घोषणा और वैश्विक कार्रवाई कार्यक्रम

PMLA सभी पर लागू होता है जिसमें व्यक्ति, कंपनियाँ, फर्म, साझेदारी फर्म, व्यक्तियों के संघ या निगमन और उपर्युक्त में से किसी के भी स्वामित्व या नियंत्रण वाली कोई एजेंसी, कार्यालय या शाखा शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

58 B

व्याख्या:

- सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने दिशा-निर्देश जारी कर नए अपलिंकिंग और डाउनलोडिंग नियम निर्दिष्ट किये हैं।
  - राष्ट्रीय/जनहित में सामग्री के प्रसारण का दायित्व: टेलीविज़न चैनलों को हर दिन 30 मिनट के लिये राष्ट्रहित या सार्वजनिक सेवा में सामग्री प्रसारित करनी होगी। बहरहाल, ये दायित्व खेल, वन्य जीवन और विदेशी चैनलों के लिये लागू नहीं होंगे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - राष्ट्रीय महत्त्व के विषयों में शामिल हैं:शिक्षा और साक्षरता का प्रसार, कृषि और ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, महिलाओं का कल्याण, समाज के कमज़ोर वर्गों का कल्याण, पर्यावरण एवं सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का संरक्षण।
  - कार्यक्रमों के सीधे प्रसारण के लिये कोई पूर्व अनुमति की आवश्यकता नहीं: स्टैंडर्ड डेफिनिशन (SD) से हाई डेफिनिशन (HD) या इसके विपरीत भाषा में परिवर्तन या ट्रांसमिशन के मोड में रूपांतरण के लिये पूर्व अनुमति की कोई आवश्यकता नहीं है; केवल पूर्व सूचना की आवश्यकता होगी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - भारतीय टेलीपोर्ट द्वारा विदेशी चैनलों को अपलिंक करना: कंपनियों को भारतीय टेलीपोर्ट से विदेशी चैनलों को अपलिंक करने की अनुमति दी जाएगी जो रोज़गार के अवसर पैदा करेगा तथा भारत को अन्य देशों के लिये टेलीपोर्ट-हब बनाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
  - सरलीकरण और युक्तिकरण: दोहराव और सामान्य मापदंडों से बचने के लिये दिशा-निर्देशों की संरचना को व्यवस्थित किया गया है।

59 B

व्याख्या:

- मुख्यमंत्री:
    - नियुक्ति:
  - संविधान के अनुच्छेद 164 यह प्रावधान करता है कि मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल करेगा।

- राज्यपाल के पास नाममात्र का कार्यकारी अधिकार है, लेकिन वास्तविक कार्यकारी अधिकार मुख्यमंत्री के पास है।
- एक व्यक्ति जो राज्य विधानसभा का सदस्य नहीं है, उसे छह महीने के लिये मुख्यमंत्री के रूप में नियुक्त किया जा सकता है, उस समयसीमा के भीतर उसे राज्य विधानसभा की सदस्यता ग्रहण करनी होगी, ऐसा न करने पर उसे मुख्यमंत्री पद का त्याग करना होता है।
  - CM का कार्यकाल:
- मुख्यमंत्री का कार्यकाल निश्चित नहीं होता है और वह राज्यपाल के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।
- राज्यपाल द्वारा उसे तब तक बर्खास्त नहीं किया जा सकता जब तक कि विधानसभा में बहुमत प्राप्त होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यदि वह विधानसभा में विश्वास मत खो देता है तो उसे त्यागपत्र दे देना चाहिये अन्यथा राज्यपाल उसे बर्खास्त कर सकता है।
  - शक्तियाँ एवं कार्य:
  - मंत्रिपरिषद के संबंध में:
- राज्यपाल केवल उन्हीं व्यक्तियों को मंत्री के रूप में नियुक्त करता है जिनकी सिफारिश मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है।
- वह मंत्रियों के बीच विभागों का आवंटन और फेरबदल करता है।
- वह पद से इस्तीफा देकर मंत्रिपरिषद का विघटन कर सकता है, क्योंकि मुख्यमंत्री मंत्रिपरिषद का प्रमुख होता है।
  - राज्यपाल के संबंध में:
- संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत राज्यपाल और राज्य मंत्रिपरिषद के बीच मुख्यमंत्री एक कड़ी के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मुख्यमंत्री द्वारा महाधिवक्ता, राज्य लोक सेवा आयोग, राज्य चुनाव आयोग आदि के अध्यक्ष और सदस्यों जैसे महत्त्वपूर्ण अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में राज्यपाल को सलाह दी जाती है।

60 D

व्याख्या:

- यह स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और निर्मित सेमी हाई स्पीड, स्व-चालित ट्रेन है जिसे गति तथा यात्री सुविधा के मामले में राजधानी ट्रेनों की शुरुआत के बाद भारतीय रेलवे के अगले कदम के रूप में देखा जाता है।
  - पहली वंदे भारत ट्रेन का निर्माण इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (ICF), चेन्नई द्वारा 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के हिस्से के रूप में लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से किया गया था।**अतः कथन 1 सही है।**
  - विकास के चरण के दौरान वंदे भारत ट्रेन बिना लोकोमोटिव के संचालित होती हैं जो एक प्रणोदन प्रणाली पर आधारित हैं, इसे डिस्ट्रिब्यूटेड ट्रैक्शन पावर टेक्नोलॉजी (Distributed Traction Power Technology) कहा जाता है, जिसके द्वारा ट्रेन सेट संचालित होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह तेज़ त्वरण के कारण अधिकतम 160 किमी. प्रति घंटे की गति प्राप्त कर सकती है, जिससे यात्रा का समय 25% से 45% तक कम हो जाता है।
  - इसमें बेहतर ऊर्जा दक्षता हेतु विद्युत के साथ एक ब्रेकिंग सिस्टम भी है जिससे यह लागत, ऊर्जा और पर्यावरण के अनुकूल है।

- वंदे भारत 2.0 की विशेषताएँ:
  - वंदे भारत एक्सप्रेस 2.0 कई बेहतरीन और विमान यात्रा जैसा अनुभव प्रदान करती है।
  - यह उन्नत, अत्याधुनिक सुरक्षा सुविधाओं से लैस है, जिसमें स्वदेशी रूप से विकसित ट्रेन टक्कर-रोधी प्रणाली-कवच शामिल है।
  - वंदे भारत एक्सप्रेस के नए डिज़ाइन में वायु शोधन के लिये रूफ-माउंटेड पैकेज यूनिट (RMPU) में एक प्रकाश-उत्प्रेरक पराबैंगनी वायु शोधन प्रणाली (Photo-Catalytic Ultraviolet Air Purification System) स्थापित की गई है। **अतः कथन 3 सही है।**

61 B

व्याख्या:

- जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल (IPCC) जलवायु परिवर्तन से संबंधित विज्ञान का आकलन करने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था है।

नोट :

- IPCC की स्थापना संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) और विश्व मौसम विज्ञान संगठन (World Meteorological Organisation- WMO) द्वारा वर्ष 1988 में की गई थी। यह जलवायु परिवर्तन पर नियमित वैज्ञानिक आकलन, इसके निहितार्थ और भविष्य के संभावित जोखिमों के साथ-साथ अनुकूलन तथा शमन के विकल्प भी उपलब्ध कराता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- IPCC आकलन जलवायु संबंधी नीतियों को विकसित करने हेतु सभी स्तरों पर सरकारों के लिये एक वैज्ञानिक आधार प्रदान करते हैं और वे संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन- जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क (United Nations Framework Convention on Climate Change- UNFCCC) में इस पर परिचर्चा करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

62 D

व्याख्या:

- ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप के लिये व्यापक और प्रगतिशील समझौता (CPTPP),परि प्रशांत क्षेत्र के आसपास के 11 देशों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) है।ं जो हैं:
  - कनाडा, मैक्सिको, पेरू, चिली, न्यूज़ीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, सिंगापुर, मलेशिया, वियतनाम और जापान।
- **अतः कथन 1 सही है।**
- ट्रांस-पैसिफिक पार्टनरशिप (TPP) की वार्ता से अमेरिका के हट जाने के बाद, शेष 11 प्रतिभागियों ने समझौते के पाठ में संशोधन करने के लिये हाथापाई की, और मार्च 2018 में नए नाम बदले गए CPTPP पर हस्ताक्षर किये।
- इसे दिसंबर 2018 में लागू किया गया था।
- महत्त्व:
  - टैरिफ हटाना: CPTPP मूल TPP की तरह वस्तुओं और सेवाओं पर 99% टैरिफ हटा देता है।।
  - व्यापक कवरेज: CPTPP वस्तुओं और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करता है। इनमें वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार और खाद्य सुरक्षा मानक शामिल हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पर्यावरणीय क्षति को कम करता है: सभी देश वन्यजीव तस्करी में कटौती करने पर सहमत हुए। इससे हाथियों, गैंडों और समुद्री प्रजातियों को सबसे ज्यादा मदद मिलती है।
  - यह पर्यावरण के दुरुपयोग को रोकता है, जैसे कि अस्थिर लॉगिंग और फिशिंग। जो देश अनुपालन नहीं करेंगे उन्हें व्यापार दंड का सामना करना पड़ेगा।।

**भारत का रुख:**

- भारत सीपीटीपीपी में शामिल नहीं हुआ क्योंकि यह अपने अन्य भागीदारों पर अधिक श्रम और पर्यावरण मानकों को रखना चाहता है तथा सीपीटीपीपी के मसौदे में निवेश संरक्षण के मानकों पर संकीर्ण रूप से विस्तृत योग्यताएँ, मेज़बान राज्य के विनियमन के अधिकार की रक्षा के प्रावधान और विस्तृत पारदर्शिता आवश्यकताओं को लागू करना शामिल है।। **अतः कथन 3 सही है।**

63 A

व्याख्या:

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020:
  - उच्च शिक्षा:
    - वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात 50% तक बढ़ाया जाएगा। साथ ही उच्च शिक्षा में 3.5 करोड़ सीटें जोड़ी जाएंगी। **अतः कथन 1 सही है।**
    - एम.फिल पाठ्यक्रम बंद कर दिए जाएंगे और स्नातक, स्नातकोत्तर और PhD स्तर के सभी पाठ्यक्रम अब अंत:विषय होंगे।
    - क्रेडिट के हस्तांतरण की सुविधा के लिये अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट की स्थापना की जाएगी।
    - बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (MERUs), IIT, IIM के समकक्ष देश में वैश्विक मानकों की सर्वश्रेष्ठ बहु-विषयक शिक्षा के मॉडल के रूप में स्थापित किये जाएंगे।
    - मज़बूत अनुसंधान संस्कृति को बढ़ावा देने और उच्च शिक्षा में अनुसंधान क्षमता के निर्माण के लिये राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन को एक शीर्ष निकाय के रूप में बनाया जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**

- भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (HECI) को चिकित्सा और कानूनी शिक्षा को छोड़कर, संपूर्ण उच्च शिक्षा के लिये एकल छत्र निकाय के रूप में स्थापित किया जाएगा। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- कॉलेजों की संबद्धता को 15 वर्षों में चरणबद्ध रूप से समाप्त किया जाना है और कॉलेजों को श्रेणीबद्ध स्वायत्तता प्रदान करने के लिये चरण-वार तंत्र स्थापित किया जाएगा।

64 C

व्याख्या:

- नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस' (NDPS) अधिनियम, 1985:
  - यह किसी व्यक्ति को किसी भी मादक दवा या साइकोट्रोपिक पदार्थ के उत्पादन, रखने, बेचने, खरीदने, परिवहन, भंडारण और/या उपभोग करने से रोकता है।
  - NDPS अधिनियम में तब से तीन बार संशोधन किया गया है - वर्ष 1988, 2001 और 2014 में।
  - यह अधिनियम पूरे भारत में लागू है और यह भारत के बाहर के सभी भारतीय नागरिकों और भारत में पंजीकृत जहाज़ों और विमानों पर सभी व्यक्तियों पर भी लागू होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - यह अधिनियम नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों से संबंधित संचालन के नियंत्रण और विनियमन संबंधित कड़े प्रावधान करता हैं।
- यह नशीले पदार्थों और साइकोट्रोपिक पदार्थों के अवैध व्यापार से प्राप्त या उपयोग की गई संपत्ति की ज़ब्ती का भी प्रावधान करता है।
- यह कुछ मामलों में मौत की सज़ा का भी प्रावधान करता है जहाँ एक ही व्यक्ति बार-बार वही अपराध करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

65 D

व्याख्या:

- क्लस्टर्ड रेगुलरली इंटरस्पेस्ड शॉर्ट पैलिंड्रोमिक रिपीट (CRISPR) एक जीन एडिटिंग तकनीक है, जो Cas9 नामक एक विशेष प्रोटीन का उपयोग करके वायरस के हमलों से लड़ने के लिये बैक्टीरिया में प्राकृतिक रक्षा तंत्र की प्रतिकृति का निर्माण करती है।
- यह आमतौर पर जेनेटिक इंजीनियरिंग के रूप में वर्णित प्रक्रिया के माध्यम से आनुवंशिक सामग्री को जोड़ने, हटाने या बदलने में सहायक होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- CRISPR-Cas9 तकनीक को अक्सर 'जेनेटिक कैंची' के रूप में वर्णित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस तकनीक की तुलना अक्सर सामान्य कंप्यूटर प्रोग्रामों के 'कट-कॉपी-पेस्ट' या 'ढूंढें-बदलें' कार्यात्मकताओं से की जाती है।
  - DNA अनुक्रम में गड़बड़ी, जो बीमारी या विकार का कारण होती है, को काटकर हटा दिया जाता है और फिर एक 'सही' अनुक्रम से बदल दिया जाता है।
  - इसे प्राप्त करने के लिये उपयोग किये जाने वाले उपकरण जैव रासायनिक यानी विशिष्ट प्रोटीन और आरएनए अणु हैं।
  - प्रौद्योगिकी कुछ बैक्टीरिया में एक प्राकृतिक रक्षा तंत्र की नकल करती है जो स्वयं को वायरस के हमलों से बचाने के लिये एक समान विधि का उपयोग करती है।

66 C

व्याख्या:

- जलवायु वित्त के प्रावधान को सुविधाजनक बनाने हेतु UNFCCC ने विकासशील देशों को वित्तीय संसाधन प्रदान करने के लिये वित्तीय तंत्र की स्थापना की है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वित्त संरचना क्योटो प्रोटोकॉल और पेरिस समझौते का भी समर्थन करती है।
- यह निर्दिष्ट करता है कि वित्तीय तंत्र के संचालन को एक या अधिक मौजूदा अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं को सौंपा जा सकता है, वर्ष 1994 में कन्वेंशन के प्रवेश के बाद से वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF) ने वित्तीय तंत्र के संचालन संस्थान के रूप में काम किया है।

नोट :

- पार्टियों ने वर्ष 2010 में COP16 में ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF) की स्थापना की और इसे वर्ष 2011 में वित्तीय तंत्र की एक परिचालन इकाई के रूप में नामित किया। **अत: कथन 2 सही है।**
- वित्तीय तंत्र COP को रिपोर्ट करता है, जो इसकी नीतियों, कार्यक्रम की प्राथमिकताओं और वित्तपोषण पात्रता मानदंड को निर्धारित करता है।

67 D

व्याख्या:

- LCH दुनिया का एकमात्र लड़ाकू हेलीकॉप्टर है जो 5,000 मीटर की ऊँचाई पर हथियारों और ईंधन के काफी भार के साथ लैंडिंग एवं टेक ऑफ में सक्षम है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह हेलीकॉप्टर रडार संकेतकों (सिग्नेचर) से बचाव के लिये रडार-अवशोषित तकनीकी का उपयोग करता है जिसमें क्रैश-प्रूफ संरचना एवं लैंडिंग गियर है।
- दबावयुक्त केबिन परमाणु, जैविक और रासायनिक (NBC) आकस्मिक व्यय से सुरक्षा प्रदान करता है।
- यह हेलीकॉप्टर काउंटरमेज़र डिस्पेंसिंग सिस्टम से लैस है जो इसे दुश्मन के रडार या दुश्मन की मिसाइलों से बचाता है।
- LCH हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा निर्मित दो फ्राँसीसी मूल के शक्ति इंज़नों द्वारा संचालित है। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारतीय वायु सेना में स्वदेश में विकसित बहु-भूमिका वाले हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर (LCH), प्रचंड को औपचारिक रूप से में शामिल किया गया है जो उच्च ऊँचाई वाले युद्ध क्षेत्रों में संचालन के लिये उपयुक्त है। **अत: कथन 3 सही है।**

68 A

व्याख्या:

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने महत्त्वपूर्ण संविधान पीठ के मामलों में अपनी कार्यवाही को लाइव स्ट्रीम करने का निर्णय लिया, जिसकी सुनवाई 27 सितंबर, 2022 को हुई।
- स्वप्निल त्रिपाठी बनाम भारतीय सर्वोच्च न्यायालय मामले (2018) में सर्वोच्च न्यायालय ने लाइव स्ट्रीमिंग के ज़रिये इसे खोलने के पक्ष में फैसला सुनाया था।
- इसने माना कि लाइव स्ट्रीमिंग की कार्यवाही संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा) के तहत न्याय तक पहुँचने के अधिकार का हिस्सा है।
- गुजरात उच्च न्यायालय पहला उच्च न्यायालय था जिसने न्यायालयी कार्यवाही को लाइवस्ट्रीम किया और उसके बाद कर्नाटक उच्च न्यायालय ने की। अत: विकल्प A सही है।
- गुजरात उच्च न्यायालय, कर्नाटक उच्च न्यायालय के बाद न्यायालयी कार्यवाही को लाइवस्ट्रीम करने वाला उच्च न्यायालय था।

69 C

व्याख्या:

- 17 नवंबर, 1913 को मानगढ़ (बाँसवाड़ा, राजस्थान) में एक भयानक नरसंहार हुई जिसमें 1,500 से अधिक भील आदिवासी मारे गए।
  - भीलों (जो एक आदिवासी समुदाय है) को रियासतों के शासकों और अंग्रेज़ो के हाथों काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।
  - गोविन्द गुरु के नेतृत्व में हजारों भील जबरन मजदूरी, भीलों पर लगाए गए उच्च कर और अंग्रेजों और रियासतों के शासकों द्वारा गुरु के अनुयायियों के उत्पीड़न के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई के लिये मानगढ़ पहाड़ी पर एकत्रित हुए।
  - अंग्रेज़ो ने तब भीलों को 15 नवंबर, 1913 से पहले मानगढ़ पहाड़ी छोड़ने के लिये कहा।
    - लेकिन ऐसा नहीं हुआ और 17 नवंबर, 1913 को ब्रिटिश भारतीय सेना ने भील प्रदर्शनकारियों पर अंधाधुंध गोलियाँ चलाईं और कहा जाता है कि इस त्रासदी में महिलाओं एवं बच्चों सहित 1,500 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- गुजरात-राजस्थान सीमा पर स्थित मानगढ़ पहाड़ी को आदिवासी जलियाँवाला के नाम से भी जाना जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

70 D

नोट :

व्याख्या:

- भीलों को सामान्यत: राजस्थान का धनुर्धर कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह भारत के सबसे व्यापक रूप से विस्तृत आदिवासी समुदाय हैं।
- भील भारत में सबसे बड़ा आदिवासी समुदाय है, इसके बाद गोंड और संथाल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- मोटे तौर पर इन्हें दो प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है:
    - प्रमुख या मूल भील (Central or pure bhils)
    - पूर्वी या राजपूत भील।
- **अत: कथन 3 सही है।**
- प्रमुख भील समुदाय भारत में मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान के पर्वतीय क्षेत्रों में स्थित हैं और यह त्रिपुरा के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में भी मिल सकते हैं।
- इन्हें आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और त्रिपुरा में अनुसूचित जनजाति के रूप में संदर्भित किया जाता है।

71 B

व्याख्या:

- मधुमेह एक गैर-संचारी रोग (NCD) है जो या तो तब होता है जब अग्न्याशय पर्याप्त इंसुलिन (एक हार्मोन जो रक्त शर्करा, या ग्लूकोज को नियंत्रित करता है) का उत्पादन नहीं करता है, या जब शरीर इंसुलिन का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर सकता है, तो यह उत्पादन करता है।
- मधुमेह के प्रकार:
    - टाइप 1 मधुमेह:
        - इसे किशोर मधुमेह के रूप में भी जाना जाता है (क्योंकि यह ज़्यादातर 14-16 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करता है), यह प्रकार तब होता है जब शरीर पर्याप्त इंसुलिन का उत्पादन करने में विफल रहता है।
        - यह मुख्य रूप से बच्चों और किशोरों में निदान किया जाता है। हालाँकि प्रसार कम है, यह टाइप 2 की तुलना में बहुत अधिक गंभीर है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - टाइप 2 मधुमेह:
        - यह शरीर के इंसुलिन का उपयोग करने के तरीके को प्रभावित करता है। जबकि शरीर अभी भी इंसुलिन बनाता है।
        - टाइप 2 मधुमेह किसी भी उम्र में हो सकता है, यहाँ तक कि बचपन के दौरान भी। हालाँकि इस प्रकार का मधुमेह अक्सर मध्यम आयु वर्ग और वृद्ध लोगों में होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - जेस्टेशनल डायबिटीज़: यह प्रकार गर्भावस्था के दौरान महिलाओं में होता है जब शरीर कभी-कभी इंसुलिन के प्रति कम संवेदनशील हो जाता है। गर्भावधि मधुमेह सभी महिलाओं में नहीं होता है और आमतौर पर जन्म देने के बाद हल हो जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- मधुमेह का प्रभाव: यह पाँच प्रमुख अंगों को प्रभावित करता है, अर्थात् गुर्दे, हृदय, रक्त वाहिकाओं, तंत्रिका तंत्र और आँखें (रेटिना)।
- ज़िम्मेदार कारक: मधुमेह में वृद्धि का कारण बनने वाले कारक अस्वास्थ्यकर आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी, शराब का हानिकारक उपयोग, अधिक वजन / मोटापा, तंबाकू का उपयोग आदि हैं।

72 A

व्याख्या:

- जेनेटिक इंजीनियरिंग मूल्यांकन समिति (GEAC) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत कार्य करती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- नियमावली 1989 के अनुसार, यह समिति अनुसंधान और औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में खतरनाक सूक्ष्मजीवों एवं पुन: संयोजकों के बड़े पैमाने पर उपयोग संबंधी गतिविधियों का पर्यावरणीय दृष्टिकोण से मूल्यांकन करती है।

नोट :

- यह समिति प्रायोगिक क्षेत्र परीक्षणों सहित आनुवंशिक रूप से उत्पन्न जीवों और उत्पादों के निवारण से संबंधित प्रस्तावों का भी मूल्यांकन करती है।
- इस समिति की अध्यक्षता पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के विशेष सचिव द्वारा की जाती है, जैव प्रौद्योगिकी विभाग का एक प्रतिनिधि इसका सह-अध्यक्ष होता है।
- वर्तमान में इसमें 24 सदस्य हैं और संबंधित क्षेत्रों में आवेदनों की समीक्षा के लिये हर महीने इसकी बैठक होती है।
- इसने आनुवंशिक रूप से संशोधित (GM) सरसों के व्यावसायिक उत्पादन को मंजूरी दी है। **अतः कथन 2 सही है।**

73 C

व्याख्या:

- यह जल संसाधन मंत्रालय का एक अधीनस्थ कार्यालय है और राष्ट्रीय शीर्ष एजेंसी है जिसे देश के भूजल संसाधनों के प्रबंधन, अन्वेषण, निगरानी, मूल्यांकन, वृद्धि तथा और विनियमन हेतु वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना वर्ष 1970 में कृषि मंत्रालय के अधीन अन्वेषण कार्य ट्यूबवेल संगठन (Exploratory Tubewells Organization) का नाम बदलकर की गई थी जिसे वर्ष 1972 के दौरान भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के भूजल प्रभाग के साथ विलय कर दिया गया था।
- केंद्रीय भूजल बोर्ड एक बहु-विषयक वैज्ञानिक संगठन है जिसमें हाइड्रोजियोलॉजिस्ट, भूभौतिकीविद्, रसायनज्ञ, जलविज्ञानी, हाइड्रोमेटियोरोलॉजिस्ट और इंजीनियर शामिल हैं और इसका मुख्यालय भुजल भवन, NH4, फरीदाबाद, हरियाणा में है। **अतः कथन 2 सही है।**

74 C

व्याख्या:

- समग्र शिक्षा - प्री-स्कूल से कक्षा 12 तक विस्तारित स्कूल शिक्षा क्षेत्र के लिये एक व्यापक कार्यक्रम है, इसलिये स्कूली शिक्षा के समान अवसरों और समान सीखने के परिणामों के संदर्भ में मापी गई स्कूल प्रभावशीलता में सुधार के व्यापक लक्ष्य के साथ तैयार किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह सर्व शिक्षा अभियान (SSA), राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान (RMSA) और शिक्षक शिक्षा (TE) की तीन पूर्ववर्ती योजनाओं को समाहित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह क्षेत्र-व्यापी विकास कार्यक्रम/योजना सभी स्तरों पर विशेष रूप से राज्य, ज़िला और उप-ज़िला स्तर की प्रणालियों और संसाधनों का उपयोग करने में कार्यान्वयन तंत्र एवं लेनदेन की लागत को सुसंगत बनाने में मदद करेगी, इसके अलावा स्कूल शिक्षा के विकास हेतु व्यापक रणनीतिक योजना की परिकल्पना भी करेगी।
- प्रमुख बदलाव परियोजना के उद्देश्यों से प्रणाली स्तर के प्रदर्शन और स्कूली शिक्षा के परिणामों में सुधार करने के लिये है, जो शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिये राज्यों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ संयुक्त योजना पर ज़ोर होगा।

75 D

व्याख्या:

- वर्ष 1990 के बाद से मानव विकास रिपोर्ट (HDR) प्रकाशित की जाती रही हैं और कई मुद्दों का अध्ययन करने के लिये मानव विकास पद्धति का उपयोग किया है।
- यह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) के लिये मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय द्वारा प्रकाशित किया जाता है।
- लक्ष्य: इसका लक्ष्य अवसरों, विकल्पों और स्वतंत्रता के विस्तार की दिशा में योगदान करना है।
- थीम: मानव विकास रिपोर्ट 2021-22 की थीम अनसर्टेन टाइम्स, अनसेटल्ड लाइव्स: शेपिंग अवर फ्यूचर इन ए वर्ल्ड इन ट्रांसफॉर्मेशन है।
- मानव विकास सूचकांक:
    - यह एक समग्र सूचकांक है जो मानव विकास रिपोर्ट का एक हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह चार संकेतकों को ध्यान में रखते हुए मानव विकास में औसत उपलब्धि को मापता है:

- जन्म के समय जीवन प्रत्याशा (सतत् विकास लक्ष्य 3),
- स्कूली शिक्षा के अपेक्षित वर्ष (सतत् विकास लक्ष्य 4.3),
- स्कूली शिक्षा के औसत वर्ष (सतत् विकास लक्ष्य 4.4),
- सकल राष्ट्रीय आय (GNI) (सतत् विकास लक्ष्य 8.5)। **अतः कथन 2 सही है।** अतः विकल्प D सही उत्तर है।

76 B

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (UNESCO) द्वारा प्रत्येक वर्ष 19 नवंबर से 25 नवंबर तक विश्व धरोहर सप्ताह मनाया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत में विश्व धरोहर सप्ताह भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा मनाया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसका उद्देश्य समृद्ध धरोहर के प्रति लोगों को जागरूक करना और इनके संरक्षण के लिये प्रयास करना है।
  - भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण और कई अन्य संग्रहालयों द्वारा प्राचीन स्मारकों के महत्त्व एवं संरक्षण के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिये विश्व धरोहर सप्ताह मनाया जाता है।
  - इस उपलक्ष्य में ऐतिहासिक संरचनाओं, पर्यटन स्थलों और देश की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासत से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम किये जाते हैं।
  - विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों द्वारा प्रश्नोत्तरी और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन करके इसे मनाया जाता है।

77 A

व्याख्या:

- चालू खाता घाटा तब होता है जब किसी देश द्वारा आयात की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य उसके द्वारा निर्यात की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य से अधिक होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- वस्तुओं के निर्यात और आयात के संतुलन को व्यापार संतुलन के रूप में जाना जाता है। ट्रेड बैलेंस 'चालू खाता शेष' का एक हिस्सा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- चालू खाता: यह दृश्यमान (जिसे वस्तु या सामान भी कहा जाता है - व्यापार संतुलन का प्रतिनिधित्व करता है) और अदृश्य (जिसे गैर-माल भी कहा जाता है) के निर्यात और आयात को दर्शाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - अदृश्य में सेवाएँ, हस्तांतरण और आय शामिल हैं।

78 C

व्याख्या:

- हरित बॉण्ड विभिन्न कंपनियों, देशों एवं बहुपक्षीय संगठनों द्वारा विशेष रूप से सकारात्मक पर्यावरणीय या जलवायु लाभ वाली परियोजनाओं को वित्तपोषित करने हेतु जारी किये जाते हैं और निवेशकों को निश्चित आय भुगतान प्रदान करते हैं।
- किसी परियोजना को चार प्रमुख सिद्धांतों के आधार पर "हरित" के रुप में वर्गीकृत किया जाता है। जिसमें संसाधन उपयोग में ऊर्जा दक्षता को प्रोत्साहित करना, कार्बन उत्सर्जन और ग्रीन हाउस गैसों को कम करना, जलवायु अनुकूलन को बढ़ावा देना और/या विशेष रूप से SDG (सतत् विकास लक्ष्यों) के अनुसार प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता में सुधार करना शामिल है।
- जब ये बॉण्ड संप्रभु प्राधिकरण या सरकार द्वारा मूलधन के पुनर्भुगतान और ब्याज के भुगतान से संबंधित गारंटी प्रदान करते हैं तो इन्हें संप्रभु हरित बॉण्ड (SGrB) कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - SGrB के माध्यम से जुटाई गई धनराशि समग्र सरकारी उधारी का हिस्सा होती है। अतः कथन 3 सही नहीं है।
  - SGrB दिनांकित प्रतिभूति का एक रूप है। इसकी अवधि और ब्याज दर निर्धारित होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (BIS) डेटाबेस के अनुसार SGrB हरित, सोशल एंड सस्टेनेबिलिटी (GSS) बॉण्ड का हिस्सा है। अतः कथन 4 सही है।

नोट :

79 A

व्याख्या:

- सरकारी बॉण्ड या सरकारी प्रतिभूतियों (G-sec) को आम तौर पर दो वर्गों में वर्गीकृत किया जाता है - ट्रेज़री बिल और दिनांकित या दीर्घकालिक प्रतिभूतियाँ। **अतः कथन 1 सही है।**
    - ट्रेजरी बिलों की परिपक्वता एक वर्ष से कम होती है और वे कूपन दरों को वहन नहीं करते हैं। इन्हें छूट पर जारी किया जाता है, जबकि अंकित मूल्य पर विमोचित होते हैं।
    - दिनांकित या दीर्घकालिक प्रतिभूतियाँ 1 वर्ष से ऊपर और 40 वर्ष तक की अवधि के लिये जारी की जाती हैं। ये बॉण्ड कूपन दरों को वहन करते हैं तथा प्रतिभूति बाज़ार में व्यापार योग्य हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

80 C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) द्वारा जनवरी 2019 में लॉन्च किया गया था।
- यह अगले पाँच वर्षों में भारी (व्यास 10 माइक्रोमीटर या उससे कम या PM10 के कण पदार्थ) और महीन कणों (व्यास 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम या PM2.5 के कण पदार्थ) के संकेंद्रण में कम-से-कम 20% की कटौती करेगा, जिसकाआधार वर्ष 2017 है।
- इसमें 132 गैर-प्राप्ति वाले शहर शामिल हैं जिनकी पहचान केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा की गई थी।
    - गैर-प्राप्ति वाले शहर (Non- Attainment Cities) वे शहर हैं जो पाँच वर्षों से अधिक समय से राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (NAAQS) को पूरा करने में विफल रहे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
        - NAAQs वायु (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के तहत CPCB द्वारा अधिसूचित विभिन्न पहचाने गए प्रदूषकों के संदर्भ में परिवेशी वायु गुणवत्ता के मानक हैं। NAAQS के तहत प्रदूषकों की सूची में PM10, PM2.5, $SO_2$, $NO_2$, CO, $NH_3$, ओज़ोन, लेड, बेंज़ीन, बेंज़ो-पाइरेन, आर्सेनिक और निकेल शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**

81 A

व्याख्या:

- कार्बन कैप्चर, यूटिलाइज़ेशन और स्टोरेज (CCUS) के अंतर्गत फ्लू गैस और वातावरण से $CO_2$ को हटाने के तरीकों एवं प्रौद्योगिकियों को शामिल किया गया है। इसके बाद $CO_2$ को उपयोग करने के लिये उसका पुनर्चक्रण तथा सुरक्षित और स्थायी भंडारण विकल्पों का निर्धारण किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- $CO_2$ को CCUS प्रौद्योगिकी का उपयोग करके ईंधन (मीथेन और मेथनॉल), रेफ्रिज़रेंट और निर्माण संबंधित सामग्री में परिवर्तित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संचय की गई गैस का उपयोग सीधे ही आग बुझाने वाले यंत्रों, फार्मा, खाद्य और पेय उद्योगों के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में भी किया जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- CCUS प्रौद्योगिकियाँ नेट ज़ीरो लक्ष्यों को पूरा करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं, जिसमें भारी उद्योगो से उत्सर्जित कार्बन से निपटने और वातावरण से कार्बन को हटाने से संबंधित कुछ समाधान शामिल है।
- CCUS को वर्ष 2030 तक देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करने तथा वर्ष 2050 तक नेट ज़ीरो के लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करने हेतु एक महत्त्वपूर्ण उपकरण माना जाता है।
- यह ग्लोबल वार्मिंग को 2 °C (डिग्री सेल्सियस) तक सीमित रखने के लिये पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने हेतु महत्त्वपूर्ण है, साथ ही पूर्व-औद्योगिक स्तरों पर 1.5 डिग्री सेल्सियस के लिये बेहतर भूमिका निभा सकती है।

82 D

व्याख्या:

- भारत ने मिस्र के शर्म अल-शेख में चल रहे पार्टियों के 27 वें सम्मेलन (COP27) में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन

(UNFCCC) को अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीति (LT-LEDS) प्रस्तुत की है।

- (LT-LEDS) को (LiFE) लाइफस्टाइल फॉर द एनवायरनमेंट के विजन से भी सूचित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- रणनीति ऊर्जा सुरक्षा के संबंध में राष्ट्रीय संसाधनों के तर्कसंगत उपयोग पर ध्यान केंद्रित करेगी।
  - जीवाश्म ईंधन से संक्रमण एक न्यायसंगत, सुचारू, टिकाऊ और सर्व-समावेशी तरीके से किया जाएगा।
  - यह रणनीति जैव ईंधन के बढ़ते उपयोग को बढ़ावा देगी, विशेष रूप से पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण, इलेक्ट्रिक वाहन प्रवेश बढ़ाने के लिये अभियान और हरित हाइड्रोजन ईंधन के बढ़ते उपयोग से परिवहन क्षेत्र में कम कार्बन उत्सर्जन होने की उम्मीद है।
- भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के अधिकतम उपयोग, इथेनॉल सम्मिश्रण को वर्ष 2025 तक 20% तक पहुँचाने और यात्री व माल ढुलाई के लिये सार्वजनिक परिवहन मॉडल में एक मज़बूत बदलाव की संभावना है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - निम्न-आधार, टिकाऊ भविष्य और जलवायु-अनुकूल शहरी विकास स्मार्ट सिटी पहल को ऊर्जा और संसाधन दक्षता बढ़ाने के लिये शहरों की एकीकृत योजना, प्रभावी ग्रीन बिल्डिंग कोड तथा अभिनव ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन में तेज़ी से विकास से प्रेरित होगी।
- औद्योगिक क्षेत्र 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' के परिप्रेक्ष्य में जारी रहेगा।
  - भारत प्रदर्शन, उपलब्धि और व्यापार (PAT) योजना, राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन, विद्युतीकरण बढ़ाने, सामग्री दक्षता बढ़ाने और रीसाइक्लिंग एवं उत्सर्जन को कम करने के तरीकों से ऊर्जा दक्षता में सुधार पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। **अतः कथन 3 सही है।**

83 B

व्याख्या:

- भारतीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग (ITEC) कार्यक्रम 15 सितंबर, 1964 को भारत सरकार द्वारा द्विपक्षीय सहयोग और तकनीकी सहायता कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ITEC और उसके सहयोगी कार्यक्रम SCAAP (विशेष राष्ट्रमंडल अफ्रीकी सहायता कार्यक्रम) के तहत एशिया, अफ्रीका, पूर्वी यूरोप, लैटिन अमेरिका, के 161 देशों के साथ-साथ कैरिबियन और प्रशांत क्षेत्र के छोटे द्वीपीय देशों को भी एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत के अस्तित्व के छह दशकों में प्राप्त भारतीय विकासात्मक अनुभव को साझा करने के लिये आमंत्रित किया गया है।
- भारत सरकार द्वारा पूरी तरह से वित्त पोषित आईटीईसी कार्यक्रम पिछले कुछ वर्षों में विकसित हुआ है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ITEC कार्यक्रम भारत में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करने के लिये विदेश में भारतीय विशेषज्ञों की प्रतिनियुक्ति आपदा राहत, उपकरण उपहार में देने, अध्ययन दौरों और व्यवहार्यता अध्ययन/परामर्श सेवाओं के लिये सहायता प्रदान करता है।

84 B

व्याख्या:

- भारत सरकार ने वर्ष 2015 के तीसरे भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन की प्रतिबद्धताओं के तहत, उभरते हुए क्षेत्रों में प्रमुख भारतीय संस्थानों द्वारा प्रस्तुत पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने के लिये अफ्रीका में छात्रों और पेशेवरों हेतु 15,000 छात्रवृत्तियों की घोषणा की।
- ई-विद्या भारती नेटवर्क परियोजना के रूप में घोषित पहल अगले पाँच वर्षों तक चलेगी और प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम प्रदान करेगी।

85 C

व्याख्या:

- शहरी स्थानीय सरकार आठ प्रकार के शहरी स्थानीय निकाय के रूप में कार्यरत हैं:
  - नगर निगम: नगर निगम (Municipal corporations) आमतौर पर बंगलुरु, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता जैसे बड़े नगरों में कार्यरत हैं।
  - नगरपालिका: छोटे शहरों में नगरपालिकाओं (Municipalities) का प्रावधान है। नगरपालिकाओं को प्राय: नगर परिषद, नगरपालिका समिति, नगरपालिका बोर्ड जैसे अन्य नामों से भी जाना जाता है।

नोट :

- अधिसूचित क्षेत्र समिति: तेज़ी से विकसित हो रहे क़स्बों और बुनियादी सुविधाओं से वंचित क़स्बों के लिये अधिसूचित क्षेत्र समितियों (Notified area committees) का गठन किया जाता है। अधिसूचित क्षेत्र समिति के सभी सदस्य राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किये जाते हैं। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- नगर क्षेत्र समिति (Town Area Committee): यह छोटे शहरों में पाई जाती है। इसके पास स्ट्रीट लाइटिंग, ड्रेनेज रोड और कंजर्वेंसी जैसे न्यूनतम अधिकार होते हैं।
- छावनी बोर्ड: यह आमतौर पर छावनी क्षेत्र में रहने वाले नागरिक आबादी के लिये स्थापित किया जाता है। इसे केंद्र सरकार द्वारा गठित और संचालित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- टाउनशिप: किसी संयंत्र या प्लांट के पास स्थापित कॉलोनियों में रहने वाले कर्मचारियों और श्रमिकों को बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिये टाउनशिप के रूप में शहरी सरकार स्थापित की जाती है। इसका कोई निर्वाचित सदस्य नहीं होता और यह नौकरशाही संरचना का ही विस्तार होता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- पोर्ट ट्रस्ट: पोर्ट ट्रस्ट (Port trusts) मुंबई, चेन्नई, कोलकाता जैसे बंदरगाह क्षेत्रों में स्थापित किये गए हैं। यह बंदरगाह का प्रबंधन और देखभाल करता है। यह उस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बुनियादी नागरिक सुविधाएँ भी प्रदान करता है।
- विशेष प्रयोजन एजेंसी: विशेष प्रयोजन एजेंसियाँ (Special Purpose Agency) नगर निगमों या नगरपालिकाओं से संबंधित निर्दिष्ट गतिविधियों या विशिष्ट कार्यों को पूरा करती हैं।

86 A

व्याख्या:

- अनुच्छेद 246 संघ और राज्यों के बीच विधायी शक्ति के तीन स्तर में वितरण को स्वीकार करता है।
  - भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुच्छेद 246 में तीन सूचियाँ यथा- संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची दी गई हैं। सूची-I- संघ सूची, सूची-II- राज्य सूची और सूची-III- समवर्ती सूची।
- समवर्ती सूची: संसद और राज्य विधानमंडल दोनों, समवर्ती सूची में शामिल किसी भी मामले के संबंध में कानून बना सकते हैं।
  - इसमें वे मामले शामिल हैं जिन पर पूरे देश में कानून की एकरूपता वांछनीय है लेकिन आवश्यक नहीं है।
  - हालाँकि राज्य कानून इस हद तक संचालित होता है कि यह केंद्रीय कानून के साथ संघर्ष न हो। कभी-कभी केंद्रीय कानून की मौजूदगी राज्य की कानून बनाने की क्षमता को नकार सकती है।
    - अनुच्छेद 254 (2) राज्य सरकार को समवर्ती सूची में किसी भी विषय पर कानून पारित करने में सक्षम बनाता है, जो केंद्रीय कानून का खंडन कर सकता है, बशर्ते उसे राष्ट्रपति की सहमति मिल जाए। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस सूची में वर्तमान में 52 विषय (मूल रूप से 47) हैं जैसे आपराधिक कानून और प्रक्रिया, नागरिक प्रक्रिया, विवाह एवं तलाक, जनसंख्या नियंत्रण तथा परिवार नियोजन, बिजली, श्रम कल्याण, आर्थिक और सामाजिक नियोजन, ड्रग्स, समाचार पत्र, किताबें और प्रिंटिंग प्रेस अन्य।
  - वर्ष 1976 के 42वें संशोधन अधिनियम ने पाँच विषयों को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित कर दिया अर्थात शिक्षा, वन, बाट और माप, जंगली जानवरों और पक्षियों की सुरक्षा एवं न्याय प्रशासन; उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों को छोड़कर सभी न्यायालयों का गठन और संगठन। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

87 C

व्याख्या:

- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (University Grants Commission- UGC):
  - 28 दिसंबर, 1953 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ने औपचारिक तौर पर यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन की नींव रखी थी।
  - विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विश्वविद्यालयी शिक्षा के मापदंडों के समन्वय, निर्धारण और अनुरक्षण हेतु वर्ष 1956 में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित एक स्वायत्त संगठन है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- इसका मुख्यालय देश की राजधानी नई दिल्ली में अवस्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**

88 C

व्याख्या:

- चुनावी बॉण्ड प्रॉमिसरी नोट्स के रुप में मुद्रा के साधन होते हैं, जिन्हें भारत में कंपनियों और व्यक्तियों द्वारा भारतीय स्टेट बैंक (SBI) से खरीदा जा सकता है तथा इसे किसी राजनीतिक दल को दान किया जा सकता है, जो बॉण्ड को भुना सकता है।
- भारत में राजनीतिक फंडिंग को पारदर्शी बनाने के लिये वर्ष 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की गई थी।
- वर्ष 2022 में चुनावी बॉण्ड योजना में किये गए संशोधन :
  - 15 दिनों की अतिरिक्त अवधि:
    - इसमें एक नया प्रावधान शामिल किया गया कि केंद्र सरकार द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं के आम चुनावों वाले वर्ष में इसके लिये पंद्रह दिनों की अतिरिक्त अवधि निर्दिष्ट की जाएगी। **अतः कथन 1 सही है।**
- वर्ष 2018 में जब चुनावी बॉण्ड योजना पेश की गई थी, तो ये बॉण्ड जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्तूबर में 10-10 दिनों की अवधि के लिये उपलब्ध कराए गए थे, जैसा कि केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट किया जा सकता है।
  - वैधता:
    - चुनावी बॉण्ड जारी होने की तारीख से पंद्रह कैलेंडर दिनों के लिये वैध होंगे और वैधता अवधि की समाप्ति के बाद चुनावी बॉण्ड ज़मा किये जाने पर किसी भी प्राप्तकर्त्ता राजनीतिक दल को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा।
    - पात्र राजनीतिक दल द्वारा ज़मा किया गया चुनावी बॉण्ड उसके खाते में उसी दिन क्रेडिट हो जाएगा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - पात्रता:
    - जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29A के तहत केवल पंजीकृत राजनीतिक दल, जिन्होंने लोकसभा या राज्य विधानसभा के पिछले आम चुनाव में कम-से-कम 1% वोट हासिल किये हैं, चुनावी बॉण्ड प्राप्त करने के लिये पात्र हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

89 C

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA)वर्ष 1974 में पेरिस (फ्राँस) में स्थापित एक स्वायत्त अंतर-सरकारी संगठन है।
- IEA मुख्य रूप से आर्थिक विकास, ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण आदि शामिल हैं। इन नीतियों को 'अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी' के '3E' के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- IEA का इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी क्लीन कोल सेंटर, कोयले को सतत् विकास लक्ष्यों के अनुकूल ऊर्जा का स्वच्छ स्रोत बनाने पर स्वतंत्र जानकारी और विश्लेषण प्रदान करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण कार्य कर रहा है।
- IEA में सदस्य देशों की संख्या 30 है। इसमें आठ सहयोगी देश भी शामिल हैं।
- भारत मार्च 2017 में IEA का एक सहयोगी सदस्य बना, लेकिन इससे पूर्व भी IEA के साथ जुड़ा हुआ था। **अतः कथन 2 सही है।**

90 B

व्याख्या:

- भारत के विधि आयोग की 267वीं रिपोर्ट के अनुसार, हेट स्पीच को मुख्य रूप मतलब है जाति, जातीयता, लिंग, यौन अभिविन्यास, धार्मिक विश्वास और इसी तरह के संदर्भ में परिभाषित व्यक्तियों या समूह के खिलाफ घृणा उकसाना।
  - इस प्रकार, हेट स्पीच का अर्थ है नफरत फैलाने वाला भाषण , कोई भी शब्द है जो भय या अलार्म पैदा करने या हिंसा के इरादे से बोला जाता है।
- हेट स्पीच की कानूनी स्थिति:
  - भारतीय दंड संहिता के तहत:
    - IPC की धारा 153 A और 153 B: दो समूहों के बीच दुश्मनी और घृणा पैदा करने वाले कृत्यों को दंडित करती है।
    - IPC की धारा 295 A: उन कृत्यों को दंडित करने से संबंधित है जो जानबूझकर या दुर्भावनापूर्ण इरादे से व्यक्तियों के एक वर्ग

नोट :

की धार्मिक भावनाओं को अपमानित करते हैं।

- ऐसी सामग्री के प्रकाशन और प्रसार को अपराध बनाती है जो विभिन्न समूहों के बीच दुर्भावना या घृणा का कारण बन सकती है।

अत: कथन 1 सही नहीं है।

- जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत:
  - जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (RPA) की धारा 8: अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अवैध उपयोग के दोषी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 123 (3A) और 125: चुनाव के संदर्भ में नस्ल, धर्म, समुदाय, जाति या भाषा के आधार पर शत्रुता को बढ़ावा देने पर रोक लगाती है और इसे भ्रष्ट चुनावी प्रथाओं के तहत शामिल करती है।
- भारतीय दंड संहिता के तहत:
- IPC की धारा 153 A और 153 B: जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत शत्रुता पैदा करने वाले कृत्यों को दंडित करता है:
- जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 (RPA) की धारा 8: अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अवैध उपयोग के दोषी व्यक्ति को चुनाव लड़ने से रोकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 123 (3A) और 125: चुनाव के संदर्भ में नस्ल, धर्म, समुदाय, जाति या भाषा के आधार पर शत्रुता को बढ़ावा देने पर रोक लगाती है और इसे भ्रष्ट चुनावी प्रथाओं के तहत शामिल करती है।

91 A

व्याख्या:

- न्यायिक सक्रियता राज्य के कार्यों की जाँच करने के लिये अदालतों का अधिकार है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 और 226 के अनुसार, उच्च न्यायपालिका के पास किसी भी विधायी, कार्यकारी या प्रशासनिक कार्रवाई को असंवैधानिक और शून्य मानने की शक्ति है। भारतीय संविधान के मुख्य प्रावधानों में से एक न्यायिक समीक्षा का अधिकार है।
- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 में प्रावधान है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय में सीधे मामला दर्ज करने का अधिकार है।
- अनुच्छेद 226 उच्च न्यायालयों को नागरिकों के मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन अथवा 'किसी अन्य उद्देश्य' के लिये सभी प्रकार की रिट जारी करने का अधिकार प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है लेकिन कथन 2 सही नहीं है।
  - इस मामले में, ऐसा प्रतीत होता है कि अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय का अधिकार क्षेत्र अनुच्छेद 32 के तहत सर्वोच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से विस्तृत है।
  - अनुच्छेद 32 और 226 भारतीय संविधान की बुनियाद हैं। इसके अलावा, उच्च न्यायालय को भी अनुच्छेद 227 तहत निचली अदालतों, न्यायाधिकरणों और विशेष अदालतों से अधिक अधिकार दिया गया था। अत: कथन 3 सही नहीं है।

92 C

व्याख्या:

- 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना' को कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में गरीब और संवेदनशील वर्ग की सहायता करने के लिये 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज' (PMGKP) के हिस्से के रूप में शुरू किया गया था।
- इस योजना के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली (PDS) के माध्यम से पहले से ही प्रदान किये जा रहे 5 किलोग्राम अनुदानित खाद्यान्न के अलावा प्रत्येक व्यक्ति को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (NFSA), 2013 के तहत 5 किलोग्राम अतिरिक्त अनाज (गेहूँ या चावल) मुफ्त में उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- यह शुरू में तीन महीने की अवधि (अप्रैल, मई और जून 2020) के लिये घोषित किया गया था, जिसमें 80 करोड़ राशन कार्डधारक शामिल थे। बाद में इसे दिसंबर 2022 तक बढ़ा दिया गया था।
- वित्त मंत्रालय इसका नोडल मंत्रालय है।
- देश भर में लगभग 5 लाख राशन की दुकानों से वन नेशन वन राशन कार्ड (ONORC) योजना के तहत कोई भी प्रवासी श्रमिक या

लाभार्थी पोर्टेबिलिटी के माध्यम से मुफ्त राशन का लाभ उठा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- PMGKAY NFSA के तहत अंत्योदय अन्न योजना (AAY) और प्राथमिकता घरेलू (PHH) श्रेणियों के कार्डधारकों को लाभान्वित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

93 D

व्याख्या:

- ICCPR नागरिक और राजनीतिक अधिकारों की सुरक्षा प्रदान करने वाली एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार संधि है।
- ICCPR 'मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' और 'आर्थिक सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय नियम को संयुक्त रूप में 'अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार विधेयक' के रूप में माना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह विधेयक राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नीति और कानून के निर्माण और कार्यान्वयन में आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिये सरकार, राज्य और गैर-राज्य अभिकर्त्ताओं के निर्णयों और कार्यों को प्रभावित करता है।
- ICCPR उन देशों को बाध्य करता है जिन्होंने बुनियादी मानवाधिकारों की रक्षा और संरक्षण के लिये संधि की पुष्टि की है, जैसे: जीवन और मानव गरिमा का अधिकार; कानून के समक्ष समानता; भाषण, सभा और संघ की स्वतंत्रता; धार्मिक स्वतंत्रता और गोपनीयता; अत्याचार, दुर्व्यवहार, और मनमाने हिरासत से मुक्ति; लैंगिक समानता; निष्पक्ष परीक्षण का अधिकार; सही पारिवारिक जीवन और पारिवारिक एकता; और अल्पसंख्यक अधिकार।
- यह अनुबंध सरकारों को संधि में निहित अधिकारों की रक्षा और एक प्रभावी उपाय प्रदान करने के लिये प्रशासनिक, न्यायिक और विधायी उपाय करने के लिये बाध्य करता है।
- इस अनुबंध को वर्ष 1966 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाया गया था और यह वर्ष 1976 में लागू हुई। भारत ने इस अनुबंध की पुष्टि की है। **अतः कथन 2 सही है।**

94 D

व्याख्या:

- शॉर्ट सर्विस कमीशन (SSC) योजना के तहत, महिलाओं को 10 वर्ष की अवधि के लिये सेना में शामिल किया गया था, जिसे 14 वर्ष (10+4) तक बढ़ाया जा सकता है।
- हालाँकि, महिलाओं को आर्मी एजुकेशन कोर, कोर ऑफ सिग्नल, इंटेलिजेंस कोर और कोर ऑफ इंजीनियर्स जैसी निर्दिष्ट धाराओं में भूमिकाओं तक सीमित रक्खा गया था। इन निर्दिष्ट धाराओं में पैदल सेना और बख्तरबंद कोर जैसे लड़ाकू हथियार शामिल नहीं थे।
- हालाँकि, 2019 के नीति वक्तव्य में, सरकार ने 'कॉम्बैट सपोर्ट आर्म्स' और 'सर्विसेज' सेक्शन की 10 धाराओं में एसएससी महिला अधिकारियों के लिए स्थायी कमीशन का समर्थन किया। लेकिन यह कहा गया कि महिला अधिकारियों को किसी भी कमान की नियुक्ति की पेशकश नहीं की जाएगी, और केवल स्टाफ पदों पर काम करेंगी।
- वर्ष 2020 में सर्वोच्च न्यायालय ने युद्ध समर्थन हथियारों और सेवाओं की 10 धाराओं में पीसी के अनुदान के लिये सेवा के वर्षों के आधार पर सभी भेदभाव को दूर कर दिया है, उन्हें पुरुष अधिकारियों के बराबर लाया है।
  - न्यायालय ने कहा कि महिला अधिकारी गैर-लड़ाकू क्षेत्रों में कमांड पोस्ट के लिये भी पात्र होंगी क्योंकि "महिलाओं पर मानदंड या कमांड नियुक्तियों की पूर्ण रोक अनुच्छेद 14 के तहत समानता की गारंटी के अनुकूल नहीं है"। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - मामला-दर-मामला आधार पर फैसला लेने का काम सेना पर छोड़ दिया गया था।
- भारतीय वायु सेना अधिनियम, 1950 की धारा 12 ने महिला अधिकारियों को वायु सेना में काम करने के लिये अपात्र बना दिया, सिवाय ऐसे कोर, विभाग, शाखा या निकाय में जो वायु सेना का हिस्सा है या उससे जुड़ा हुआ है।
  - नवंबर 1991 में केंद्र सरकार ने वायु सेना के उन विंगों को अधिसूचित करके इस योग्य बनाया जहाँ महिलाओं को नामांकित या नियोजित किया जा सकता था।
    - ये सभी शॉर्ट सर्विस कमीशन पर कार्यरत थे न कि स्थायी कमीशन पर।
  - वर्ष 2010 में सर्वोच्च न्यायालय ने महिला अधिकारियों को स्थायी कमीशन देने के पक्ष में फैसला सुनाया इस प्रकार एक याचिका के जवाब में आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हुआ। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- 2022 में, सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र और भारतीय वायु सेना को निर्देश दिया कि वे 32 सेवानिवृत्त महिला शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) अधिकारियों को उनकी उपयुक्तता के आधार पर पेंशन लाभ देने के उद्देश्य से स्थायी कमीशन देने पर विचार करें।

95 A

व्याख्या:

- भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India-RBI) द्वारा देश में डिजिटल/कैशलेस भुगतान की स्थिति के अध्ययन के लिये एक समग्र डिजिटल भुगतान सूचकांक (Digital Payments Index-DPI) जारी किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- RBI द्वारा DPI के मापन में 5 व्यापक पैरामीटर्स को शामिल किया गया है जो देश में विभिन्न समयावधि में हुए डिजिटल भुगतान का गहन अध्ययन करने में सक्षम हैं।
- 5 व्यापक पैरामीटर्स:
  - भुगतान एनेबलर्स (वज़न 25%)
  - भुगतान अवसंरचना - मांग पक्ष कारक (10%)
  - भुगतान अवसंरचना - आपूर्ति पक्ष कारक (15%)
  - भुगतान प्रदर्शन (45%)
  - उपभोक्ता केंद्रित (5%)।
- इसका निर्माण मार्च 2018 में आधार अवधि के रूप में किया गया है, अर्थात मार्च 2018 के लिये DPI स्कोर 100 निर्धारित किया गया है।
- इसे मार्च 2021 से 4 माह के अंतराल के साथ आरबीआई की वेबसाइट पर अर्द्ध-वार्षिक आधार पर प्रकाशित किया जाएगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

96 D

व्याख्या:

- SEZ किसी देश के भीतर ऐसे क्षेत्र हैं जो प्रायः शुल्क मुक्त (राजकोषीय रियायत) होते हैं और यहाँ मुख्य रूप से निवेश को प्रोत्साहित करने तथा रोज़गार पैदा करने के लिये अलग-अलग व्यापार और वाणिज्यिक कानून होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- SEZ इन क्षेत्रों को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिये भी बनाए गए हैं, जिससे व्यापार करने में आसानी होती है।
- भारत में SEZ:
  - एशिया का पहला निर्यात प्रसंस्करण क्षेत्र (Export Processing Zones- EPZ) वर्ष 1965 में कांडला, गुजरात में स्थापित किया गया था।
  - इन EPZs की संरचना SEZ के समान थी, सरकार ने वर्ष 2000 में EPZ की सफलता को सीमित करने वाली ढाँचागत और नौकरशाही चुनौतियों के निवारण के लिये विदेश व्यापार नीति के तहत SEZ की स्थापना शुरू की।
  - विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम वर्ष 2005 में पारित किया गया और वर्ष 2006 में SEZ नियमों के साथ लागू हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**
  - हालाँकि SEZ की स्थापना का कार्य वर्ष 2000 से 2006 तक (विदेश व्यापार नीति के तहत) भारत में चालू था। **अतः कथन 3 सही है।**
    - भारत के SEZ को चीन के सफल मॉडल के साथ मिलकर संरचित किया गया था।

97 B

व्याख्या:

- थोक मूल्य सूचकांक (WPI) थोक व्यवसायों द्वारा अन्य व्यवसायों को भारी मात्रा में बेची और व्यापार की जाने वाली वस्तुओं की कीमतों में परिवर्तन को मापता है।
- उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) एक खुदरा खरीदार के संदर्भ से कीमतों में बदलाव को मापता है।
- CPI के विपरीत, WPI सेवाओं की लागत में बदलाव के लिये ज़िम्मेदार नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- WPI में विनिर्मित वस्तुओं को अधिक महत्त्व दिया जाता है जबकि CPI में यही महत्त्व खाद्य पदार्थों को दिया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

98 B

व्याख्या:

## राज्यपाल की भूमिका और शक्तियाँ:

- अनुच्छेद 153: प्रत्येक राज्य के लिये एक राज्यपाल होगा। एक व्यक्ति को दो या दो से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है।
- राज्यपाल केंद्र सरकार का एक नामित व्यक्ति होता है, जिसे राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है।
- विधान के मुताबिक, राज्य का राज्यपाल दोहरी भूमिका अदा करता है।
  - वह राज्य के मंत्रिपरिषद (CoM) की सलाह मानने को बाध्य राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है।
  - वह केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच एक महत्त्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता है।
- अनुच्छेद 157 और 158 के तहत राज्यपाल पद के लिये पात्रता संबंधी आवश्यकताओं को निर्दिष्ट किया गया है।
- राज्यपाल को संविधान के अनुच्छेद 161 के तहत क्षमादान और दंडविराम आदि की भी शक्ति प्राप्त है।
- कुछ विवेकाधीन शक्तियों के अतिरिक्त राज्यपाल को उसके अन्य सभी कार्यों में सहायता करने और सलाह देने के लिये मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एक मंत्रिपरिषद का गठन किये जाने का प्रावधान है। (अनुच्छेद 163)
- राज्य के मुख्यमंत्री और अन्य मंत्रियों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाती है। (अनुच्छेद 164), **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह केवल अनुच्छेद 356 के तहत शक्ति के प्रयोग में है कि राज्यपाल अपनी विवेकाधीन शक्ति के अनुसार CoM की सहायता और सलाह के खिलाफ भी अपने विवेकाधिकार का प्रयोग करने में न्यायोचित होगा, लेकिन अन्य सभी मामलों में जहाँ राज्यपाल अपने विवेक से कार्य करता है, वह अपने मंत्रिपरिषद के अनुरूप काम करेंगे। **अतः कथन 2 सही है।**
- राज्यपाल, राज्य की विधानसभा द्वारा पारित विधेयक को अनुमति देता है, अनुमति रोकता है अथवा राष्ट्रपति के विचार के लिये विधेयक को सुरक्षित रखता है। (अनुच्छेद 200)
- राज्यपाल कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में अध्यादेशों को प्रख्यापित कर सकता है। (अनुच्छेद 213), **अतः कथन 3 सही है।**

99 C

व्याख्या:

- अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी स्टार्टअप, स्काईरूट एयरोस्पेस भारत के पहले निजी तौर पर विकसित रॉकेट विक्रम-S को 'प्रारंभ ('Prarambh)' मिशन के तहत नवंबर, 2022 में अंतरिक्ष में भेजा।
  - विक्रम- S रॉकेट, एक-चरणीय सब-ऑर्बिटल प्रक्षेपण यान है जो तीन पेलोड ले जाएगा।अत: कथन 1 और कथन 2 सही हैं।
    - यह अंतरिक्ष प्रक्षेपण वाहनों की विक्रम श्रृंखला में अधिकांश प्रौद्योगिकियों के परीक्षण और सत्यापन में मदद करेगा।
  - प्रारंभ मिशन (Prarambh Mission):
    - प्रारंभ मिशन का उद्देश्य तीन पेलोड को अंतरिक्ष में ले जाना है, जिसमें 2.5 किलोग्राम का पेलोड भी शामिल है जिसे कई देशों के छात्रों द्वारा विकसित किया गया है।
- प्रारंभ मिशन और विक्रम-S रॉकेट को हैदराबाद स्थित स्टार्टअप द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) तथा भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्द्धन और प्राधिकरण केंद्र (IN-SPACe) के व्यापक समर्थन से विकसित किया गया था।

नोट :

100 B

व्याख्या:

- बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना को जनवरी 2015 में शुरू किया गया था जिसका उद्देश्य लिंग चयनात्मक गर्भपात और गिरते बाल लिंग अनुपात को संबोधित करना था, जो वर्ष 2011 में प्रति 1,000 लड़कों पर 918 लड़कियाँ थीं। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय की संयुक्त पहल है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

101 B

व्याख्या:

- 'स्त्री मनोरक्ष'- एक पहल है जिसका उद्देश्य "हिंसा का सामना करने वाली महिलाओं का सहयोग करने के लिये वन स्टॉप सेंटर (OSC) के कर्मचारियों हेतु मनोसामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में प्रशिक्षण एवं पर्यवेक्षण को एकीकृत करना" है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS), बंगलूरू में महिला और बाल विकास मंत्रालय के समर्थन तथा वित्त पोषण से शुरू की गई एक परियोजना है। अतः कथन 2 सही है लेकिन कथन 3 सही नहीं है।

102 D

व्याख्या:

- भारतीय परिषद अधिनियम 1909 ब्रिटिश संसद का एक अधिनियम था जिसने विधान परिषदों में कुछ सुधार पेश किये और ब्रिटिश भारत के शासन में भारतीयों (सीमित) की भागीदारी में वृद्धि की। भारत के राज्य सचिव जॉन मॉर्ले और भारत के वायसराय द फोर्थ अर्ल ऑफ मिंटो के बाद इसे आमतौर पर मॉर्ले मिंटो सुधार कहा जाता था। **अतः कथन 1 सही है।**
- केंद्र और प्रांतों में विधान परिषदों का आकार बढ़ गया।
- भारतीयों को पहली बार इम्पीरियल लेजिस्लेटिव काउंसिल की सदस्यता दी गई।
- इसने मुसलमानों के लिये अलग निर्वाचक मंडल की शुरुआत की। कुछ निर्वाचन क्षेत्र मुसलमानों के लिये निर्धारित किये गए थे और केवल मुस्लिम अपने प्रतिनिधियों को वोट दे सकते थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- सदस्य बजट पर चर्चा कर सकते हैं और प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। वे जनहित के मामलों पर भी चर्चा कर सकते हैं।
- वे पूरक प्रश्न भी पूछ सकते हैं।
- विदेश नीति या रियासतों के साथ संबंधों पर किसी भी चर्चा की अनुमति नहीं थी।
- सत्येंद्र पी सिन्हा को वायसराय की कार्यकारी परिषद के पहले भारतीय सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

103 A

व्याख्या:

- ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (GRAP)
  - राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में वायु गुणवत्ता के संबंध में एमसी मेहता बनाम भारत संघ (2016) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, विभिन्न वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) के तहत कार्यान्वयन के लिये एक ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान तैयार किया गया है। इन्हें मुख्य श्रेणियों में अर्थात् औसत से खराब, बहुत खराब और गंभीर श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।
    - इसमें "गंभीर + या आपात स्थिति" की एक नई श्रेणी जोड़ी गई है।
  - इस योजना को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वर्ष 2017 में अधिसूचित किया गया था।
  - इसने वायु गुणवत्ता में गिरावट हेतु किये जाने वाले उपायों को संस्थागत किया। **अतः कथन 1 सही है।**
    - यह योजना प्रकृति में वृद्धिशील(इंक्रीमेंटल) है, इसलिये जब वायु गुणवत्ता 'खराब' से 'बहुत खराब' की ओर बढ़ती है, तो दोनों वर्गों के तहत सूचीबद्ध उपायों का पालन किया जाना चाहिये।
    - यह PM10 और PM2.5 स्तरों को 'मध्यम' राष्ट्रीय AQI श्रेणी से आगे जाने से रोकता है।

- कार्यान्वयन:
  - वर्ष 2020 तक सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (EPCA) राज्यों को GRAP उपायों को लागू करने का आदेश देता था।
  - EPCA को भंग कर वर्ष 2020 में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM) द्वारा इसे प्रतिस्थापित किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - CAQM अंतर्निहित उपचारात्मक दृष्टिकोण के साथ दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु विविध प्रयासों के समन्वय और निगरानी के लिये एक वैधानिक तंत्र है।

104 B

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (UNHCR) एक संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी और एक वैश्विक संगठन है जो शरणार्थियों के जीवन बचाने, उसके अधिकारों की रक्षा करने और उनके लिये बेहतर भविष्य के निर्माण के प्रति समर्पित है।
- इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद वर्ष 1950 में उन लाखों यूरोपीय लोगों की मदद के लिये बनाया गया था, जो अपना घर छोड़कर कहीं और चले गए थे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में स्थित है।
- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अधिकांश देश वर्ष 1951 के शरणार्थी सम्मेलन के माध्यम से शरणार्थियों की रक्षा करने पर सहमत हुए। **अत: कथन 2 सही है।**

105 C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1979 में अपनाई गई महिलाओं के प्रति सभी प्रकार के भेदभावों को समाप्त करने हेतु अभिसमय (CEDAW) को अक्सर महिलाओं के अधिकारों के अंतर्राष्ट्रीय विधेयक के रूप में वर्णित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसमें प्रस्तावना और 30 लेख हैं जो यह महिलाओं के खिलाफ भेदभाव को परिभाषित करता है और इस तरह के भेदभाव को समाप्त करने के लिये राष्ट्रीय कार्रवाई हेतु एक एजेंडा तय करता है।
- यह अभिसमय एकमात्र मानवाधिकार संधि है जो महिलाओं के प्रजनन अधिकारों की पुष्टि करती है और लिंग भूमिकाओं और पारिवारिक संबंधों को आकार देने वाली प्रभावशाली ताकतों के रूप में संस्कृति और परंपरा को लक्षित करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- अभिसमय की पुष्टि या स्वीकार करने वाले देश इसके प्रावधानों को व्यवहार में लाने के लिये कानूनी रूप से बाध्य हैं। वे अपनी संधि के दायित्त्वों के अनुपालन के लिये किये गए उपायों पर कम से कम हर चार साल में राष्ट्रीय रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु भी प्रतिबद्ध हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
- वर्ष 1994 में, भारत ने महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार के भेदभाव के उन्मूलन के सम्मेलन (CEDAW) संधि की पुष्टि की। अत: कथन 4 सही है।

106 A

व्याख्या:

- एक क्रिप्टोकरेंसी विनिमय का एक माध्यम है जैसे कि रुपया या अमेरिकी डॉलर लेकिन प्रारूप में डिजिटल है, जो मौद्रिक इकाइयों के निर्माण को नियंत्रित करने और धन के आदान-प्रदान को सत्यापित करने के लिये एन्क्रिप्शन तकनीकों का उपयोग करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बिटकॉइन को दुनिया की सबसे प्रसिद्ध क्रिप्टोकरेंसी माना जाता है और यह बाज़ार पूंजीकरण के हिसाब से दुनिया में सबसे बड़ा है।
- अधिकांश क्रिप्टोकरेंसी को राष्ट्रीय सरकारों द्वारा विनियमित नहीं किया जाता है, उन्हें वैकल्पिक मुद्रा या वित्तीय विनिमय का साधन माना जाता है जो राज्य मौद्रिक नीति के दायरे से बाहर हैं।
  - हालाँकि, सितंबर 2021 में एल साल्वाडोर बिटकॉइन को कानूनी निविदा के रूप में पेश करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

107 C

व्याख्या:

- कृषि को सातवीं अनुसूची में सूची II (राज्य सूची) में एक अधिकृत वाले क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है।
- कृषि शिक्षा को उच्च शिक्षा की अन्य धाराओं से अलग कर दिया गया है और सूची II में ही कृषि से जोड़ा गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - शिक्षा एक विषय वस्तु है जिसे सूची III (समवर्ती सूची) में रखा गया है।
- यद्यपि कृषि शिक्षा राज्य का विषय है, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR- कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय) देश भर में शिक्षा की गुणवत्ता के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही है।**

108 D

व्याख्या:

- हाल ही में संपन्न COP27 शिखर सम्मेलन में संयुक्त राष्ट्र के प्रतिनिधियों ने एक 'लॉस एंड डैमेज फंड' बनाने पर सहमति व्यक्त की, जो जलवायु संबंधी आपदाओं के कारण सबसे कमज़ोर देशों को हुए उनके नुकसान की क्षतिपूर्ति करेगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- 'लॉस एंड डैमेज' जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संदर्भित करता है जिसे शमन (ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती) या अनुकूलन (जलवायु परिवर्तन प्रभावों से निपटने की प्रथाओं को संशोधित करना) से टाला नहीं जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इनमें न केवल संपत्ति की आर्थिक क्षति बल्कि आजीविका की हानि और जैव विविधता एवं सांस्कृतिक महत्त्व वाले स्थलों का विनाश भी शामिल है।
- इससे प्रभावित देशों के लिये मुआवज़े का दावा करने का दायरा बढ़ जाता है।

109 C

व्याख्या:

- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (PSB) वे बैंक होते हैं जिनमें सरकार का 50% से अधिक स्वामित्व होता है।
- इसके अलावा सरकार वित्तीय दिशानिर्देशों को नियंत्रित करती है क्योंकि सरकारी स्वामित्व के कारण अधिकांश जमाकर्त्ताओं का मानना है कि उनका पैसा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अधिक सुरक्षित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नतीजतन, अधिकांश सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पास एक बड़ा ग्राहक आधार है।
  - उदाहरण के लिये भारतीय स्टेट बैंक (SBI) भारत का सबसे बड़ा सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - SBI में भारत सरकार की हिस्सेदारी 63% से अधिक है।

110 D

व्याख्या:

- एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) एक तदर्थ निकाय है।
- यह एक विशिष्ट वस्तु और अवधि के लिये स्थापित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संयुक्त समितियों का गठन संसद के एक सदन में पारित और दूसरे सदन द्वारा सहमति प्रस्ताव द्वारा किया जाता है । **अतः कथन 2 सही है।**
- सदस्यता और विषयों के बारे में विवरण भी संसद द्वारा तय किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

111 C

व्याख्या:

- दक्षिण में मन्नार की खाड़ी और उत्तर में पाक खाड़ी से युक्त उथले समुद्र को रैखिक प्रवाल कटक अलग करता है जिसे एडम ब्रिज या राम सेतु कहा जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राम सेतु तमिलनाडु में रामेश्वरम और श्रीलंका में थलाइमन्नार के बीच स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सेतुसमुद्रम शिप चैनल प्रोजेक्ट (SSCP) में भारत और श्रीलंका के बीच पाक जलडमरूमध्य में एक शिप चैनल के ड्रेजिंग (नदी, नहर

नोट :

आदि के तले पर जमा कीचड़ को विशेष मशीन से साफ़ करना) की परिकल्पना की गई है।

- परियोजना का उद्घाटन वर्ष 2005 में किया गया था।
- SSCP का उद्देश्य दो पुलों का निर्माण करना है- एक एडम ब्रिज (श्रीलंका के साथ भारत को जोड़ने वाली आइलेट्स चैन), पम्बन द्वीप के दक्षिण-पूर्व में और दूसरा पाक की खाड़ी में।

112 A

व्याख्या:

- प्रवाल पॉलीप्स छोटे और माँसल समुद्री रत्नज्योति (एनीमोन) हैं जो उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय महासागरों और समुद्रों में रहते हैं।
- वे सूक्ष्म शैवाल के साथ उथले पानी में रहते हैं जिन्हें ज़ूजेंथलाई कहा जाता है, जिसके साथ वे एक सहजीवी संबंध साझा करते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- प्रवाल भित्ति तब बनते हैं जब प्रवाल के स्वतंत्र रूप से गतिमान लार्वा स्वयं को तलछटी चट्टानों या समुद्र तट के पास के कठोर सतहों से जोड़ते हैं।
  - यह प्रक्रिया प्रवाल पॉलीप्स के कंकालों के अवसादन, संघनन, सीमेंटीकरण और ठोसकरण जैसी कई अन्य प्रक्रियाओं की मदद से की जाती है।
- भारत में प्रवाल भित्तियाँ कच्छ की खाड़ी, मन्नार की खाड़ी, पाक खाड़ी (Palk Bay), अंडमान और निकोबार एवं लक्षद्वीप द्वीपों सहित बहुत सारे क्षेत्रों में पाई जाती हैं। उत्तर-पश्चिम में कच्छ की खाड़ी के प्रवाल दुनिया की कुछ प्रमुख उत्तरी क्षेत्र के प्रवालों में से एक है।
  - रत्नागिरी, मालवन और रेड़ी, दक्षिणी मुंबई और मैंगलोर के पश्चिम में स्थित गवेशानी तटों में भी प्रवाल भित्तियों के खंड पाए जाते हैं।
- भारत में प्रवाल भित्तियों के प्रमुख रूप से प्रचलित तीन प्रकार हैं:
  - तटीय या झालरदार: तटीय प्रवाल भित्तियाँ प्रवालों की ऐसी संरचनाएँ होती हैं, जो समुद्र तल पर मुख्य भूमि के निकट के किनारों पर पाई जाती हैं। ये भित्तियाँ छोटे, उथले लैगून द्वारा समुद्र तट से अलग होती हैं। वे दुनिया में सबसे अधिक पाई जाने वाली भित्तियाँ हैं।
  - अवरोधक (बैरियर) भित्तियाँ: अवरोधक प्रवाल भित्तियाँ किनारे से दूर पाई जाती हैं। इनके तथा किनारे के बीच सैकड़ों किलोमीटर चौड़ा लैगून होता है।
  - एटॉल: एटॉल, किसी लैगून के चारों ओर प्रवाल भित्तियों की एक पट्टी से निर्मित होता है। ये भित्तियाँ उथले लैगूनों के किनारों पर अवस्थित होती हैं। कथन 2 सही नहीं है।

113 D

व्याख्या:

- स्टारलिंक एलन मस्क द्वारा स्थापित निजी कंपनी स्पेसएक्स की एक पहल है।
- स्टारलिंक के पास वर्तमान में कक्षा में 1,385 उपग्रह हैं और इससे पूर्व इसने उत्तरी अमेरिका में बीटा परीक्षण शुरू कर दिया है साथ ही भारत जैसे देशों में प्री-ऑर्डर या अग्रिम बुकिंग शुरू कर दी है।
- हालाँकि स्टारलिंक के उपग्रह पृथ्वी के समीप गति करते हैं और इसलिये कंपनी को वनवेब की तुलना में वैश्विक कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिये एक बड़े बेड़े ( Fleet) या तंत्र की आवश्यकता होती है। अत: विकल्प D सही है।

114 D

व्याख्या:

COP27 के प्रमुख परिणाम:

- कमज़ोर देशों के लिये लॉस एंड डैमेज फंड: संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन COP27 ने कमज़ोर देशों को लॉस एंड डैमेज वित्तपोषण प्रदान करने के लिये एक समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- प्रौद्योगिकी: COP27 में विकासशील देशों में जलवायु प्रौद्योगिकी समाधानों को बढ़ावा देने के लिये एक नया पंचवर्षीय कार्यक्रम शुरू

किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

- शमन: शमन महत्त्वाकाँक्षा और कार्यान्वयन को तत्काल बढ़ाने के उद्देश्य से एक शमन कार्यक्रम शुरू किया गया।
  - कार्यक्रम COP27 के तुरंत बाद शुरू होगा और वर्ष 2030 तक ज़ारी रहेगा, जिसमें प्रतिवर्ष कम-से-कम दो वैश्विक संवाद होंगे। **अत: कथन 1 सही है।**
  - सरकारों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे वर्ष 2023 के अंत तक अपनी राष्ट्रीय जलवायु योजनाओं में 2030 के लक्ष्यों पर फिर से विचार करें और उन्हें मज़बूत बनाएँ, साथ ही बेरोकटोक कोयला विद्युत को चरणबद्ध करने तथा अक्षम जीवाश्म ईंधन सब्सिडी को समाप्त करने के प्रयासों में तेज़ी लाएँ।
- ग्लोबल स्टॉकटेक: संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन COP27 में प्रतिनिधियों ने पेरिस समझौते के तहत महत्त्वाकाँक्षा बढ़ाने के लिये एक तंत्र पहले वैश्विक स्टॉकटेक की दूसरी तकनीकी वार्ता की।
  - अगले साल COP28 में स्टॉकटेक के समापन से पहले वर्ष 2023 में संयुक्त राष्ट्र महासचिव 'जलवायु महत्त्वाकाँक्षा शिखर सम्मेलन' आयोजित करेंगे।
- शर्म-अल-शेख अनुकूलन एजेंडा: यह 2030 तक सबसे अधिक जलवायु संवेदनशील समुदायों में रहने वाले 4 अरब लोगों के लिये लचीलापन बढ़ाने हेतु 30 अनुकूलन परिणामों की रूपरेखा तैयार करता है।
- जल अनुकूलन और लचीलापन पहल पर कार्रवाई (AWARe): यह एक प्रमुख जलवायु परिवर्तन समस्या और संभावित समाधान दोनों के रूप में जल के महत्व को प्रतिबिंबित करने के लिये शुरू किया गया है।
- अफ्रीकी कार्बन बाज़ार पहल (ACMI): यह कार्बन क्रेडिट उत्पादन के विकास का समर्थन करने और अफ्रीका में नौकरियाँ पैदा करने के लिये शुरू किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**
- वैश्विक नवीकरणीय गठबंधन: यह पहली बार एक त्वरित ऊर्जा संक्रमण सुनिश्चित करने के लिये ऊर्जा संक्रमण के लिये आवश्यक सभी तकनीकों को एक साथ लेकर आता है।
  - इस एलायंस का उद्देश्य लक्ष्यों को सुनिश्चित करने के साथ-साथ अक्षय ऊर्जा को सतत् विकास और आर्थिक विकास के स्तंभ के रूप में स्थापित करना है।

115 B

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय के वर्ष 2017 के पुट्टास्वामी के फैसले के अनुसार निजता एक मौलिक अधिकार है तथा यह संवैधानिकता को संतुष्ट करने वाले पहले घटक के विधायी अस्तित्व का आधार है। कानून के नियमों का पालन किये बिना, डेटा साझा करने के लिये परिभाषित सीमाओं का अभाव है, ये लागू करने योग्य हैं तथा इनमे उपचार शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- निजता के अधिकार को अनुच्छेद 21 के तहत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के आंतरिक भाग के रूप में और भारतीय संविधान के भाग III द्वारा गारंटीकृत स्वतंत्रता के एक भाग के रूप में संरक्षित किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इस मामले में, अज्ञात उपकरण के माध्यम से गोपनीयता संरक्षण का वादा बहुत कम होता है जब डेटा सुरक्षा के लिये एक निकाय द्वारा इसका स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है।
- ऐसे परिदृश्य डेटा संरक्षण कानून के तत्काल और प्रभावी कार्यान्वयन की मांग करते हैं।

116 C

व्याख्या:

नकद आरक्षित अनुपात:

- नकद आरक्षित अनुपात (CRR) के तहत, वाणिज्यिक बैंकों को केंद्रीय बैंक के पास भंडार के रूप में एक निश्चित न्यूनतम जमा राशि रखनी होती है।
- बैंक की कुल जमा राशि के मुकाबले रिज़र्व में रखे जाने वाले नकदी के प्रतिशत को नकद आरक्षित अनुपात कहा जाता है।
- नकद रिज़र्व या तो बैंक की तिजोरी में जमा हो जाता है या RBI को भेज दिया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

- बैंक कॉरपोरेट्स या व्यक्तिगत उधारकर्ताओं को CRR का पैसा उधार नहीं दे सकते हैं, बैंक उस पैसे का उपयोग निवेश उद्देश्यों के लिए नहीं कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- बैंक उस पैसे पर कोई ब्याज नहीं कमाते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

117 D

व्याख्या:

- रोगाणुरोधी प्रतिरोध किसी भी सूक्ष्मजीव (बैक्टीरिया, वायरस, कवक, परजीवी, आदि) द्वारा रोगाणुरोधी दवाओं (जैसे- एंटीबायोटिक्स, एंटीफंगल, एंटीवायरल, एंटीमाइरियल और एंटीहेल्मिंटिक्स) के खिलाफ प्राप्त प्रतिरोध है जिसे संक्रमण के इलाज के लिये उपयोग किया जाता है।
  - नतीजतन, मानक उपचार अप्रभावी हो जाते हैं, संक्रमण बना रहता है और दूसरों में फैल सकता है।
- रोगाणुरोधी प्रतिरोध विकसित करने वाले सूक्ष्मजीवों को कभी-कभी "सुपरबग" कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रेड लाइन अभियान AMR पर अंकुश लगाने के लिये एक भारतीय पहल है।
  - भारत के रेड लाइन अभियान के तहत, प्रिस्क्रिप्शन-ओनली एंटीबायोटिकदवाओं को उनके तर्कहीन उपयोग को रोकने और निर्धारित किये बिना एंटीबायोटिक्स लेने के खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करने हेतु रेड लाइन के साथ चिह्नित किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

118 C

व्याख्या:

- मेक इन इंडिया कार्यक्रम:
  - वर्ष 2014 में लॉन्च किये गए मेक इन इंडिया का मुख्य उद्देश्य देश को एक अग्रणी वैश्विक विनिर्माण और निवेश गंतव्य में बदलना है।
  - यह पहल विश्व के संभावित निवेशकों और भागीदारों को 'न्यू इंडिया' की विकास गाथा में भाग लेने हेतु आमंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - मेक इन इंडिया ने 27 क्षेत्रों में पर्याप्त उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इनमें विनिर्माण और सेवाओं के रणनीतिक क्षेत्र भी शामिल हैं।
  - उद्देश्य:
    - नए औद्योगीकरण के लिये विदेशी निवेश को आकर्षित करना और चीन से आगे बढ़ने हेतु भारत में पहले से मौजूद उद्योग क्षेत्र का विकास करना।
    - मध्यावधि में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि को 12-14% वार्षिक करने का लक्ष्य।
    - देश के सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को वर्ष 2022 तक 16% से बढ़ाकर 25% करना।
    - वर्ष 2022 तक 100 मिलियन अतिरिक्त रोज़गार सृजित करना। **अत: कथन 2 सही है।**
    - निर्यात आधारित विकास को बढ़ावा देना।

119 D

व्याख्या:

- राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति:
  - भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने "राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति" की घोषणा की है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह देश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है, जिसमें वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर में 10% की कमी लाने के लिये समयबद्ध कार्ययोजना और बहु-क्षेत्रीय सहयोग शामिल है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह रणनीति आत्महत्या की रोकथाम के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र रणनीति के अनुरूप है।
  - यह रणनीति मोटे तौर पर अगले तीन वर्षों के भीतर आत्महत्या के लिये प्रभावी निगरानी तंत्र स्थापित करने का प्रयास करती है।
  - यह मनोरोग बाह्य रोगी विभाग स्थापित करेगा जो अगले पाँच वर्षों के भीतर सभी ज़िलों में ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम

नोट :

से आत्महत्या रोकथाम सेवाएँ प्रदान करेगा। **अतः कथन 3 सही है।**

- इसका उद्देश्य अगले आठ वर्षों के भीतर सभी शैक्षणिक संस्थानों में मानसिक कल्याण पाठ्यक्रम को एकीकृत करना है।
- यह ज़िम्मेदार मीडिया रिपोर्टिंग और आत्महत्या के साधनों तक पहुँच को प्रतिबंधित करने हेतु दिशा-निर्देश विकसित कर आत्महत्याओं को रोकने की परिकल्पना करता है।

120 B

व्याख्या:

- आपराधिक प्रक्रिया (पहचान) अधिनियम, 2022
  - यह पुलिस को अपराधियों के साथ-साथ अपराध के आरोपियों के शारीरिक और जैविक नमूने लेने के लिये कानूनी मंज़ूरी प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC), 1973 की धारा 53 या धारा 53A के तहत पुलिस डेटा एकत्र कर सकती है।
  - डेटा जो एकत्र किया जा सकता है: फिंगर-इंप्रेशन, हथेली-प्रिंट इंप्रेशन, फुटप्रिंट इंप्रेशन, फोटोग्राफ, आईरिस और रेटिना स्कैन, भौतिक, जैविक नमूने और उनका विश्लेषण, हस्ताक्षर, हस्तलेखन या किसी अन्य किसी प्रकार का परीक्षण सहित व्यवहारिक गुण।
  - CrPC आपराधिक कानून के प्रक्रियात्मक पहलुओं के संबंध में प्राथमिक कानून है।
  - किसी भी निवारक निरोध कानून के तहत दोषी ठहराए गए , गिरफ्तार या हिरासत में लिये गए किसी भी व्यक्ति को पुलिस अधिकारी या जेल अधिकारी को "माप" प्रदान करने की आवश्यकता होगी।
  - राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) भौतिक और जैविक नमूनों, हस्ताक्षर तथा हस्तलेखन डेटा के रिपॉज़िटरी के रूप में कार्य करेगा जहाँ इन्हें कम-से-कम 75 वर्षों तक संरक्षित किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - इसका उद्देश्य अपराध में शामिल लोगों की विशिष्ट पहचान सुनिश्चित करना और मामलों को सुलझाने में जाँच एजेंसियों की मदद करना है।

121 D

व्याख्या:

- LGBTQAI+ लेस्बियन, गे, बाइसेक्शुअल, ट्रांसजेंडर, क्वीर, इंटरसेक्स और एसेक्सुअल और अन्य लोगों को संबोधित करता है। ये ऐसे लोग होते हैं जिनमें सीसजेंडर विषमलैंगिक "आदर्शों" की अनुपस्थिति होती है।
- '+ ' का उपयोग उन सभी लैंगिक पहचानों और यौन अभिविन्यासों को दर्शाने के लिये किया जाता है जिनका अक्षर और शब्द अभी तक पूरी तरह से वर्णन नहीं कर सकते हैं।
- भारत में, LGBTQIA+ समुदाय में एक विशिष्ट सामाजिक समूह, एक विशिष्ट समुदाय थर्ड जेंडर भी शामिल है।
- उन्हें सांस्कृतिक रूप से या तो "न पुरुष, न ही महिला" या एक महिला की तरह व्यवहार करने वाले पुरुषों के रूप में परिभाषित किया जाता है।
- वर्तमान में उन्हें थर्ड जेंडर भी कहा जाता है।
- नवतेज सिंह जौहर बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता की गारंटी प्रदान करता है और यह नागरिकों के सभी वर्गों पर लागू होता है।
  - यह LGBTQIA + समुदाय की 'समावेशिता' को बहाल करता है और समलैंगिकता को अपराध की श्रेणी से बाहर करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - सर्वोच्च न्यायालय ने 6 सितंबर, 2018 को धारा 377[1] को गैर-आपराधिक घोषित कर दिया, जिसमें समलैंगिक संबंधों को "अप्राकृतिक अपराध" कहा गया था। **अतः कथन 1 सही है।**

122 C

व्याख्या:

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India- SEBI), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम (Securities and Exchange Board of India Act), 1992 के प्रावधानों के तहत 12 अप्रैल, 1992 को स्थापित एक वैधानिक निकाय (Statutory Body) है। अत: कथन 1 सही है
- SEBI का मूल कार्य प्रतिभूतियों में निवेशकों के हितों की रक्षा करना और प्रतिभूति बाज़ार को बढ़ावा देना और विनियमित करना है।
- SEBI का मुख्यालय मुंबई में स्थित है। SEBI के अन्य क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद, कोलकाता, चेन्नई और दिल्ली में स्थित हैं।
- SEBI बोर्ड में एक अध्यक्ष और कई अन्य पूर्णकालिक और अंशकालिक सदस्य होते हैं।
  - SEBI महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिये जब भी आवश्यक होता है, विभिन्न समितियों की नियुक्ति भी करता है।
  - इसके अलावा, SEBI के निर्णय से व्यथित महसूस करने वाली संस्थाओं के हितों की रक्षा के लिये एक प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (SAT) का गठन किया गया है।
  - SAT में एक पीठासीन अधिकारी और दो अन्य सदस्य होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके पास वही शक्तियाँ हैं जो एक सिविल कोर्ट में निहित होती हैं। इसके अलावा, यदि कोई व्यक्ति SAT के फैसले या आदेश से व्यथित महसूस करता है तो वह सर्वोच्च न्यायालय में अपील कर सकता है।

123 A

व्याख्या:

- कालिया अथवा "छोटे किसानों एवं भूमिहीन खेतिहर मज़दूरों हेतु एक सहायता योजना (Krushak Assistance for Livelihood and Income Augmentation- KALIA)" की शुरुआत ओडिशा सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिये की गई थी।
- इस योजना का लक्ष्य खेती और संबंधित गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये राज्य के भुगतान का उपयोग कर कृषि क्षेत्र को समृद्ध करना और गरीबी को कम करना है।
- इस योजना को कृषि ऋण माफी के व्यवहार्य विकल्प के रूप में देखा जा रहा है।
- इस योजना के तहत यह प्रस्तावित किया गया था कि किसानों और भूमिहीन खेतिहर मज़दूरों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये वर्ष 2020-21 तक में लगभग 10,180 करोड़ रुपए खर्च किये जाएँगे।अत: विकल्प A सही है।

124 C

व्याख्या:

- मॉडल लैंड लीजिंग एक्ट, 2016 भूमिहीन और सीमांत किसानों द्वारा भूमि तक पहुँच में सुधार के लिये कृषि भूमि को पट्टे पर देने की अनुमति और सुविधा प्रदान करता है।
- यह पट्टे पर ली गई भूमि पर खेती करने वाले किसानों को मान्यता प्रदान करता है ताकि उन्हें संस्थागत ऋण के माध्यम से ऋण प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके।
- अधिनियम की मुख्य विशेषताएँ:
  - कृषि दक्षता, इक्विटी और बिजली कटौती को बढ़ावा देने के लिये भूमि पट्टे को वैध बनाना। इससे कृषि में आवश्यक उत्पादकता सुधार के साथ-साथ लोगों की व्यावसायिक गतिशीलता और तेज़ी से ग्रामीण परिवर्तन में भी मदद मिलेगी।
  - इस अधिनियम के माध्यम से जमींदार कानूनी रूप से कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिये आपसी सहमति से भूमि को पट्टे पर दे सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - एक पट्टाधारक संस्थागत ऋण, बीमा और आपदा राहत प्राप्त कर सकता है ताकि वह कृषि में अधिक से अधिक निवेश कर सके।
  - मकान मालिक और पट्टाधारक के बीच विवाद को हल करने के लिये सिविल कोर्ट में "विशेष भूमि न्यायाधिकरण" का प्रावधान किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

125 B

व्याख्या:

- हाल ही में यूरोपीय संघ (EU) ने एक नया जलवायु प्रस्ताव 'फिट फॉर 55 पैकेज' जारी किया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- यूरोपीय संघ का यह नया पैकेज प्रस्तावित परिवर्तनों के माध्यम से NDC और कार्बन तटस्थता लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करता है। ये प्रस्तावित परिवर्तन अर्थव्यवस्था, समाज और उद्योग को प्रभावित करेंगे तथा वर्ष 2030 तक निष्पक्ष, प्रतिस्पर्द्धी एवं ग्रीन ट्रांज़ीशन सुनिश्चित करेंगे।
- जलवायु तटस्थता की स्थिति तब प्राप्त होती है जब किसी देश के उत्सर्जन को वहाँ के वातावरण से ग्रीनहाउस गैसों के अवशोषण और उन्मूलन से संतुलित किया जाता है। इसे शुद्ध-शून्य उत्सर्जन की स्थिति के रूप में भी व्यक्त किया जाता है।
- यह पैकेज नुकसान से बचते हुए 'नियामक नीतियों' और बाज़ार-आधारित कार्बन मूल्य निर्धारण के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास करता है।
- मुख्य प्रस्ताव:
  - उत्सर्जन व्यापार प्रणाली:
    - यह पैकेज वर्ष 2026 से कार्यान्वित होने वाले यूरोपीय संघ की वर्तमान 'उत्सर्जन व्यापार प्रणाली' (ETS) से अलग इमारतों और सड़क परिवहन के लिये एक अलग 'उत्सर्जन व्यापार प्रणाली' (ETS) के निर्माण का आह्वान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- 'उत्सर्जन व्यापार प्रणाली' एक बाज़ार-आधारित उपकरण है, जो प्रदूषकों के उत्सर्जन को कम करने हेतु आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान कर प्रदूषण को नियंत्रित करने का प्रयास करता है।
  - सामाजिक जलवायु कोष:
    - कम आय वाले नागरिकों और छोटे व्यवसायों को नए ईटीएस में समायोजित करने में मदद के लिये यूरोपीय संघ एक सामाजिक जलवायु कोष (Social Climate Fund) के निर्माण का प्रस्ताव करता है, जो इमारतों के नवीनीकरण हेतु फंडिंग और कम कार्बन उत्सर्जन वाले परिवहन तक पहुँच से लेकर प्रत्यक्ष आय सहायता तक को शामिल करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
    - वह नए ईटीएस से 25% राजस्व का उपयोग करके इस फंड का निर्माण करने की उम्मीद करते हैं। वर्तमान ईटीएस ने वर्ष 2023 और वर्ष 2025 के बीच समुद्री क्षेत्र को विस्तारित करने का प्रस्ताव किया है।

126 A

व्याख्या:

- वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2022
  - वैश्विक भुखमरी सूचकांक 2022 में भारत ने युद्धग्रस्त अफगानिस्तान को छोड़कर दक्षिण एशियाई क्षेत्र के सभी देशों की तुलना में खराब प्रदर्शन किया है। यह 121 देशों में से 107वें स्थान पर है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वैश्विक भुखमरी सूचकांक (GHI) वैश्विक, क्षेत्रीय और देश के स्तर पर भूख को व्यापक रूप से मापने एवं ट्रैक करने का एक साधन है।
  - इसकी गणना चार संकेतकों के आधार पर की जाती है:
    - अल्पपोषण
    - चाइल्ड वेस्टिंग
    - चाइल्ड स्टंटिंग
    - बाल मृत्यु दर
  - **अत: कथन 2 सही है।**
  - GHI 100-बिंदु पैमाने पर भूख की गंभीरता का निर्धारण करता है जहाँ 0 सबसे अच्छा संभव स्कोर है (शून्य भूख) और 100 को सबसे खराब माना जाता है।
  - GHI एक वार्षिक रिपोर्ट है और GHI स्कोर का प्रत्येक सेट 5 वर्ष की अवधि के डेटा का उपयोग करता है। वर्ष 2022 GHI स्कोर की गणना वर्ष 2017 से वर्ष 2021 के डेटा का उपयोग करके की जाती है।
  - GHI को कंसर्न वर्ल्डवाइड और वेल्थहंगरहिल्फ के यूरोपीय गैर सरकारी संगठनों द्वारा तैयार किया जाता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

127 C

व्याख्या:

- केंद्रीय सूचना आयोग (Central Information Commission- CIC):
    - स्थापना: CIC की स्थापना सूचना का अधिकार अधिनियम (2005) के प्रावधानों के तहत वर्ष 2005 में केंद्र सरकार द्वारा की गई थी। यह संवैधानिक निकाय नहीं है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - सदस्य: इसमें एक मुख्य सूचना आयुक्त होता है और दस से अधिक सूचना आयुक्त नहीं हो सकते हैं।
    - नियुक्ति: उन्हें राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर नियुक्त किया जाता है जिसमें अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित केंद्रीय कैबिनेट मंत्री शामिल होते हैं।
    - कार्यकाल: मुख्य सूचना आयुक्त और एक सूचना आयुक्त केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित अवधि या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो) पद पर रह सकता है।
        - वे पुनर्नियुक्ति के पात्र नहीं हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - CIC की शक्तियाँ और कार्य:
        - आयोग का कर्तव्य है कि वह सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत किसी विषय पर प्राप्त शिकायतों के मामले में संबंधित व्यक्ति से पूछताछ करे।
        - आयोग उचित आधार होने पर किसी भी मामले में स्वतः संज्ञान (Suo-Moto Power) लेते हुए जाँच का आदेश दे सकता है।
        - आयोग के पास पूछताछ करने हेतु समन भेजने, दस्तावेज़ों की आवश्यकता आदि के संबंध में सिविल कोर्ट की शक्तियाँ होती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

128 B

व्याख्या:

- G20 का गठन वर्ष 1999 के दशक के अंत के वित्तीय संकट की पृष्ठभूमि में किया गया था, जिसने विशेष रूप से पूर्वी एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया को प्रभावित किया था।
- इसका उद्देश्य मध्यम आय वाले देशों को शामिल करके वैश्विक वित्तीय स्थिरता को सुरक्षित करना है।
- G20 देशों में दुनिया की 60% आबादी, वैश्विक जीडीपी का 80% और वैश्विक व्यापार का 75% शामिल है।
- G20 समूह में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, यूरोपियन यूनियन, फ्रांँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, कोरिया गणराज्य, तुर्की, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
- स्पेन भी गैर-स्थायी आमंत्रित सदस्य के रूप में नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेता है। **अतः विकल्प B सही है।**

129 D

व्याख्या:

- भारत निर्वाचन आयोग जिसे चुनाव आयोग के नाम से भी जाना जाता है, एक स्वायत्त संवैधानिक निकाय है जो भारत में संघ और राज्य चुनाव प्रक्रियाओं का संचालन करता है।
- यह देश में लोकसभा, राज्यसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव का संचालन करता है।
- भारतीय संविधान का भाग XV (अनुच्छेद 324-329): यह चुनावों से संबंधित है और इन मामलों हेतु एक आयोग की स्थापना करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संविधान का अनुच्छेद 324 से 329 आयोग और सदस्य की शक्तियों, कार्य, कार्यकाल, पात्रता आदि से संबंधित है।
- मूल रूप से आयोग में केवल एक चुनाव आयुक्त थे लेकिन चुनाव आयुक्त संशोधन अधिनियम 1989 के बाद इसे एक बहु-सदस्यीय निकाय बना दिया गया।
- चुनाव आयोग में मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) तथा अन्य चुनाव आयुक्त, जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा समय-समय पर चुना जाता है वे भी इसमें शामिल होंगे। वर्तमान में इसमें CEC और दो चुनाव आयुक्त हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- आयोग का सचिवालय नई दिल्ली में स्थित है।
- राज्य स्तर पर चुनाव आयोग की मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मदद की जाती है जो IAS रैंक का अधिकारी होता है। **अत: कथन 3 सही है।**
- राष्ट्रपति CEC और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति करता है।
- उनका छह साल का एक निश्चित कार्यकाल होता है या 65 वर्ष की आयु तक (जो भी पहले हो)।
- इन्हें भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के समकक्ष दर्जा प्राप्त होता है और समान वेतन एवं भत्ते मिलते हैं।

130 D

व्याख्या:

- भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता(ECTA)
  - यह क्रमश: भारत और ऑस्ट्रेलिया द्वारा निपटाए गए लगभग सभी टैरिफ लाइनों को कवर करता है।
  - यह भारत को ऑस्ट्रेलिया की 100% टैरिफ लाइनों पर अधिमान्य बाज़ार तक पहुँच प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - भारत ऑस्ट्रेलिया को अपनी 70% से अधिक टैरिफ लाइनों पर अधिमान्य पहुँच प्रदान करेगा।
  - इस समझौते के तहत STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) से संबंधित भारतीय स्नातकों को अध्ययन के बाद विस्तारित कार्य वीज़ा दिया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह ऑस्ट्रेलिया में भारत द्वारा निर्यात किये 96% सामानों को शून्य-शुल्क (zero-duty) के तहत रखा जाएगा और यह भारत को ऑस्ट्रेलिया द्वारा निर्यात किये गए 85% सामानों को शून्य-शुल्क(zero-duty) की सुविधा मिलेगी।
  - यह वस्तुओं एवं सेवाओं में द्विपक्षीय व्यापार को पाँच वर्षों में लगभग 27 बिलियन अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 45-50 बिलियन अमेरिकी डॉलर कर देगा और भारत में दस लाख से अधिक रोज़गार का सृज़न करेगा।

131 A

व्याख्या:

- गरीबी रेखा: गरीबी को मापने के लिए पारंपरिक दृष्टिकोण बुनियादी मानव आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की एक टोकरी खरीदने के लिए आवश्यक न्यूनतम व्यय (या आय) निर्दिष्ट करना है और इस न्यूनतम व्यय को गरीबी रेखा कहा जाता है।
- गरीबी रेखा टोकरी: बुनियादी मानव आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की टोकरी गरीबी रेखा टोकरी (PLB) है।
- गरीबी अनुपात: गरीबी रेखा से नीचे की आबादी के अनुपात को गरीबी अनुपात या हेडकाउंट अनुपात (HCR) कहा जाता है। अत: विकल्प A सही है।

132 C

व्याख्या:

- प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY):
  - यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (MSDE) का एक प्रमुख कार्यक्रम है जो वर्ष 2015 में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
    - राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) प्रशिक्षण भागीदारों की मदद से इसे लागू करता है।
  - इसका उद्देश्य उत्पादकता बढ़ाने और देश की जरूरतों के लिये प्रशिक्षण और प्रमाणन को संरेखित करने के उद्देश्य से युवाओं को कौशल प्रशिक्षण लेने के लिये प्रेरित करना है।

- मुख्य घटक: लघु अवधि का प्रशिक्षण, विशेष परियोजनाएँ, पूर्व शिक्षण को मान्यता, कौशल और रोज़गार मेला आदि। **अत: कथन 2 सही है।**

133 C

व्याख्या:

- जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) दुनिया का सबसे जटिल गोपनीयता और सुरक्षा कानून है।
- यद्यपि यह मसौदा यूरोपीय संघ (EU) द्वारा तैयार और पारित किया गया था लेकिन यह किसी भी संगठन पर दायित्वों को लागू करता है जब तक कि वे यूरोपीय संघ में लोगों से संबंधित डेटा को लक्षित या एकत्र करते हैं।
- यह नियम 25 मई, 2018 से लागू हुआ था।
- GDPR उन लोगों के खिलाफ कठोर जुर्माना लगाएगा जो इसकी गोपनीयता और सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करते हैं और दंड लाखों यूरो तक हो सकता है। अत: विकल्प C सही है।

134 B

व्याख्या:

A. ब्रिटिश शासन के दौरान अविभाजित असम में वर्तमान नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और मिज़ोरम शामिल थे। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

B. मेघालय को वर्ष 1972 में बनाया गया था, इसकी सीमाओं को वर्ष 1969 के असम पुनर्गठन (मेघालय) अधिनियम के अनुसार सीमांकित किया गया था, तब से सीमा की एक अलग व्याख्या की गई है। **अत: कथन 3 सही है।**

A. प्रारंभ में 22 वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम (1969) ने मेघालय को असम राज्य के भीतर एक 'स्वायत्त राज्य' या 'उप-राज्य' के रूप में बनाया, जिसकी अपनी विधायिका और मंत्रिपरिषद थी। हालाँकि यह मेघालय के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा नहीं करता था। **अत: कथन 2 सही है।**

C. वर्ष 2011 में मेघालय सरकार ने असम के साथ विवादित 12 क्षेत्रों की पहचान की थी, जो लगभग 2,700 वर्ग किमी में फैला हुआ था।

D. असम-मेघालय सीमा विवाद ऊपरी ताराबारी, गज़ांग आरक्षित वन, हाहिम, लंगपीह, बोरदुआर, बोकलापारा, नोंगवाह, मातमुर, खानापारा-पिलंगकाटा, देशदेमोराह ब्लॉक I एवं ब्लॉक II, खंडुली और रेटचेरा के क्षेत्रों पर है।

135 A

व्याख्या:

- हिंद-प्रशांत आर्थिक ढाँचा अमेरिका के नेतृत्व वाली एक पहल है जिसका उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में लचीलापन, स्थिरता, समावेशिता, आर्थिक विकास, निष्पक्षता और प्रतिस्पर्द्धात्मकता बढ़ाने के लिये भाग लेने वाले देशों के बीच आर्थिक साझेदारी को मज़बूत करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IPFE को वर्ष 2021 में विश्व GDP के 40% का प्रतिनिधित्व करने वाले 12 प्रारंभिक भागीदार देशों के साथ लॉन्च किया गया था।
- IPEF एक मुक्त व्यापार समझौता (FTA) नहीं है, लेकिन सदस्यों को उन हिस्सों पर बातचीत करने की अनुमति देता है जो वे चाहते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- IPEF के चार स्तंभ हैं:
  - आपूर्ति- श्रृंखला लचीलापन
  - स्वच्छ ऊर्जा, डीकार्बोनाइज़ेशन और आधारभूत संरचना
  - कराधान और भ्रष्टाचार विरोधी पहल
  - निष्पक्ष और लचीला व्यापार।
- वर्तमान में भारत और प्रशांत महासागर में स्थित 13 देश इसके सदस्य हैं।
  - ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, फिजी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, न्यूज़ीलैंड, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और वियतनाम।

नोट :

136 A

व्याख्या:

- प्राय: ओटीटी (OTT) या ओवर-द-टॉप प्लेटफॉर्म का प्रयोग ऑडियो और वीडियो होस्टिंग तथा स्ट्रीमिंग सेवा प्रदाता के रूप में किया जाता है, जिनकी शुरुआत तो असल में कंटेंट होस्टिंग प्लेटफॉर्म के रूप में हुई थी, किंतु वर्तमान में ये स्वयं ही शॉर्ट फिल्म, फीचर फिल्म, वृत्तचित्रों और वेब-फिल्म का निर्माण कर रहे हैं।
    - उदाहरण: नेटफ्लिक्स, डिज़्नी+, हुलु, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो, हुलु, पीकॉक, क्यूरियोसिटी स्ट्रीम, प्लूटो टीवी आदि।
- भारत सरकार ने भारत में OTT सेवा प्रदाताओं और डिजिटल सामग्री प्रदाताओं को विनियमित करने के लिये नए नियमों की घोषणा की।
    - नए नियमों को सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
        - नए नियमों के अनुसार ओटीटी प्लेटफार्मों की सामग्री को पाँच आयु-आधारित श्रेणियों में स्व-वर्गीकृत करना होगा: U (यूनिवर्सल) U/A 7 वर्ष, U/A 13 वर्ष, U/A 16 वर्ष और A (वयस्क)। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
        - यह नियम OTT प्लेटफॉर्म के लिये आचार संहिता और त्रि-स्तरीय शिकायत निवारण तंत्र के साथ एक सॉफ्ट-टच स्व-नियामक आर्किटेक्चर स्थापित करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
        - प्रत्येक प्रकाशक को 15 दिनों के भीतर शिकायतें प्राप्त करने और उनके निवारण के लिये भारत में स्थित एक शिकायत अधिकारी नियुक्त करना चाहिये।
        - यद्यपि ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्री-स्क्रीन कंटेंट को विनियमित करने करने के लिये कोई नियम या कानून नहीं है। हालाँकि, सरकार के पास आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69 A के तहत सार्वजनिक पहुँच में कुछ सूचनाओं को अवरुद्ध करने के लिये निर्देश जारी करने की शक्ति है।

137 D

व्याख्या:

- आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढाँचा (CDRI) एक गठबंधन है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सरकारों, संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और कार्यक्रमों, बहुपक्षीय विकास बैंकों और वित्तपोषण तंत्र, निजी क्षेत्र और अकादमिक और अनुसंधान संस्थानों के बीच वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देना है।
- इसका उद्देश्य जलवायु और आपदा जोखिमों के लिये बुनियादी ढाँचे की प्रणालियों के लचीलेपन को बढ़ाना है, जिससे सतत् विकास सुनिश्चित किया जा सके।
- यह अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के बाद भारत सरकार की दूसरी प्रमुख वैश्विक पहल है, और यह जलवायु परिवर्तन और आपदा प्रबंधन के मुद्दों में भारत के नेतृत्व को दर्शाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 2019 में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन के तहत लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

138 A

व्याख्या:

1. प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि/PM SVANidhi) को आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आर्थिक प्रोत्साहन-II के एक हिस्से के रूप में घोषित किया गया था।
2. आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय (MoHUA) ने सड़क विक्रेताओं को किफायती ऋण प्रदान करने के लिये PM SVANidhi लॉन्च किया।
3. इसे 700 करोड़ रुपए के स्वीकृत बजट के साथ 1 जून, 2020 से लागू किया गया था, ताकि उन स्ट्रीट वेंडरों को उनकी आजीविका को फिर से शुरू करने के लिये किफायती कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान किया जा सके, जो कोविड-19 लॉ
4. कडाउन के कारण प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुए हैं। अत: विकल्प A सही है।

139 D

व्याख्या:

- सतत् विकास रिपोर्ट सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को प्राप्त करने की दिशा में विभिन्न देशों की प्रगति का वैश्विक मूल्यांकन है।
- यह सतत् विकास समाधान नेटवर्क (SDSN) के स्वतंत्र विशेषज्ञों के एक समूह द्वारा प्रकाशित किया गया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सतत् विकास रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत 163 देशों में से 121वें स्थान पर था। **अत: कथन 2 सही है।**
- SDG सूचकांक 2022 में फिनलैंड शीर्ष स्थान पर रहा। इसके बाद तीन नॉर्डिक देश-डेनमार्क, स्वीडन और नॉर्वे हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

140 C

व्याख्या:

- इसके तहत 89 लाख से अधिक बच्चों को पूरी तरह से प्रतिरक्षित किया जाना है जिनका सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (UIP) के तहत आंशिक रूप से टीकाकरण हुआ है या जो टीकाकरण से छूट गए हैं
- मिशन इंद्रधनुष में 12 वैक्सीन-प्रिवेंटेबल डिज़ीज़ (Vaccine-Preventable Diseases- VPD) के खिलाफ टीकाकरण शामिल है जिनमें डिफ्थीरिया (Diphtheria), काली खाँसी (Whooping Cough), टेटनस (Tetanus), पोलियो (Polio), क्षय (Tuberculosis), हेपेटाइटिस-बी (Hepatitis B), मैनिन्जाइटिस (Meningitis), निमोनिया (Pneumonia), हेमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप बी संक्रमण (Haemophilus Influenzae Type B Infections), जापानी एनसेफेलाइटिस(Japanese Encephalitis), रोटावायरस वैक्सीन (Rotavirus Vaccine), न्यूमोकोकल कंजुगेट वैक्सीन (Pneumococcal Conjugate Vaccine) और खसरा-रूबेला (Measles-Rubella) शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- हालाँकि जापानी एनसेफेलाइटिस और हीमोफिलस इन्फ्लुएंज़ा टाइप बी के खिलाफ टीकाकरण कार्यक्रम का संचालन देश के चुनिंदा ज़िलों में किया जा रहा है।
- मिशन इंद्रधनुष को भी ग्राम स्वराज अभियान और विस्तारित ग्राम स्वराज अभियान के तहत प्रमुख योजनाओं में से एक के रूप में पहचाना गया था। **अत: कथन 1 सही है।**

141 B

व्याख्या:

- विश्व व्यापार संगठन (WTO) के सदस्यों ने 2013 में बाली (इंडोनेशिया) में एक मंत्रिस्तरीय वार्ता आयोजित की जिसमें ऐतिहासिक व्यापार सुविधा समझौते (TFA) पर चर्चा की गई , जिसका समर्थन 22 फरवरी, 2017 में विश्व व्यापार संगठन के दो-तिहाई सदस्यों द्वारा किया गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारत ने वर्ष 2016 में TFA को मंज़ूरी दी थी। **अत: कथन 2 सही है।**
- TFA में माल की आवाज़ाही में तेज़ी लाने के प्रावधान शामिल हैं।
- यह व्यापार सुविधा और सीमा शुल्क अनुपालन के मुद्दों पर सीमा शुल्क और अन्य उपयुक्त अधिकारियों के बीच प्रभावी सहयोग भी निर्धारित करता है।
- इसमें तकनीकी सहायता और क्षमता निर्माण के प्रावधान भी शामिल हैं।

142 B

व्याख्या:

- विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP) जीवन को बचाने और जीवन को बदलने, आपात स्थिति में खाद्य सहायता प्रदान करने एवं पोषण में सुधार तथा लचीलापन बनाने के लिये समुदायों के साथ काम करने वाला अग्रणी मानवीय संगठन है।
- इसकी स्थापना वर्ष 1961 में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) और संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) द्वारा रोम, इटली में अपने मुख्यालय के साथ की गई थी।
- यह संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का सदस्य भी है, जो सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को पूरा करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और संगठनों का एक गठबंधन है।

नोट :

- अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने वर्ष 2030 तक भुखमरी को समाप्त करने, खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने और पोषण में सुधार करने के लिये प्रतिबद्ध किया है।
- WFP 120 से अधिक देशों और क्षेत्रों में संघर्ष के कारण विस्थापित हुए और आपदाओं के कारण निराश्रित हुए लोगों के लिये जीवन रक्षक भोजन लाने का काम करता है। **अत: विकल्प B सही है।**

143 A

व्याख्या:

- संविधान दिवस प्रतिवर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है और इसे राष्ट्रीय कानून दिवस के रूप में भी जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इस दिन वर्ष 1949 में भारत की संविधान सभा ने औपचारिक रूप से भारत के संविधान को अपनाया जो 26 जनवरी, 1950 को लागू हुआ। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - वर्ष 1934 में एम.एन. रॉय ने पहली बार संविधान सभा के विचार का प्रस्ताव रखा।
  - वर्ष 1946 में कैबिनेट मिशन योजना के तहत संविधान सभा के गठन के लिये चुनाव हुए।
  - भारत के संविधान का निर्माण संविधान सभा द्वारा किया गया।
  - संविधान के निर्माण में 2 वर्ष 11 महीने और 18 दिन का समय लगा।
  - भारतीय संविधान की मूल प्रतियाँ टाइप या मुद्रित नहीं की गई थीं। वे हस्तलिखित हैं और उन्हें संसद के पुस्तकालय में हीलियम भरे एक पेटी (case) में रखा गया है।
  - प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा ने भारत की संरचना की अनूठी प्रतियाँ लिखी थीं।
  - मूल रूप से भारत का संविधान अंग्रेज़ी और हिंदी में लिखा गया था।
  - भारतीय संविधान की मूल संरचना भारत सरकार अधिनियम, 1935 पर आधारित है।
  - भारत के संविधान में कई देशों के संविधान की विशेषताओं को अपनाया गया है।

144 B

व्याख्या:

- पेरिस समझौते (जिसे कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज 21 या COP 21 के रूप में भी जाना जाता है) को वर्ष 2015 में अपनाया गया था।
- इसने क्योटो प्रोटोकॉल का स्थान लिया जो जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिये पहले का समझौता था। **अत: कथन 1 सही है।**
- पेरिस समझौता एक वैश्विक संधि है जिसमें लगभग 200 देश, ग्रीन हाउस गैसों (GHGs) के उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन पर नियंत्रण करने के लिये सहयोग करने पर सहमत हुए हैं।
- यह पूर्व-उद्योग स्तरों की तुलना में ग्लोबल वार्मिंग को 2 डिग्री सेल्सियस से नीचे, अधिमानत: 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने का प्रयास करता है।
- कार्य:
  - पेरिस समझौता देशों द्वारा किये गए तेज़ी से महत्त्वाकाँक्षी जलवायु कार्रवाई के 5 वर्ष के चक्र पर काम करता है। वर्ष 2020 में देशों ने जलवायु कार्रवाई के लिये अपनी योजनाएँ प्रस्तुत की थीं जिन्हें राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) के रूप में जाना जाता है।
  - दीर्घकालिक रणनीतियाँ: दीर्घकालिक लक्ष्य की दिशा में प्रयासों को उचित ढंग से तैयार करने के लिये पेरिस समझौता देशों को वर्ष 2020 तक दीर्घकालिक कम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन विकास रणनीति (LT-LEDS) तैयार करने एवं प्रस्तुत करने के लिये आमंत्रित करता है।
  - दीर्घकालिक कम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन विकास रणनीतियाँ (LT-LEDS) NDC के लिये दीर्घकालिक क्षितिज प्रदान करती हैं परंतु NDC की तरह वे अनिवार्य नहीं हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।

145 C

व्याख्या:

- जनहित याचिका (PIL) मानवाधिकारों और समानता को आगे बढ़ाने या व्यापक सार्वजनिक चिंता के मुद्दों को उठाने के लिये एक व्यापक कानून है।
- "जनहित याचिका" की अवधारणा अमेरिकी न्यायशास्त्र से उधार ली गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय कानून में, PIL का अर्थ है जनहित की रक्षा के लिये याचना करना। यह न्यायालय में लगायी गई याचिका है जिसे पीड़ित पक्ष द्वारा नहीं बल्कि न्यायालय द्वारा या किसी अन्य निजी पक्ष द्वारा लगाया जाता है।
- यह न्यायिक सक्रियता के माध्यम से न्यायालयों द्वारा जनता को दी गई शक्ति है।
- इसे केवल सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय में ही दायर किया जा सकता है।
- यह रिट याचिका से अलग है, क्योंकि रिट याचिका व्यक्तियों या संस्थानों द्वारा अपने लाभ के लिये दायर की जाती है, जबकि जनहित याचिका (PIL) आम जनता के लाभ के लिये दायर की जाती है।
- PIL की अवधारणा भारत के संविधान के अनुच्छेद 39A में निहित सिद्धांतों के अनुकूल है ताकि कानून की मदद से सामाजिक न्याय की रक्षा की जा सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रदूषण, आतंकवाद, सड़क सुरक्षा, निर्माण संबंधी खतरे आदि जैसे क्षेत्रों में जनहित याचिका दायर की जा सकती है।

146 B

व्याख्या:

- वर्ष 1950 का संविधान भारत सरकार अधिनियम 1935 द्वारा शुरू की गई विरासत का उप-उत्पाद था।
- यह 321 धाराओं और 10 अनुसूचियों के साथ ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित सबसे लंबा अधिनियम था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इस अधिनियम ने चार स्रोतों से अपनी सामग्री तैयार की थी - साइमन कमीशन की रिपोर्ट, तीसरे गोलमेज सम्मेलन में चर्चा और विचार-विमर्श, वर्ष 1933 का श्वेत पत्र और संयुक्त प्रवर समितियों की रिपोर्ट।
- इस अधिनियम ने प्रांतीय द्वैध शासन प्रणाली को समाप्त कर दिया और केंद्र में द्वैध शासन की स्थापना का सुझाव दिया और 'भारत संघ' जिसमें ब्रिटिश भारत के प्रांत और अधिकांश रियासतें शामिल थीं। **अतः कथन 2 सही है।**
- सबसे महत्त्वपूर्ण बात यह है कि अधिनियम ने राज्यपाल के कार्यालय की स्थापना की; केंद्र की सभी कार्यकारी शक्तियाँ और अधिकार राज्यपाल में निहित थे। **अतः कथन 3 सही है।**

147 B

व्याख्या:

- पैंगोंग त्सो समुद्र तल से 14,000 फीट यानी 4350 मीटर से अधिक की ऊँचाई पर स्थित 135 किलोमीटर लंबी एक स्थलरुद्ध झील है।
- भारत और चीन के पास पैंगोंग त्सो झील का क्रमशः लगभग एक-तिहाई और दो-तिहाई हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- हिमनदों के पिघलने से निर्मित इस झील में चाँग चेन्मो रेंज के पहाड़ नीचे की ओर झुके हुए हैं, जिन्हें उँगलियों के रूप में संदर्भित किया जाता है।
- यह दुनिया की सबसे अधिक ऊँचाई पर स्थित झीलों में से एक है जिसका जल खारा है।
- पैंगोंग त्सो अपनी बदलती रंग क्षमता के लिये लोकप्रिय है। इसका जल नीले से हरे और फिर लाल रंग में बदल जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

148 A

व्याख्या:

- आवश्यक सेवा संरक्षण अधिनियम (ESMA), 1968 भारत के संविधान की 7वीं अनुसूची की समवर्ती सूची के तहत भारत की संसद का एक अधिनियम है। अतः कथन 2 सही नहीं है।
    - इस कानून का कार्यान्वयन पूरी तरह से राज्य सरकार के विवेक पर निर्भर करता है।
- यह सार्वजनिक परिवहन (बस सेवाओं), स्वास्थ्य सेवाओं (डॉक्टरों और अस्पतालों) जैसी कुछ सेवाओं के वितरण को सुनिश्चित करने के लिये स्थापित किया गया था।

- यदि ये सेवाएँ बाधित होती हैं तो लोगों का सामान्य जीवन प्रभावित होगा।
- ESMA अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने का पुलिस अधिकार प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

149 D

व्याख्या:

- घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005
  - इस अधिनियम में उन सभी महिलाओं को शामिल किया गया है जो साझा घर में रहने वाली माँ, बहन, पत्नी, विधवा या साथी हो सकती हैं। रिश्ता शादी या गोद लेने की प्रकृति में हो सकता है।
  - इसके अलावा संयुक्त परिवार के रूप में एक साथ रहने वाले परिवार के सदस्यों के साथ संबंध भी शामिल हैं। हालाँकि, पति या पुरुष साथी का कोई भी महिला रिश्तेदार पत्नी या महिला साथी के खिलाफ शिकायत दर्ज़ नहीं करा सकता है, उदाहरण के लि सास बहू के खिलाफ आवेदन दायर नहीं कर सकती है, लेकिन बहू द्वारा अपने बेटे को उसके खिलाफ हिंसा करने के लिये उकसाने हेतु अपनी बहू के खिलाफ आवेदन दायर कर सकती है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - कोई भी महिला जो अपराधी या किसी व्यक्ति द्वारा घरेलू हिंसा के किसी भी कृत्य के अधीन होने का आरोप लगाती है, उसकी ओर से शिकायत दर्ज करा सकती है।
  - घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत एक बच्चा भी राहत का हकदार है। ऐसे बच्चे की माँ अपने नाबालिग बच्चे (चाहे पुरुष हो या महिला) की ओर से आवेदन कर सकती है। ऐसे मामलों में जहां माँ स्वयं के लिये न्यायालय में आवेदन करती है, बच्चों को भी सह-आवेदक के रूप में जोड़ा जा सकता है।
  - यह मानते हुए कि एक महिला को कानूनी प्रक्रियाओं और समर्थन के अन्य रूपों के साथ सहायता की आवश्यकता होती है, अधिनियम संरक्षण अधिकारियों की नियुक्ति की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - अधिनियम में घरेलू घटना रिपोर्ट बनाने के प्रावधान शामिल हैं जो साक्ष्य लेने के चरण में महत्त्वपूर्ण रिकॉर्ड के रूप में काम करेंगे। **अतः कथन 2 सही है।**

150 A

व्याख्या:

- NFHS-5 राष्ट्रीय रिपोर्ट की मुख्य विशेषताएँ:
  - कुल प्रजनन दर (TFR):
    - NFHS-4 और NFHS-5 के मध्य राष्ट्रीय स्तर पर कुल प्रजनन दर (TFR) 2.2 से घटकर 2.0 हो गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - भारत में केवल पाँच राज्य हैं जो 2.1 प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तर से ऊपर हैं। ये राज्य हैं- बिहार, मेघालय, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मणिपुर।
  - उच्चतम और निम्नतम प्रजनन दर:
    - देश में बिहार और मेघालय में प्रजनन दर सबसे अधिक,है, जबकि सिक्किम व अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में सबसे कम है। अतः कथन 2 सही है लेकिन कथन 3 सही नहीं है।
  - क्षेत्रवार:
    - ग्रामीण क्षेत्रों में कुल प्रजनन दर वर्ष 1992-93 के प्रति महिला 3.7 बच्चों से घटकर वर्ष 2019-21 में 2.1 बच्चे हो गई है।
    - जबकि शहरी क्षेत्रों की महिलाओं में कुल प्रजनन दर वर्ष 1992-93 के 2.7 बच्चों से वर्ष 2019-21 में 1.6 बच्चे हो गई।
  - समुदायवार:

- पिछले दो दशकों में सभी धार्मिक समुदायों में मुसलमानों की प्रजनन दर में सबसे तेज़ गिरावट देखी गई है।

151 B

व्याख्या:

- कॉलेजियम प्रणाली वह विधि है जिसके माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति और स्थानांतरण की प्रक्रिया संपन्न की जाती है। कॉलेजियम प्रणाली का प्रावधान संविधान में नहीं किया गया है, न ही इसकी उत्पत्ति संसद द्वारा प्रख्यापित किसी विशिष्ट कानून से हुई है, बल्कि यह सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न निर्णयों के माध्यम से समय के साथ विकसित हुई है।
- सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम एक पाँच सदस्यीय निकाय है, जिसका नेतृत्त्व वर्तमान भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) करते हैं, जबकि सर्वोच्च न्यायालय के चार अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश इसमें शामिल होते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- उच्च न्यायलय कॉलेजियम का नेतृत्त्व उच्च न्यायालय के पदग्राही मुख्य न्यायाधीश और उस न्यायालय के दो अन्य वरिष्ठतम न्यायाधीश करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- कॉलेजियम की पसंद या चयन के बारे में सरकार आपत्ति कर सकती है और स्पष्टीकरण भी मांग सकती है, लेकिन अगर कॉलेजियम पुन: उन्हीं नामों की अनुशंसा करे तो सरकार उन्हें ही न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त करने के लिये बाध्य है।

152 C

व्याख्या:

- पोषक अनाज सामूहिक शब्द है जो कई छोटे-बीज वाले फसलों कों संदर्भित करता है, जिसकी खाद्य फसल के रूप में मुख्य रूप से समशीतोष्ण, उपोष्णकटिबंधीय और उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों व शुष्क क्षेत्रों में सीमांत भूमि पर खेती की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत में उपलब्ध कुछ सामान्य फसलों में बाजरा रागी (फिंगर मिलेट), ज्वार (सोरघम), समा (छोटा बाजरा), बाजरा (मोती बाजरा) और वरिगा (प्रोसो मिलेट) शामिल हैं।
- इन अनाजों के प्रमाण सबसे पहले सिंधु सभ्यता में पाए गए और ये भोजन के लिये उगाए गए पहले पौधों में से थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह लगभग 131 देशों में उगाया जाता है और एशिया एवं अफ्रीका में लगभग 60 करोड़ लोगों का पारंपरिक भोजन है।
- दुनिया में भारत, नाइजीरिया और चीन, बाजरा के सबसे बड़े उत्पादक हैं, जो वैश्विक उत्पादन के 55% से अधिक हैं।
- प्रमुख उत्पादकों में राजस्थान, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात और हरियाणा शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

153 D

व्याख्या:

- संसद ने किशोर अपराध कानून और किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2000 को बदलने के लिये किशोर न्याय (बालकों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, 2015 को पारित किया था।
- यह अधिनियम जघन्य अपराधों में संलिप्त 16-18 वर्ष की आयु के बीच के किशोरों (जुवेनाइल) के ऊपर बालिगों के समान मुकदमा चलाने की अनुमति देता है।
- इस अधिनियम में गोद लेने के लिये माता-पिता की योग्यता और गोद लेने की पद्धति को शामिल किया गया है। अधिनियम ने हिंदू दत्तक ग्रहण व रखरखाव अधिनियम (1956) और वार्ड के संरक्षक अधिनियम (1890) को अधिक सार्वभौमिक रूप से सुलभ दत्तक कानून के साथ बदल दिया। **अतः कथन 1 सही है।**
- अधिनियम गोद लेने से संबंधित मामलों के लिये केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (Central Adoption Resource Authority-CARA) को वैधानिक निकाय बनाता है, यह भारतीय अनाथ बच्चों के पालन-पोषण, देखभाल एवं उन्हें गोद देने के लिये एक नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- बाल देखभाल संस्थान (CCI):
  - सभी बाल देखभाल संस्थान, चाहे वे राज्य सरकार अथवा स्वैच्छिक या गैर-सरकारी संगठनों द्वारा संचालित हों, अधिनियम के लागू होने की तारीख से 6 महीने के भीतर अधिनियम के तहत अनिवार्य रूप से पंजीकृत होने चाहिये।

154 A

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र द्वारा अंगीकृत दिव्यांगजनों के अधिकारों पर अभिसमय (CRPD), 2006 की प्रस्तावना में दिव्यांगता को इस रूप में वर्णित किया गया है: ''दिव्यांगता दिव्यांगजनों और व्यवहारगत एवं पर्यावरणीय बाधाओं के बीच अंत:क्रिया उत्पन्न होती है जो अन्य व्यक्तियों के साथ समान आधार पर समाज में उनकी पूर्ण एवं प्रभावी भागीदारी को अवरुद्ध करती है।''
  - भारत ने दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय पर हस्ताक्षर किया था और फिर 1 अक्टूबर, 2007 को इसकी पुष्टि भी की।
  - संसद ने UNCRPD के तहत दायित्वों को पूरा करने के उद्देश्य से दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 को अधिनियमित किया। **अत: कथन 1 सही है।**
- राज्य नीति के निदेशक सिद्धांत: भारत के संविधान के अनुच्छेद 41 में घोषणा की गई है कि राज्य अपनी आर्थिक सामर्थ्य और विकास की सीमाओं के भीतर काम पाने के, शिक्षा पाने के और बेकारी, बुढ़ापा, बीमारी और नि:शक्तता तथा अन्य अनर्ह अभाव की दशाओं में लोक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त कराने का प्रभावी उपबंध करेगा। **अत: कथन 2 सही है।**
- संविधान की सातवीं अनुसूची की राज्य सूची में 'दिव्यांगजनों और बेरोज़गारों को राहत' का विषय निर्दिष्ट है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

155 D

व्याख्या:

- ऊर्जा मंत्रालय ने भारत के ऊर्जा संरक्षण प्रयासों को और बढ़ावा देने के लिये ऊर्जा संरक्षण- किफायती और टिकाऊ घरों के लिये नया भारतीय तरीका (ECO निवास) संहिता 2018, आवासीय भवनों के लिये एक ऊर्जा संरक्षण बिल्डिंग कोड (ECBC-R) लॉन्च किया है।
- इस संहिता को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2018 के अवसर पर लॉन्च किया गया था जो प्रतिवर्ष 14 दिसंबर को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा मनाया जाता है।
  - हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (HVAC) सिस्टम, आंतरिक और बाहरी प्रकाश व्यवस्था, विद्युत प्रणाली और नवीकरणीय ऊर्जा इस संहिता के मुख्य विषय हैं।
  - यह भारत में मौजूद पाँच जलवायु क्षेत्रों (गर्म शुष्क, गर्म आर्द्र, शीतोष्ण, मिश्रित और शीत) का भी ध्यान रखता है।
  - हालाँकि, यह केवल इमारतों की ऊर्जा दक्षता को संबोधित करता है। जल और अन्य पहलू इसके अंतर्गत नहीं आते हैं। अत: विकल्प D सही है।

156 C

व्याख्या:

- राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति:
  - सार्वजनिक सेवाओं का बड़े पैमाने पर डिजिटलीकरण: सभी डिजिटलीकरण पहलों में डिज़ाइन के शुरुआती चरणों में ही सुरक्षा पर ध्यान देना।
  - आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा: एकीकृत सर्किट (ICT) और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला की निगरानी और मानचित्रण।
  - महत्त्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण: पर्यवेक्षी नियंत्रण और डेटा अधिग्रहण (SCADA) सुरक्षा को एकीकृत करना
  - डिजिटल भुगतान: तैनात उपकरणों और प्लेटफार्मों की मैपिंग तथा मॉडलिंग, आपूर्ति श्रृंखला, लेनदेन करने वाली संस्थाएँ, भुगतान प्रवाह, इंटरफेस एवं डेटा एक्सचेंज को मज़बूती प्रदान करना।**अत: कथन 2 सही है।**
  - राज्य स्तरीय साइबर सुरक्षा: राज्य स्तरीय साइबर सुरक्षा नीतियाँ विकसित करना। **अत: कथन 1 सही है।**
  - छोटे और मध्यम व्यवसायों की सुरक्षा: साइबर सुरक्षा तैयारियों के उच्च स्तर के प्रोत्साहन देने के लिये साइबर सुरक्षा में नीतिगत हस्तक्षेप।

157 B

व्याख्या:

- ग्लोबल शील्ड फंड:
  - CoP27 में G7 देशों द्वारा गरीब देशों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का सामना करने में मदद करने के लिये ग्लोबल शील्ड नामक एक नई वित्त पोषण पहल शुरू की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह जलवायु- संवेदनशील देशों के V20 समूह द्वारा समर्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - G7 अध्यक्ष जर्मनी द्वारा समन्वित ग्लोबल शील्ड का उद्देश्य जलवायु-संवेदनशील देशों को बाढ़ या सूखे के बाद बीमा और आपदा सुरक्षा निधि तक त्वरित पहुँच प्रदान करना है।
  - इसे जलवायु जोखिम वित्त और तैयारियों को एक साथ लाने के लिये 58 जलवायु-संवेदनशील अर्थव्यवस्थाओं के सहयोग से विकसित किया जा रहा है।
  - शुरुआत में इसे ज़्यादातर जर्मनी से वित्त पोषण मिलेगी।

158 A

व्याख्या:

- वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक एक प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संसाधन है जो 100 से अधिक विकासशील देशों में तीव्र बहुआयामी गरीबी को मापता है।
- इसे पहली बार वर्ष 2010 में ऑक्सफोर्ड पॉवर्टी एंड ह्यूमन डेवलपमेंट इनिशिएटिव (OPHI) और UNDP के मानव विकास रिपोर्ट कार्यालय द्वारा लॉन्च किया गया था।
- MPI स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर के विभिन्न 10 संकेतकों में अभावों का निरीक्षण करता है जिसमे गरीबी और इसकी तीव्रता दोनों शामिल हैं।




- MPI संकेतक और आयाम:
- कोई भी व्यक्ति बहुआयामी रूप से गरीब है यदि वह भारित संकेतकों (दस संकेतकों में से) के एक तिहाई या अधिक (अर्थात् 33% या अधिक) से वंचित है। जो लोग आधे या अधिक भारित संकेतकों से वंचित हैं, उन्हें अत्यधिक बहुआयामी गरीबी में रहने वाले माना जाता है। अतः विकल्प A सही है।

159 D

व्याख्या:

- धारा सरसों हाइब्रिड (DMH-11) एक स्वदेशी रूप से विकसित ट्रांसजेनिक सरसों है। यह हर्बिसाइड टॉलरेंट (HT) सरसों का आनुवंशिक तौर पर संशोधित रूप है।
- इसमें दो एलियन जीन ('बार्नेज' और 'बारस्टार') होते हैं जो बैसिलस एमाइलोलिफेशियन्स नामक मिट्टी के जीवाणु से आइसोलेट होते हैं जो उच्च उपज वाली वाणिज्यिक सरसों की संकर प्रजाति विकसित करने में सहायक है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- इसे दिल्ली विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर जेनेटिक मैनिपुलेशन ऑफ क्रॉप प्लांट्स (CGMCP) द्वारा विकसित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 2017 में GEAC ने HT सरसों की फसल के वाणिज्यिक अनुमोदन की सिफारिश की थी। हालाँकि सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर रोक लगा दी और केंद्र सरकार से इस संदर्भ में जनता की राय लेने को कहा।
- महत्त्व: भारत प्रतिवर्ष केवल 8.5-9 मिलियन टन (mt) खाद्य तेल का उत्पादन करता है जबकि यह 14-14.5 मिलियन टन आयात करता है जिसमें 31 मार्च, 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में 18.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड विदेशी मुद्रा व्यय किया गया। इसके अलावा जीएम सरसों भारत को तेल उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने और विदेशी मुद्रा बचाने में सहायक होगी।
- भारत में सरसों की किस्मों का आनुवंशिक आधार संकीर्ण है। 'बार्नेज'-बारस्टार प्रणाली पूर्वी यूरोपीय मूल की सरसों जैसे 'हीरा' और 'डोंस्काजा' सहित सरसों की किस्मों की एक विस्तृत श्रृंखला का मार्ग प्रशस्त करती है।

160 C

व्याख्या:

- संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) संयुक्त राष्ट्र प्रणाली के भीतर एक अंतर-सरकारी निकाय है, जो दुनिया भर में मानवाधिकारों के प्रचार और संरक्षण को मज़बूत करने और मानवाधिकारों के उल्लंघन की स्थितियों को संबोधित करने एवं उन पर सिफारिशें करने के लिये ज़िम्मेदार है।
- इसमें सभी विषयगत मानवाधिकार मुद्दों और स्थितियों पर चर्चा करने की क्षमता है जिन्हें पूरे वर्ष इसके ध्यान की आवश्यकता होती है।
- ये जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में प्रत्येक वर्ष बैठक करते है।
- परिषद 47 संयुक्त राष्ट्र सदस्य राज्यों से बना है जो संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा चुने जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- मानवाधिकार परिषद ने मानवाधिकारों पर पूर्व संयुक्त राष्ट्र आयोग की जगह ली। **अतः कथन 2 सही है।**

161 A

व्याख्या:

- भारत अंतर्राष्ट्रीय चेरी ब्लॉसम महोत्सव
  - शिलॉन्ग के चेरी ब्लॉसम महोत्सव में कई फैशन शो, संगीत कार्यक्रम, सौंदर्य प्रतियोगिता, डिस्को, मार्शल आर्ट, जापानी कॉसप्ले और गोल्फ टूर्नामेंट शामिल हैं। भारत में जापान के दूतावास द्वारा आयोजित कुछ जापानी सांस्कृतिक कार्यक्रम और स्टॉल भी हैं।
  - मेघालय राज्य अपनी जैव विविधता के लिये प्रसिद्ध है, जिसमें जीवों की 5,538 प्रजातियों और फूलों के पौधों की 3,128 प्रजातियाँ पाई जाती है, जो भारत के फूलों का लगभग 18% है। चेरी ब्लॉसम महोत्सव में क्षेत्र के भोजन, शराब और शिल्प एवं मेघालय के स्वदेशी खेलों का प्रदर्शन किया जाता है। अत: विकल्प A सही है।

162 B

व्याख्या:

- बौद्धिक संपदा अधिकार का व्यापारिक पहलू (TRIPS) समझौता वर्ष 1995 में विश्व व्यापार सम्मलेन( WTO) में लागू हुआ था। इसके लिये इसके सभी हस्ताक्षरकर्त्ता देशों को घरेलू कानून लागू करने की आवश्यकता होती है।
- यह बौद्धिक संपदा संरक्षण के न्यूनतम मानकों की गारंटी देता है।
- इस तरह की कानूनी स्थिरता नवप्रवर्तकों को कई देशों में अपनी बौद्धिक संपदा का मुद्रीकरण करने में सक्षम बनाती है।
- वर्ष 2001 में WTO ने दोहा घोषणा पर हस्ताक्षर किये, जिसके तहत स्पष्ट किया गया कि एक सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी आपातकाल में, सरकारें कंपनियों को निर्माताओं को अपने पेटेंट का लाइसेंस देने के लिये बाध्य कर सकती हैं जिसमे प्रस्तावित मूल्य की स्वीकृति की कोई ज़िम्मेदारी नहीं थी।
- यह प्रावधान, जिसे आमतौर पर "अनिवार्य लाइसेंसिंग" कहा जाता है, पहले से ही ट्रिप्स समझौते में इसका प्रावधान था और दोहा घोषणा ने केवल इसके उपयोग को स्पष्ट किया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- वर्ष 1970 के भारतीय पेटेंट अधिनियम की धारा 92 के तहत, केंद्र सरकार के पास राष्ट्रीय आपातकाल या अत्यधिक तात्कालिकता की स्थिति में किसी भी समय अनिवार्य लाइसेंस जारी करने की अनुमति देने की शक्ति है। **अतः कथन 2 सही है।**

163 B

व्याख्या:

- SEBI भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के प्रावधानों के अनुसार 12 अप्रैल, 1992 को स्थापित एक वैधानिक निकाय है।
  - प्रतिभूति उद्योग में 'निपटान अवधि' का आशय व्यापार की तारीख (जब बाज़ार में आदेश निष्पादित किया जाता है) और निपटान तिथि (जब व्यापार को अंतिम रूप दिया जाता है) के बीच के समय से होता है।
    - निपटान अवधि के अंतिम दिन खरीदार प्रतिभूति का धारक बन जाता है।
  - यदि स्टॉक एक्सचेंज 'स्क्रिप' के लिये 'T+1' निपटान प्रणाली का विकल्प चुनता है, तो उसे अनिवार्य रूप से न्यूनतम 6 महीने तक इसे जारी रखना होगा।
  - 'स्क्रिप' कानूनी निविदा का एक विकल्प है, जो धारक को बदले में कुछ प्राप्त करने का अधिकार देता है।
  - इसके बाद यदि वह 'T+2' प्रणाली पर वापस जाना चाहता है, तो बाज़ार को एक माह का अग्रिम नोटिस देकर ऐसा कर सकता है। कोई भी ट्रांज़िशन ('T+1' से 'T+2' या इसके विपरीत) न्यूनतम अवधि के अधीन होगा।
  - 'T+1' बनाम 'T+2' प्रणाली
    - 'T+2' प्रणाली के तहत यदि कोई निवेशक शेयर बेचता है, तो व्यापार का निपटान आगामी दो कार्य दिवसों (T+2) के भीतर होता है और व्यापार को संभालने वाले मध्यस्थों को तीसरे दिन पैसा मिलता है तथा वह निवेशक के खाते में चौथे दिन पैसे हस्तांतरित करेगा। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - अतः इस प्रणाली में निवेशक को तीन दिन बाद पैसा मिलता है।
    - 'T+1' प्रणाली में व्यापार का निपटान एक ही कार्य दिवस में हो जाता है और निवेशक को अगले दिन पैसा मिल जाएगा। **अतः कथन 2 सही है।**
    - 'T+1' प्रणाली में हस्तांतरण हेतु बाज़ार सहभागियों को व्यापक पैमाने पर परिचालन या तकनीकी परिवर्तनों की आवश्यकता नहीं होगी और न ही यह विखंडन या निकासी अथवा निपटान पारिस्थितिकी तंत्र के लिये जोखिम का कारण बनेगा।

164 A

व्याख्या:

- विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999
  - भारत में विदेशी मुद्रा लेन-देन के प्रशासन के लिये कानूनी ढाँचा विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 द्वारा प्रदान किया गया है।
  - FEMA जो कि 1 जून, 2000 से प्रभावी हुआ, के तहत विदेशी मुद्रा से जुड़े सभी लेन-देन को पूंजी या चालू खाता लेन-देन के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - चालू खाता लेन-देन : निवासी द्वारा किये गए सभी लेन-देन जिनके कारण उसकी संपत्ति या देनदारियों (भारत के बाहर आकस्मिक देनदारियों सहित) में कोई परिवर्तन न हो, को चालू खाता लेन-देन के अंतर्गत रखा जाता है।
  - उदाहरणार्थ- विदेशी व्यापार के संबंध में भुगतान, विदेश यात्रा, शिक्षा आदि के संबंध में व्यय।
    - पूंजी खाता लेन-देन: इसमें वे लेन-देन शामिल हैं जो भारत के निवासी द्वारा किये जाते हैं जिससे भारत के बाहर उसकी परिसंपत्ति या देनदारियाँ बदल जाती हैं (या तो बढ़ जाती है या घट जाती है)। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - उदाहरण: विदेशी प्रतिभूतियों में निवेश, भारत के बाहर अचल संपत्ति का अधिग्रहण आदि।

165 C

व्याख्या:

- आठवीं अनुसूची में भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं को सूचीबद्ध किया गया है। भारतीय संविधान के भाग XVII में अनुच्छेद 343 से 351 तक शामिल अनुच्छेद आधिकारिक भाषाओं से संबंधित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**

**नोट :**

- आठवीं अनुसूची से संबंधित संवैधानिक प्रावधान हैं:
- अनुच्छेद 344: अनुच्छेद 344(1) संविधान के प्रारंभ से पाँच वर्ष की समाप्ति पर राष्ट्रपति द्वारा एक आयोग के गठन का प्रावधान करता है।
- अनुच्छेद 351: यह हिंदी भाषा को विकसित करने के लिये इसके प्रसार का प्रावधान करता है ताकि यह भारत की मिश्रित संस्कृति के सभी तत्त्वों के लिये अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में कार्य कर सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि यह ध्यान देने योग्य है कि किसी भी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने के लिये कोई निश्चित मानदंड निर्धारित नहीं है।

166 A

व्याख्या:

- विभिन्न कोविड -19 वैक्सीन हैं:
  - कॉर्बवैक्स भारत का स्वदेशी इंट्रानेसल कोविड-19 वैक्सीन है जो SARS-CoV-2 वायरस की सतह पर स्पाइक प्रोटीन के एक विशिष्ट हिस्से से बना है।
  - mRNA टीके (फाइज़र और मॉडर्ना) से बने है।
  - वायरल वेक्टर वैक्सीन (कोविशील्ड और स्पुतनिक V)
  - निष्क्रिय वैक्सीन (कोवैक्सीन, सिनोवैक-कोरोनावैक और सिनोफार्म के वेरो सेल)। अत: विकल्प A सही है।

167 B

व्याख्या:

- कान्हा राष्ट्रीय उद्यान
  - मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान दो ज़िलों-मंडला और बालाघाट में फैले सतपुड़ा की मैकाल पहाड़ियों में स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - 940 वर्ग किमी. के विस्तार के साथ इसे भारत में सर्वश्रेष्ठ प्रशासित और प्रबंधित वन्यजीव राष्ट्रीय उद्यानों में से एक माना जाता है।
  - विशेषताएँ:
    - जीव-जंतु:
- मध्य प्रदेश का राजकीय पशु- हार्ड ग्राउंड बारहसिंगा या स्वैम्प डियर (Swamp deer or Rucervus duvaucelii) विशेष रूप से कान्हा टाइगर रिज़र्व में पाया जाता है।
- अन्य प्रजातियों में टाइगर, तेंदुआ, भालू, गौर और भारतीय अज़गर आदि शामिल हैं।
    - पेड़-पौधे:
- यह अपने सदाबहार साल के जंगलों (शोरिया रोबस्टा) के लिये जाना जाता है।
  - यह भारत में आधिकारिक शुभंकर, "भूरसिंह द बारहसिंगा" (Bhoorsingh the Barasingha) वाला पहला टाइगर रिज़र्व है।

168 B

- पहली पीढ़ी के जैव ईंधन:
  - ये खाद्य स्रोतों जैसे कि चीनी, स्टार्च, वनस्पति तेल या पशु वसा से पारंपरिक तकनीक का उपयोग करके बनाए जाते हैं ।
  - सामान्य रूप से पहली पीढ़ी के जैव ईंधन में बायो अल्कोहल, बायोडीज़ल, वनस्पति तेल, बायोएथर्स, बायोगैस आदि शामिल हैं ।
- दूसरी पीढ़ी के जैव ईंधन:
  - ये गैर-खाद्य फसलों या खाद्य फसलों के कुछ हिस्सों से उत्पन्न होते हैं जो खाद्य अपशिष्ट के रूप में माने जाते हैं, जैसे: डंठल, भूसी, लकड़ी के टुकड़े और फलों के छिलके और गुद्दे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - ऐसे ईंधन के उत्पादन के लिये थर्मोकेमिकल अभिक्रियाओं या जैव रासायनिक रूपांतरण प्रक्रियाओं का उपयोग किया जाता है।
  - उदाहरण: सेल्यूलोज़ इथेनॉल और बायोडीज़ल।
- तीसरी पीढ़ी के जैव ईंधन:
  - ये शैवाल जैसे सूक्ष्म जीवों से उत्पन्न होते हैं।

नोट :

- उदाहरण: ब्यूटेनॉल (Butanol)
- शैवाल जैसे सूक्ष्म जीवों को खाद्य उत्पादन के लिये अनुपयुक्त भूमि और जल से उगाया जा सकता है, इससे घटते जल स्रोतों पर दबाव को कम किया जा सकता है।

- चौथी पीढ़ी के जैव ईंधन:
  - इन ईंधनों के उत्पादन के लिये उन फसलों को चुना जाता है जिनमें आनुवंशिक रूप से अधिक मात्रा में कार्बन अभिनियांत्रित होते हैं, उन्हें बायोमास के रूप में उगाया और काटा जाता है ।
  - उसके बाद फसलों को दूसरी पीढ़ी की तकनीकों का उपयोग करके ईंधन में परिवर्तित किया जाता है।
  - ईंधन का पूर्व दहन करके कार्बन का पता लगाया जाता है। तब कार्बन भू-अनुक्रमित होता है, जिसका अर्थ है कि कार्बन कच्चे तेल या गैसीय क्षेत्र में या अनुपयुक्त पानी के खेतों में जमा हो जाता है।
  - इनमें से कुछ ईंधन को कार्बन नकारात्मक माना जाता है क्योंकि उनका उत्पादन पर्यावरण से कार्बन की मात्रा को नष्ट करता है।
- बायोगैस का निर्माण मानव और पशु मल जैसे कार्बनिक पदार्थों के अवायवीय अपघटन के माध्यम से होता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - बायोगैस में प्रमुख रूप से मीथेन और कार्बन डाइऑक्साइड होता हैं, हालाँकि इसमें हाइड्रोजन सल्फाइड, हाइड्रोजन, कार्बन मोनोऑक्साइड और सिलोक्सेन के छोटे अनुपात भी होते हैं।
  - यह आमतौर पर हीटिंग, बिजली और ऑटोमोबाइल के लिये उपयोग किया जाता है।

169 D

व्याख्या:

- कई विकासशील देशों और विशेष रूप से सबसे कम विकसित देशों में "युवा उभार (Youth bulge)" एक आम घटना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अक्सर विकास का एक चरण होता है जहाँ एक देश शिशु मृत्यु दर को तो कम करने में सफलता प्राप्त करता है, लेकिन माताओं में अभी भी उच्च प्रजनन दर बनी होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - नतीजा यह है कि आबादी का एक बड़ा हिस्सा बच्चों और युवा वयस्कों से मिलकर बनता है और आज के बच्चे कल के युवा वयस्क हैं।
- भारत में जनसांख्यिकीय लाभांश के लिये अवसर मौजूद हैं, जहाँ "युवा उभार (Youth bulge)" देखा गया है। हालाँकि युवाओं को शिक्षा तक पहुँच, लाभकारी रोज़गार, लैंगिक असमानता, बाल विवाह, युवाओं के अनुकूल स्वास्थ्य सेवाओं और किशोर गर्भावस्था जैसी विभिन्न विकास चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

नोट :